रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 08 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-286 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### केजरीवाल की जमानत याचिका पर 14 जून तक टली सुनवाई



**नयी दिल्ली।** दिल्ली अबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर विशेष अदालत में सुनवाई 14 जून के लिए स्थगित कर दी गई। राउज एवेन्यू स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मामलों से संबंधित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन के अनुरोध पर गौर करते हुए सुनवाई स्थगित करने का आदेश पारित किया। हरिहरन ने अदालत के समक्ष दावा करते हुए कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर 182 पन्नों का जवाब उन्हें आज (सात जून को) मिला है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा

**नयी दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू और आयुष मंत्रालय सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने यहां बताया कि आगामी 21 जून को मनायें जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### आरबीआई के ब्याज दर यथावत रखने से शेयर बाज़ार नये शिखर पर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर को लगातार आठवीं बार यथावत रखने से निर्णय से ऑटो, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और रियल्टी समेत दर संवेदनशील समूहों में ज़बरदस्त लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार नये शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1618.85 अंक अर्थात 2.16 प्रतिशत की छलांग लगाकर सार्वकालिक उच्चतम स्तर 76,693.36 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 468.75 अंक यानी 2.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,290.15 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.28 प्रतिशत उछलकर 44,111.44 अंक और स्मॉलकैप 2.18 प्रतिशत मजबूत होकर 48,731.55 अंक हो गया।

# राजग ने राष्ट्रपति मुर्मु से मिलकर केन्द्र में सरकार बनाने का दावा पेश किया

पायनियर संवाददाता ᐸ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का सर्वसम्मति से नेता चुने जाने के बाद गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिलकर केन्द्र में सरकार बनाने का दावा पेश किया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, तेलुगु देशम पार्टी , जनता दल (यू) तथा गठबंधन के अन्य दलों के नेताओं ने मुर्मु को केन्द्र में मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने का दावा पेश करने से संबंधित पत्र सौंपा। उल्लेखनीय है कि मोदी को इससे पहले राजग संसदीय दल की बैठक में सर्वसम्मति से गठबंधन संसदीय दल का नेता चुना गया। संभावना है कि राष्ट्रपति मोदी को सरकार बनाने के लिए शाम तक निमंत्रण पत्र दे सकती हैं।



मोदी तथा नयी मंत्रिपरिषद के कुछ सदस्यों के रविवार शाम को शपथ लेने की संभावना है। लोकसभा चुनाव में राजग ने 293 सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार बहुमत हासिल किया है। वर्ष 1962 (पंडित जवाहर लाल नेहरू) के बाद यह पहला अवसर है जब कोई नेता दो कार्यकाल पूरे करने के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेगा।

### मोदी को राष्ट्रपति से मिली नियुक्ति चिट्ठी , रविवार शाम को लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद की नियुक्ति का पत्र शुक्रवार शाम को सौंप दिया और उन्हें नयी मंत्रिपरिषद के लिए नामों की सूची भेजने के लिए कहा। मोदी शाम छह बजे राष्ट्रपति भवन पहुंचे और राष्ट्रपति से मुलाकात की। बाद में उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है और मंत्रिपरिषद की सूची देने को कहा है । उन्होंने कहा , ' मैंने राष्ट्रपति को बताया है कि हमें शपथ ग्रहण समारोह के लिए रविवार शाम छह बजे का समय सुविधाजनक रहेगा।' उन्होंने कहा कि उस समय तक मंत्रिपरिषद के सदस्यों की सूची भी राष्ट्रपति को भेज दी जायेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि दस वर्ष तक सरकार चलाने का उनका और उनकी टीम के अनुभव का अब देश को अगले पांच वर्ष तक पूरा लाभ मिलेगा और सरकार तेजी से काम करेगी। उन्होंने कहा,' 2014 में मैं नया था, अब अनुभव मिला है। भारत की जो वैश्विक छवि बनी है उसका अधिकतम लाभ अब शुरू होगा। '

### नयी सरकार पहले से तेज गति से देश के विकास के लिए काम करेगी : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन संसदीय दल का नेता चुने जाने पर गठबंधन के नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि वह नए दायित्व को पूरा करेंगे और नयी सरकार पहले से तेज गति से देश के विकास के लिए काम करेगी। लोकसभा के लिए नवनिर्वाचित राजग के सदस्यों और घटक दलों के प्रमुख नेताओं की संविधान सदन में आयोजित बैठक में मोदी को सर्वसम्मति से राजग नेता के लिए लगातार तीसरे बार चुना गया। इस दौरान मोदी ने 18वीं लोकसभा के चुनाव में राजग की सफलता को महासफलता करार दिया और राजग गठबंधन को अब तक का सबसे सफल गठबंधन बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने चुनाव के दौरान देश में लोगों को बांटने का प्रयास किया और मतदान खत्म होने और नतीजे आने के बाद निराधार बातें फैलाकर देश में आग लगाने का वातावरण बनाने का प्रयास दिया। उन्होंने जीत के बाद पिछले चार दिन के दौरान राजग के सदस्यों के आचरण की सराहना की और कहा, हम जीत का पचाना जानते हैं। हमारे संस्कार में है कि हम हारे हुए का उपहास नहीं करते हैं। मोदी ने इस जीत का श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत को देते हुए कहा, पार्टी के लिए लाखों ने भीषण गर्मी के दौरान जिस तरह से दिन-रात काम किया और इसके लिए मैं उनको कोटि-कोटि नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि राजग कोई सरकार बनाने या सरकार चलाने के लिए कुछ दलों का जमावड़ा नहीं है। इस दौरान उन्होंने एनडीए (राजग) की नयी परिभाषा दी और कहा, एनडीए का मतलब न्यू इंडिया (नया भारत) डेवल्प इंडिया (विकसित भारत) और एस्पिरेशनल इंडिया (आकांक्षी भारत) है।

## सड़क दुर्घटना और बारूद फैक्ट्री ब्लास्ट में मृतकों एवं घायलों को स्वेच्छानुदान से मंजूर की गई राशि

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कबीरधाम जिले के विकास पंडरिया के ग्राम बाहपानी में 20 मई को हुई दुःखद सड़क दुर्घटना एवं बेमेतरा जिले की भिंभौरी तहसील के ग्राम पिरदा में 25 मई को स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में मृतकों के परिजनों तथा घायलों सहित 51 अनुदानग्रहिताओं को अपने स्वेच्छानुदान मद से कुल 01 करोड़ 51 लाख 50 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है। मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए तथा घायलों को 50-50 हजार रूपए के मान से सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कबीरधाम जिले के ग्राम बाहपानी की सड़क दुर्घटना में 19 मृतकों के परिजनों को 5 लाख रूपए के मान से 95 लाख रूपए तथा इस घटना में 16 घायलों को 50-50 हजार रूपए के मान से कुल 8 लाख रूपए की राशि मुख्यमंत्री साय द्वारा स्वेच्छानुदान मद से मंजूर की गई है। इसी प्रकार बेमेतरा जिले के ग्राम पिरदा की स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में 25 मई को हुए ब्लास्ट में एक मृतक एवं 8 लापता व्यक्तियों के परिजनों को 5 लाख रूपए के मान से कुल 45 लाख रूपए की आर्थिक सहायता तथा इसी घटना में 7 घायलों को 50 हजार रूपए के मान से कुल 3 लाख 50 हजार रूपए की सहायता राशि की मंजूरी मुख्यमंत्री ने दी है।

## हटाए गए कांकेर कलेक्टर, क्षीरसागर बने नए कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com






राज्य सरकार ने कांकेर कलेक्टर अभिजीत सिंह को हटाकर निलेश महादेव क्षीरसागर को कलेक्टर बनाया है। दरअसल में अभिजीत सिंह को लेकर नाराजगी थी। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद कुछ जिलों के कलेक्टर और एसपी बदले जाएंगे, लेकिन एक ही कलेक्टर का तबादला किया जाना नए सवालों को जन्म दे रहा है। कुछ लोगों का मानना यह भी है कि कांकेर लोकसभा चुनाव के मतगणना के दौरान पोस्टल बैलेट की गिनती को लेकर हुई देरी से राज्य सरकार अभिजीत के ऊपर नाराज थी। कांकेर सीट में मुकाबला कांटे का था। ईवीएम की गिनती के बाद हार जीत का अंतर बहुत कम था। ऐसे में सभी की निगाहें पोस्टल बैलट की गिनती पर थी। उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद भी पोस्टल बैलट की गिनती में बहुत देर की जा रही थी। इसी वजह से सरकार और कुछ बड़े अधिकारी कलेक्टर से नाराज हो गए थे। जैसे ही आचार संहिता हटी वैसे ही मंत्रालय से तबादला आदेश जारी कर अभिजीत सिंह को हटा दिया और उन्हें मंत्रालय शिफ्ट कर दिया गया। बहरहाल वास्तविक कारण क्या है इसका खुलासा नहीं हो सका है।

### पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा- सभी तैयार रहें सालभर के भीतर हो सकते हैं मध्यावधि चुनाव

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं को तैयार रहने की अपील की है। भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा है,



कार्यकर्ता साथी तैयार रहें। 6 महीने, 1 साल के भीतर मध्यावधि चुनाव हो सकते हैं। भूपेश बघेल ने आगे लिखा है कि फड़नवीस इस्तीफा दे रहे हैं। योगी जी की कुर्सी डोल रही है। भजनलाल शर्मा भी डगमग-डगमग कर रहे हैं। सरकार बनी नहीं है, लेकिन जदयू प्रवक्ता अग्निवीर योजना रद्द करने और जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं। ये सब वो मुद्दे हैं, जिसे राहुल गांधी लेकर चले हैं। भूपेश के इस बयान के बाद भाजपा ने भी पलटवार किया है।

## नीट परीक्षा में धांधली की व्यापक जांच करें सरकार : खडगे-प्रियंका

पायनियर संवाददाता ᐸ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा का पेपर लीक हुआ है और परीक्षा परिणाम में जबरदस्त धांधली हुई है जिससे असंख्य बच्चों का भविष्य दांव पर लग गया है इसलिए इस मामले की जांच कराई जानी चाहिए। खडगे ने कहा पेपर लीक, धांधली और भ्रष्टाचार नीट समेत कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गई हैं। इसकी सीधी ज़िम्मेदारी मोदी सरकार की है। अभ्यार्थियों के लिए भर्ती परीक्षाओं में भाग लेना, फिर अनेकों अनियमितताओं से जूझना, पेपर लीक के चक्रव्यूह में फँसना, उनके भविष्य से खिलवाड़ है। उन्होंने कहा भाजपा ने देश के युवाओं को ठगा है। हमारी मांग है कि सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में एक उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए जिससे नीट व अन्य



परीक्षाओं में भाग लेने वाले हमारे प्रतिभाशाली छात्र- छात्राओं को न्याय मिले। वाड्रा ने कहा पहले नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ और अब छात्रों का आरोप है कि इसके रिजल्ट में भी स्कैम हुआ है। एक ही सेंटर के 6 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिलने पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं और कई तरह की अनियमितताओं की बातें सामने आ रही हैं। दूसरी ओर रिजल्ट आने के बाद देश भर में कई बच्चों के आत्महत्या करने की खबरें हैं। यह बहुत दुखद और झकझोरने वाला है। उन्होंने कहा सरकार लाखों छात्रों की आवाज को अनसुना क्यों कर रही है। छात्र-छात्राओं को नीट परीक्षा के परिणाम में धांधली से जुड़े वाजिब सवालों के जवाब चाहिए। क्या सरकार की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वो जांच कराकर इन वाजिब शिकायतों का निस्तारण करे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में लाखों परीक्षार्थियों के साथ घोटाला पूरी तरह अस्वीकार्य और अक्षम्य है। देश के लाखों अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ यह सीधा खिलवाड़ है जिसकी उच्चतम न्यायालय की देखरेख में उच्च स्तरीय जांच तुरंत होनी चाहिए। इस साल पहले इसमें पेपरलीक होने का समाचार आया जिसे दबा दिया गया। अब मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के कई परीक्षार्थियों ने छात्रों के अंक बढ़ाए जाने के आरोप लगाए हैं। छात्रों का कहना है कि इस बार रिकॉर्ड 67 परीक्षार्थियों ने टॉप रैंक हासिल की और इनमें से छह अभ्यर्थी तो एक ही परीक्षा केंद्र से बताए जा रहे हैं।

### किसी प्रधानमंत्री को तीसरा कार्यकाल मिलना ऐतिहासिक : धनखड़

**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं से सोशल मीडिया की शक्ति का प्रयोग करने का आह्वान



करते हुये कहा कि पिछले छह दशकों में पहली बार किसी प्रधानमंत्री को तीसरा कार्यकाल मिलना ऐतिहासिक है। धनखड़ ने उप राष्ट्रपति के आवास पर राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये कहा कि युवाओं को सोशल मीडिया की शक्ति का प्रयोग करना चाहिये और लोकतंत्र में हानिकारक प्रवृत्तियों के प्रति सतर्क रहना चाहिये। सकारात्मक विकास के लिये संसद में रचनात्मक बहस, संवाद और चर्चा की भूमिका पर जोर देते हुये धनखड़ ने कहा कि यदि इन सिद्धांतों से कोई विचलन देखते हैं, तो जनमत को संगठित किया जाना चाहिये। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति की पत्नी डॉ सुदेश धनखड़, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और राज्यसभा के महासचिव पी.सी. मोदी उपस्थित थे। उप राष्ट्रपति ने मौजूदा सरकार के तीसरे कार्यकाल के ऐतिहासिक महत्व को स्वीकार किया और कहा कि यह पिछले छह दशकों में अभूतपूर्व है। ऐसी उपलब्धि की दुर्लभता पर जोर देते हुये उन्होंने कहा, 1962 के बाद यह पहली बार है कि किसी प्रधानमंत्री को तीसरा कार्यकाल मिला है। इससे पहले देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु को लगातार तीसरा कार्यकाल मिला था।

## मां की इज्जत पर ऐसी हजारों नौकरियां कुर्बानः कुलविंदर कौर

वार्ता ᐸ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को कथित रूप से थप्पड़ मारने वाली केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल जवान कुलविंदर कौर ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें नौकरी की फिक्र नहीं है। कुलविंदर कौर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, मुझे नौकरी की फिक्र नहीं है, मां की इज्जत पर ऐसी हजारों नौकरियां कुर्बान हैं। इससे पहले एक और ट्वीट में उन्होंने जब बात स्वाभिमान की हो तो नौकरी, ताज, तख्त नहीं देखे जाते। कुलविंदर कौर ने कल कथित रूप से चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर कंगना रनौत को उनकी एक पुरानी टिप्पणी को लेकर थप्पड़ मार दिया था, जिसमें रनौत ने किसान आंदोलन के दौरान 2020-21 में दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन पर बैठी महिला किसानों पर सौ-सौ रुपये लेकर धरने पर बैठने का आरोप लगाया था। रनौत ने घटना के बाद जारी अपने वीडियो बयान में यह टिप्पणी कर फिर विवाद पैदा कर दिया कि पंजाब में आतंकवाद और उग्रवाद बढ़ रहा है और उसे लेकर कुछ करना पड़ेगा । पंजाब के कई राजनीतिक नेताओं समेत किसान संगठनों के नेताओं ने भी घटना को आतंकवाद से जोड़ने की आलोचना की है।

### नीतिगत दरें लगातार आठवीं बार यथावत, तीव्र विकास के बावजूद किश्ते नहीं होंगी कम

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक गतिविधियों में जारी तेजी एवं आगे महंगाई बढ़ने के जोखिम का हवाला देते हुये आज लगातार आठवीं बार नीतिगत दरों को यथावत रखने का फैसला किया है जिससे ब्याज दरों में कमी की उम्मीद लगाये आम लोगों को निराशा हाथ लगी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 8.2 प्रतिशत कर दर ये बढ़ने के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी कि इस बार रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कुछ राहत देगा जिससे होम लोन, कार लोन और अन्य तरह के ऋणों पर ब्याज दरें कम हो सके। हालांकि रिजर्व बैंक के इस निर्णय से लोगों को निराशा हाथ लगी है। मई 2022 से 250 आधार अंकों तक लगातार छह बार की वृद्धि के बाद पिछले वर्ष अप्रैल में दर वृद्धि चक्र को रोक दिया गया।

### सुपेबेड़ा में खुलेगा डायलिसिस सेंटर, माडल नेफ्रोलाजी सेंटर खोलने की अनुशंसा

## विष्णु के सुशासन में रिपोर्ट नहीं, रिजल्ट चाहिए : श्याम बिहारी जायसवाल

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक लेकर विभाग के कामकाज की समीक्षा की। जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार इजाफा किया जा रहा है और सभी मेडिकल कालेज तथा जिला अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। जायसवाल ने अधिकारियों को कहा है कि विष्णु के सुशासन में उन्हें रिपोर्ट नहीं बल्कि रिजल्ट चाहिए ताकि राज्य की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं निरंतर मिलती रहें। जायसवाल ने कहा कि राज्य मे स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के लिए ये आवश्यक नहीं है कि बजट की उपलब्धता रहे, बल्कि आवश्यक ये है कि मजबूत इच्छाशक्ति हो, हमें ऐसा काम करना है जिससे लोगों के मन में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सकारात्मक भाव आए। मलेरिया और सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम के लिए स्थानीय स्तर पर जागरूकता की आवश्यकता स्वास्थ्य मंत्री ने मलेरिया और सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारियों के बारे में बात करते हुए कहा है कि इसको लेकर समाज में जागरूकता लाने की आवश्यकता है। इसके लिए जिन क्षेत्रों में इन बीमारियों का संक्रेंद्रण ज्यादा है वहां ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कर लोगों को इनसे बचने के तरीकों के बारे में जागरूक किया जाए। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने समीक्षा बैठक में विभागीय बजट का आंकलन करते हुए उसे अनुपूरक बजट में शामिल करने के प्रस्ताव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इसके साथ ही नियमित बजट में पारित कार्यो की भी समीक्षा की। जायसवास ने विभागीय समीक्षा बैठक में चिकित्सकों एवं निचले स्टाफ की पदस्थापना को लेकर चर्चा की और रिक्त पदों को जल्द से जल्द व्यापम एवं पीएससी के माध्यम से भरे जाने के निर्देश दिए। सुपेबेड़ा में डायलिसिस सेंटर, राज्य में माडल नेफ्रोलाजी सेंटर खोलने की अनुशंसा स्वास्थ्य मंत्री ने सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी को ध्यान मे रखते हुए वहां एक अत्याधुनिक डायलिसिस सेंटर खोलने की अनुशंसा की है। सुपेबेड़ा में बीमार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने और बीमारी के कारणों का पता लगाने के लिए एक कमेटी भी बनाई गई है। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने सुपेबेड़ा में उत्कृष्ट डायलिसिस सेंटर खोलने की अनुशसा की है ताकि वहां के मरीजों को त्वरित लाभ मिल सके। इसके साथ ही जायसवाल ने राज्य भर के किडनी के मरीजो के बेहतर इलाज के लिए राज्य में एक माडल नेफ्रोलाजी सेंटर खोलने की भी अनुशंसा की है।

## भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि से विदेश गए स्टार्टअप देश का रुख कर रहे है : बर्थवाल

वार्ता ᐸ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर उल्लेखनीय रूप से ऊंची बने रहने से पहले विदेश जाने वाले स्टार्टअप उद्यमी वापस भारत का रुख कर रहे हैं। बर्थवाल ने भारत-प्रशांत क्षेत्र आर्थिक समृद्धि समझौता (आईपीईएफ) के तत्वावधान में स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक मंच की बैठक के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में लगभग दोगुनी है और यह विचारणीय विषय है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार बर्थवाल ने बैठक में कहा,÷ देश की मजबूत विकास के कारण ही अब भारत के लिए सकारात्मक उल्टे प्रवाह की परिस्थितियां तैयार हो रही हैं। जो भारतीय स्टार्ट-अप कभी पूंजी पहुंच और कर लाभों के लिए विदेशों का रूख कर गए थे, अब स्वदेश वापसी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ-साथ एआई जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियां और डेटा सेंटर का उदय भविष्य के भारतीय विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। सिंगापुर में भारतीय उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने कहा कि भौतिक और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश का भारतीय अर्थव्यवस्था पर गुणात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विधायी नियामक परिवर्तनों ने इसे बाजार अनुकूल क्षेत्र बनाया है। यह अनुकूल और पूर्वानुमानित नीतिगत वातावरण प्रदान करता है।

## संसद भवन से गांधी, अंबेडकर और शिवाजी की मूर्ति हटाने पर भड़की कांग्रेस

वार्ता ᐸ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने संसद भवन परिसर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ बी आर अंबेडकर तथा छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति हटाने को लेकर सरकार पर कड़ा हमला करते हुए कहा है कि उसने महाराष्ट्र में मिली हार का बदला लेने के लिए यह कदम उठाया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद भवन परिसर से मूर्तियों का हटाना महाराष्ट्र की जनता से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को वोट नहीं देने का बदला निकालना है। गांधीजी, डॉ अंबेडकर और शिवाजी महाराज की मूर्ति हटाने को लेकर सरकार जो भी तर्क दे, लेकिन असलियत यह है कि उसने महाराष्ट्र के लोगों से बदला लेने के लिए यह कदम उठाया है। उनका कहना था कि सरकार को इस मामले में स्पष्टीकरण देना चाहिए। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र के लोगों से बदला लेने के लिए संसद भवन परिसर से शिवाजी की मूर्ति हटाई गई है। ये सब खीझ निकालने के लिए किया गया है क्योंकि जब नरेंद्र मोदी ने कहा कि गांधी फिल्म आने से पहले गांधी जी को कोई नहीं जानता था तो जनता ने जवाब दिया तो गांधी जी की प्रतिमा हटा दी। हमने चुनावों में संविधान को बचाने की मुहिम छेड़ी तो खीझ निकलने के लिए अंबेडकर की मूर्ति को कहीं पीछे धकेल दिया। महाराष्ट्र की जनता ने जब चुनावों में करारा जवाब दिया, तो बदला लेने के लिए शिवाजी महाराज जी की मूर्ति हटा दी। उन्होंने कहा, संसद भवन परिसर की विरासत विशेषता के रखरखाव और विकास पर तथा संसद भवन परिसर में राष्ट्रीय नेताओं और सांसदों के चित्र एवं प्रतिमाओं की स्थापना पर दो कमेटियां बनी थीं ।

# योगी ने लिख दी थी हेमामालिनी की बंपर जीत की स्क्रिप्ट

वार्ता ✓ मथुरा
www.dailypioneer.com



अभिनय के क्षेत्र में दशकों तक राज करने के बाद राजनीति के गलियारों में भी पिछले दस सालों से आकर्षण का केंद्र बनी हेमामालिनी की मथुरा लोकसभा क्षेत्र से बंपर जीत की पटकथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले ही लिख दी थी। हेमा को टिकट मिलने के बाद योगी ने एक पखवारे से कम समय में मथुरा में दो बार आकर प्रबुद्धजन सम्मेलन में शिरकत की और यहां के चर्चित चेहरों को को मान सम्मान देकर उन्हें इस महायज्ञ में अपनी आहुति देने के लिए प्रेरित किया। योगी ने भाजपाइयों में जोश भरने का प्रयास किया, उसका असर ठंडा पड़ता कि उन्होंने एक जनसभा के माध्यम से आम नागरिको, बुद्धजीवियों एवं पार्टी के लोगों में जोश भरने की कोशिश की। योगी के भाषणों से जनता को पता लगा कि मथुरा के विकास के लिए उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन हेमा के बार बार ब्रज के विकास के लिए अनुरोध करने पर ही हुआ था। इसी क्रम में उन्होने जनता को यह भी बताया कि हेमा के अनुरोध पर ही ब्रज के प्रमुख धार्मिकस्थलों को तीर्थस्थलों घोषित किया गया था। योगी के ये दो खुलासे कृष्ण और यमुना भक्तों के दिलों को छू गये कि हेमा के संसद में यमुना के प्रदूषणमुक्त करने के प्रश्न करने के बाद ही गंगा और यमुना को स्वच्छ रखने के लिए नमामि गंगे योजना की शुरूवात हुई थी जिसमें गंगा निर्मल हो गई और अब यमुना की बारी है। प्रदेश के चीनी मिल एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कहा कि वैसे तो योगी मथुरा में मुख्यमंत्री रहते 42 बार आ चुके हैं तथा हर बार उन्होंने यहां के विकास का ताना बाना बुना मगर चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के बाद योगी के लगातार दो बार मथुरा आने और ब्रजवासियों को हेमामालिनी के द्वारा बताए गए काम बताने का भारी असर हेमा की जीत पर पड़ा। उन्होंने कहा कि वैसे हेमामालिनी द्वारा मथुरा के विकास में रूचि लेने के कारण उनकी लोकप्रियता का ग्राफ2014 से 2024 तक कभी कम नही हुआ। पिछले विधानसभा चुनाव में छाता विधान सभा क्षेत्र से उन्हें जितने मत मिले थे उसी के आसपास इस बार लोकसभा चुनाव में हेमा को मिले। इन सबसे ऊपर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता ने भी असर दिखाया। हेमा ने भी पार्टी आलाकमान विशेषकर पीएम मोदी को निराश नही किया क्योंकि 75 वर्ष की आयु पूरी हो जाने के कारण यह कयास लगाए जा रहे थे।

# जनता के फैसले ने देश के संविधान को बचाया: फारूक

एजेंसी ✓ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि लोगों ने वोट की ताकत से अपना फैसला सुनाया और भारत के संविधान को बचाया। अब्दुल्ला ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा, जनता ने दिखा दिया कि ताकत उनके हाथ में है और मतदान के माध्यम से इसे साबित भी कर दिया ,जोकि बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि लोगों ने मतदान की ताकत से अपना फैसला सुनाया और देश के संविधान को बचाया। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, लोगों के पास कुछ नहीं, लेकिन वोट की ताकत से वह लोगों को उठाते हैं और गिरा देते है, यह उन्होंने साबित कर दिया। भारतीय जनता पार्टी का 400 पार का दावा था, लेकिन ये लोग ही हैं जिनके हाथ में सत्ता है। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल बंद कर देना चाहिए। एनसी अध्यक्ष ने कहा, एग्जिट पोल वालों को अपनी दुकानें बंद कर देनी चाहिए और लोगों के बीच गलतफहमी फैलाने के लिए माफी मांगनी चाहिए। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सरकार बनाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, कुछ नहीं कहूंगा। सरकार बनने दीजिए। जब सरकार बनेगी तो सब देखेंगे। राजग सरकार सफल होगी या नहीं, इस सवाल पर उन्होंने कहा, आप लोग मीडिया में हैं, आप देखिए और मैं भी देखूंगा, हमें इंतजार करना चाहिए, आप इतनी जल्दी में क्यों हैं। उन्होंने कहा कि संसद में विपक्ष और अधिक मजबूत होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मैं जब सांसद था, उस समय सदन में विपक्ष बहुत कमजोर था और कोई भी हमारी सुनने को तैयार ही नहीं था, उस समय सदन में तानाशाही चल रही था। खुदा का शुक्र है कि अब तानाशाही का खात्मा हो चुका है।

# मोहन यादव की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय मंत्रिमंडलीय समिति गठित

एजेंसी ✓ भोपाल
www.dailypioneer.com

सिंहस्थ 2028 के लिये विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यो के लिये राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय मंत्री मंडलीय की समिति गठित की गई है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार समिति सिंहस्थ-2028 के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा संपन्न कराये गये कार्यों की समीक्षा, कार्योत्तर स्वीकृति, अतिरिक्त राशि आवंटन के प्रस्ताव आदि पर निर्णय लेगी।



मंत्री मंडल समिति में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, खाद्य नागरिक एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, ऊर्जा में प्रद्युम्न सिंह तोमर, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी और तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल को सदस्य नामित किया गया है। मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन समिति के सचिव बनाये गये है।

## गया में अपराधियों ने एक व्यक्ति को मारी गोली

**गया।** बिहार में गया शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में अपराधियों ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बिसार तालाब मुहल्ला के निकट न्यायालय से घर को लौट रहे एक व्यक्ति को अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। घायल व्यक्ति को अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज सह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान परवेज के रूप में हुई है, वह शहर के शाहमीर तकया मोहल्ला का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक प्रेरणा कुमार ने बताया कि घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये विशेष जांच दल की टीम गठित कर दी गयी है। गोली मारने वाले अपराधियों की पहचान नहीं हो पाई है।

# भाजपा के खिलाफ अब पोस्टर राजनीति, गठबंधन दलों को चेताया

एजेंसी ✓ प्रयागराज
www.dailypioneer.com

संगम नगरी प्रयागराज में कांग्रेस ने शहर के चौक क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विवादित बयान का पोस्टर लगाते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक दल के घटक दलों को सावधान रहने की नसीहत दी गयी है। कांग्रेस नेता इरशाद उल्लाह और अब्दुल कलाम की ओर से भाजपा के खिलाफ शहर में लगाया गया पोस्टर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए एनडीए एलायंस में शामिल दलों को सचेत रहने को कहा है। पोस्टर में सबसे ऊपर एक छोर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दूसरे छोर पर आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का फोटो लगा है। पोस्टर में लिखा गया है कि सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। होशियार रहिए भाजपा इन पार्टियों को खा गई।

## दुर्गा वाहिनी प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण तथा मातृशक्ति का सात दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग

**रांची।** झारखंड में विश्व हिंदू परिषद् के दुर्गा वाहिनी प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण तथा मातृशक्ति सात दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में किया जा रहा है। प्रशिक्षण वर्ग 5 जून से प्रारंभ हुआ जिसका समापन 11 जून को सार्वजनिक कार्यक्रम के साथ संपन्न होगा। वर्ग का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अजय कुमार, विश्व हिंदू परिषद की प्रांत उपाध्यक्षा रेखा जैन ,प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ,दुर्गावाहिनी प्रांत संयोजिका अनुराधा कच्छप एवं जिलाध्यक्ष अजय राणा ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। वर्ग में पूरे झारखंड प्रांत के सभी जिलों से लगभग 250 युवतियां भाग ले रही हैं जिन्हें सप्ताह भर शारीरिक एवं बौद्धिक रूप से प्रशिक्षण देकर आत्मरक्षा, समाज देश एवं धर्म की रक्षा की दृष्टि से सक्षम बनाया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग में 7 दिनों तक योग, व्यायाम, आसन, समता, दंडचालन, नियुद्ध, लक्ष्यभेद तथा समाज में सेवा कार्य संचालित करने का का प्रशिक्षण दिया जाएगा ।

## सुलतानपुर में सड़क हादसे में तीन की मौत

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जिले के लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार एसयूवी की चपेट में आने से ई रिक्शा चालक समेत तीन लोगों की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि लखनऊ-वाराणसी फोरलेन हाइवे पर लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के डकाही बाईपास पर सुबह करीब साढ़े नौ बजे तेज रफ्तार स्कार्पियो डिवाइडर तोड़कर दूसरे लेन पर आ गयी और इधर से जा रहे ई-रिक्शा को जोर की टक्कर मार दिया। इस हादसे में ई-रिक्शा पर सवार कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के वजूपुर पखरौली निवासी गुरूदीन निषाद (55) की मौके पर मौत हो गई जबकि चालक समेत दो बुरी तरह घायल हुए हैं। घायलों को लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां से हालत गंभीर देख दोनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। यहां इलाज के दौरान ई-रिक्शा चालक राजेश (40) निवासी वंशी ढाकापुर कोतवाली चांदा की मौत हो गयी।

# सोनभद्र में दुष्कर्म के दोषी शिक्षक को उम्रकैद की सजा

एजेंसी ✓ सोनभद्र
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में सोनभद्र की पाक्सो अदालत ने छात्रा के साथ दुष्कर्म के दोषी शिक्षक को उम्रकैद और दो लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार एक महिला ने छह नंवबर 2019 को बभनी थाना में तहरीर देकर बताया था कि उसकी 12 वर्षीय पुत्री कक्षा पांच की छात्रा है।

वह स्कूल पढने के लिए गई थी। स्कूल बंद होने के बाद वहां का शिक्षक संतोष कुमार जायसवाल ने उसे किसी कार्य के लिए रोक रखा था। जब सारे बच्चे



चले गए तब उसने अकेले में दुष्कर्म किया और किसी से कुछ नहीं बताने के लिए धमकी देकर उसे घर के पास छोड़कर चला गया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच किय। घटना में पर्याप्त सबूत मिलने पर जांच अधिकारी ने कोर्ट में दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट की धारा के तहत चार्जशीट दाखिल किया। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलालें सुनने के बाद गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर दोषी शिक्षक संतोष कुमार जायसवाल को उम्रकैद एवं दो लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद होगी। अर्थदंड की धनराशि में से एक लाख 60 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।

## शाहजहांपुर में टैंकर और कार की टक्कर में दो की मौत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर के कांट क्षेत्र में शुक्रवार को कार और गैस भरे टैंकर की आमने सामने की टक्कर में दो लोगो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना ने बताया कि क्षेत्र के जमुनिया गांव के पास जलालाबाद की ओर से आ रही कार सामने से आ रहे गैस भरे टैंकर से टकरा गई। इस हादसे में कार चालक सौरव कुमार (32) तथा रामपाल (62) की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना में घायल दो महिलाओं को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। मीना ने बताया कि दुर्घटना के बाद जलालाबाद शाहजहांपुर मार्ग पर जाम लग गया इसके बाद पुलिस ने पहुंचकर दोनों वहानो को से हटकर किनारे किया इसके बाद आवागमन सुचारू रूप से चालू किया गया।

## सीएस ने जिलाधिकारियों से मलिन बस्तियों का चिन्हीकरण कर एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

**देहरादून।** उत्तराखंड की मुख्य सचिव (सीएस) राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को नगर निकायों में अवस्थित मलिन बस्तियों के चिन्हीकरण के बाद सूचीबद्ध रिपोर्ट एक सप्ताह में शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि उनके विकास, पुनरूद्वार व पुनर्वासन की कार्ययोजना पर जल्द से जल्द कार्य आरम्भ किया जा सके। रतूड़ी ने अधिकारियों को राज्य में मलिन बस्तियों के सुधार, विनियमितीकरण, पुनरूद्वार, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यस्थापन के लिए अत्यन्त संवेदनशीलता एवं मानवीयता के साथ प्रभावी कार्ययोजना पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस सम्बन्ध में शहरी विकास विभाग तथा आवास विभाग की एक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएस ने शहरी विकास विभाग को सफाई कर्मियों के लिए पर्याप्त आवास एवं बीमा की व्यवस्था हेतु कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने मलिन बस्तियों हेतु प्राधिकरण के माध्यम से कॉर्पस फण्ड के निर्माण के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि शासन की अधिसूचना संख्या 2154 दिनांक 21 दिसम्बर 2016 की विभिन्न श्रेणियों के तहत जनपद बागेश्वर में श्रेणी एक की चार मलिन बस्तियां तथा श्रेणी दो की दो मलिन बस्तियां, हरिद्वार में श्रेणी एक की 57 मलिन बस्तियां, श्रेणी दो की दो, श्रेणी तीन की 24, नैनीताल में श्रेणी एक की 37, श्रेणी दो की एक, श्रेणी तीन की 23, अल्मोड़ा में श्रेणी एक की चार, देहरादून में कुल 128 मलिन बस्तियों चिहिन्त की गई हैं। बैठक में प्रमुख सचिव रमेश कुमार सुधांशु सहित अन्य अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## बलिया में प्रेम प्रसंग में हत्या

**बलिया।** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के भीमपुरा थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वार्ड नंबर एक निवासी शिवशंकर सिंह (55) की गुरूवार की रात्रि धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार की सुबह उनका शव उनके घर के आंगन में पड़ा हुआ था। पुलिस अधीक्षक देवरंजन रंजन वर्मा ने बताया कि शव के गले पर धारदार हथियार से प्रहार के निशान पाए गए हैं। मृतक की पत्नी और पुत्र बांबे रहते हैं। प्रथम दृष्टिया मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## भारत-बंगलादेश सीमा के नजदीक गांव से एक व्यक्ति गिरफ्तार, आपत्तिजनक सामग्री जब्त

**अगरतला।** भारत-बंगलादेश सीमा के नजदीक मतीनगर गांव से शुक्रवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक खुफिया जानकारी के आधार पर पश्चिम त्रिपुरा में रेयेरमुरा बीओपी के अंतर्गत पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल 42 बटालियन के जवानों के साथ सुरक्षाकर्मियों ने माटीनगर निवासी अबू सलाम भुइया के घर की घेराबंदी करके छापेमारी की। इस दौरान, चार पैकेट में पैक 40 हजार याबा टैबलेट, जिनकी कीमत लगभग दो करोड़ रुपये है, एक देशी पिस्तौल (7.65 मिमी) के साथ मैगजीन और पांच कारतूस जब्त किए गये। अबू को जब्त सामान के साथ यहां अमतली पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है। पुलिस ने कहा कि सभी औपचारिकताओं के बाद उसे आगे की जांच के लिए रिमांड की मांग करते हुए अदालत में पेश किया जाएगा।

## तेलंगाना में भारी बारिश के आसार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के कई जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, तेलंगाना के खम्मम, नलगोंडा, सूर्यापेट, रंगारेड्डी, विकाराबाद, संगारेड्डी, मेडक, महबूबनगर, नगरकुर्नूल, वानापर्थी, नारायणपेट, जोगुलम्बा गडवाल जिलों में बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग की ओर से जारी दैनिक रिपोर्ट के अनुसार, 10 जून को राज्य के निर्मल, विकाराबाद, संगारेड्डी, मेडक और कामारेड्डी जिलों में भी यही स्थिति रहने का अनुमान है।

# विकसित भारत और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में आम नागरिकों का सहयोग जरूरी: देवड़ा

एजेंसी ✓ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने विकसित भारत निर्माण में मध्यप्रदेश के अधिकाधिक योगदान के लिये वर्ष 2024-25 के बजट निर्माण में नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के सहयोग से प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को विस्तार देने में मदद मिलेगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार एममायजीओवी द्वारा नागरिकों को सुझाव, मार्गदर्शन आमंत्रित किए है। सुझाव 15 जून तक दिये जा सकते हैं। नागरिकों द्वारा पोर्टल पर, दूरभाष या मेल एवं वित्तीय प्रबंध सूचना प्रणाली 218-एच, द्वितीय तल, वल्लभ भवन मंत्रालय भोपाल पर सुझाव दिये जा सकते हैं। सुझावों के साथ अपना नाम, शहर, जिला पिनकोड भी अंकित करने का आग्रह किया गया है। मुख्य रूप से शिक्षा, रोजगार, कृषि, उद्योग, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, सड़क, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक कल्याण, राजस्व संग्रहण, प्रशासनिक सुधार विषयों पर सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बजट के माध्यम से प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों के विस्तार के साथ-साथ, रोजगार के नये अवसर सृजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास व आम नागरिकों के जीवन खुशहाल बनाने, विकास की गति सतत् बनाये रखने, आधारभूत सुविधाओं का विकास व सभी वर्गों के कल्याण करने के लिये बजट निर्माण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसमें सभी नागरिकों की भागीदारी और उनकी महत्वाकांक्षाओं की अभिव्यक्ति होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपनों को पूरा करने में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति को ध्यान में रखते हुये प्रदेश के वर्ष 2024-25 का बजट तैयार किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में समाज के सभी वर्गों से प्राप्ति सुझावों, मार्गदर्शन, प्राथमिकताओं आदि से प्रदेश का बजट, प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा में बढ़ाया गया एक और महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। देवड़ा ने नागरिकों से प्रदेश की राजस्व आय में वृद्धि के सुझाव के साथ बजट को और अधिक लोक-कल्याणकारी बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया है।

# टूटी स्लेट और आधी पेंसिल से 'ककहरा' सीखने वाले जीतन राम मांझी ने राजनीति में लिखी नयी इबारत

एजेंसी ✓ पटना
www.dailypioneer.com

टूटी स्लेट और आधी पेंसिल से 'ककहरा' सीखने वाले जीतन राम मांझी ने बंधुआ मजदूर, डाक-तार विभाग में लिपिक, विधायक, मंत्री, मुख्यमंत्री और अब देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में पहुंचने का स्वर्णिम सफर तय किया और अपने बुलंदा हौसलों से राजनीति के क्षेत्र में सफलता की नयी इबारत लिखी। बंधुआ मजदूरी से जिंदगी के सफर की शुरुआत कर डाक-तार विभाग में लिपिक बने और राजनीति के मैदान में उतरकर सूबे की सत्ता के सिंहासन पर काबिज रहे। जीतन राम मांझी का जन्म 06 अक्तूबर 1944 को गया जिले के खिजरसराय प्रखंड के महकार गांव में हुआ। उनके पिता रामजीत राम मांझी खेतिहर मजदूर थे। मांझी बचपन में मां सुकरी देवी और पिता रामजीत मांझी के साथ गांव के ही एक जमींदार के घर में चाकरी करते थे।



वर्ष 1946 में, जब जीतन राम मांझी लगभग डेढ़ साल के थे, तब गया जिले में, जहां उनका गांव स्थित था, भारी बाढ़ आई थी। उनका परिवार बरगद के पेड़ पर चढ़कर मौत से बच गया था। जीतनराम मांझी जब सात वर्ष के हुये तो जमींदार के घर बंधुआ मजदूरी करने लगे। उनका काम था, 17 बैल, एक-दो भैस और दो-तीन गाय को चारा खिलाना। जीतनराम मांझी जब 11 साल के हो गए,तो उनके पिता को अपने बच्चे को पढ़ाने-लिखाने की चिंता हुई, लेकिन मांझी के पिता के मालिक इसके सख्त खिलाफ थे। मांझी के पिता ने मालिक को सुझाव दिया कि वह चाहते हैं कि उनका बेटा पढ़ाई करे। यदि वह स्कूल जा सके तो उसकी स्थिति में सुधार होगा। मालिक सहमत नहीं था। उन्होंने गुस्से में आकर मांझी के पिता की पिटाई कर दी। मालिक ने कहा,पढ़ा के अपन बेटवा के का कलेक्टर बनैएभीं। पढ़ावे के का जरूरत है। लेकिन जीतन के पिता जी के दिमाग में ये बात थी कि बेटा को पढ़ाना है। फिर एक कम्परमाइज का फॉर्मूला निकाला। वह ये था कि मालिक के बच्चों को पढ़ाने के लिए मास्टर आता ही है, जीतन काम काज करने के बाद सात बजे उन्हीं लोगों के साथ बैठ जाएगा। टीचर जीतन राम मांझी को पढ़ाने के लिए राजी हो गये। एक गुरुजी जब जमींदार के बच्चे को पढ़ाने आते थे तो वह भी उत्सुक्तावश उन चीजों को ध्यान से सुनते थे, जो बच्चों को बताया जाता था। एक बार, जब जमींदार के बेटे ने होमवर्क पूरा नहीं किया तो शिक्षक क्रोधित हो गए लेकिन मांझी ने सौंपे गए कार्य और उत्तर को दोहराया।

# राजस्थान में अठारह लोकसभा चुनावों में 34 महिला सांसद बनी

एजेंसी ✓ जयपुर
www.dailypioneer.com

पच्चीस लोकसभा सीट वाले राजस्थान में अठारह लोकसभा चुनावों में अब तक 34 महिला सांसद बनी हैं जबकि दस संसदीय क्षेत्रों में महिलाएं अभी तक खाता भी नहीं खोल पाई हैं। हालांकि राज्य से निर्वाचित महिला सांसदों की संख्या 34 हैं, लेकिन वास्तव में यहां से केवल 22 महिलाएं ही संसद तक पहुंची है, क्योंकि इनमें से कई एक से ज्यादा बार चुनाव जीती हैं। प्रदेश में भीलवाड़ा, बीकानेर, गंगानगर, चुरु, कोटा, पाली, जयपुर, ग्रामीण बाड़मेर, बांसवाड़ा एवं सीकर लोकसभा सीटों पर अभी तक कोई महिला सांसद नहीं बन पाई हैं। इस बार 18वीं लोकसभा के लिए राजस्थान से 19 महिलाओं ने चुनाव लड़ा जिनमें तीन महिलाएं संसद पहुंची जिनमें भारतीय जनता पार्टी की जयपुर लोकसभा क्षेत्र से मंजू शर्मा एवं राजसमंद से महिमा कुमारी मेवाड़ तथा कांग्रेस की भरतपुर लोकसभा सीट से सजना जाटव शामिल हैं। राजस्थान में इन चुनावों में अब तक 437 सांसद संसद पहुंचे उनमें 34 महिला सांसद शामिल हैं। इन चुनावों में अब तक 4422 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा उनमें 222 महिलाएं शामिल थी जिनकी केवल 5.02 प्रतिशत उम्मीदवारी रही। आजादी के बाद करीब 72 सालों में राजस्थान से महिलाओं की संसद में केवल 7.79 प्रतिशत भागीदारी रही। इस दौरान प्रदेश से महिलाओं की संसद में भागीदारी भले ही कम रही हो लेकिन इनमें पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित ऐसी कई महिलाएं है जो एक से अधिक बार चुनाव जीतकर संसद पहुंची। इनमें राजे सर्वाधिक पांच बार संसद पहुंचकर अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। अब तक हुए अठारह लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने पिछले 72 सालों में करीब 42 महिलाओं को टिकट दिया जबकि भाजपा ने पिछले लगभग 45 वर्षों में करीब 32 महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारा। इसी तरह इस दौरान अन्य दलों ने भी महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारा। अठारह लोकसभा चुनावों में अब तक भाजपा की सर्वाधिक 17 महिला प्रत्याशी संसद पहुंची जबकि कांग्रेस की 13 एवं स्वतंत्र पार्टी की तीन एवं एक निर्दलीय महिला उम्मीदवार संसद पहुंचने में कामयाब रही हैं। इस दौरान राजे ने झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र से सर्वाधिक पांच बार वर्ष 1989, 1991, 1996, 1998 एवं 1999 में भाजपा प्रत्याशी के रुप में चुनाव जीता जबकि कांग्रेस प्रत्याशी डा गिरिजा व्यास चार बार लोकसभा चुनाव जीता। डा व्यास ने वर्ष 1991, 1996 एवं 1999 में उदयपुर एवं वर्ष 2009 में चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र का संसद में प्रतिनिधित्व किया। डा. व्यास ने सात बार लोकसभा का चुनाव लड़ा जिनमें तीन बार उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा।

## महोबा में कुख्यात अपराधी की संपत्ति कुर्क

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा मे आतंक का पर्याय बने एक कुख्यात अपराधी पर शिकंजा कसते हुए प्रशासन ने शुक्रवार को उसकी लाखों की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया। पुलिस उप अधीक्षक सदर दीपक दुबे ने बताया कि कबरई क्षेत्र के मकरबई का निवासी बदमाश चैतू पाल गत काफी समय से पुलिस के लिए वांछित है। उस पर हत्या, लूट समेत तमाम गंभीर वारदातो के दर्जनों मुकदमे पुलिस रिकार्ड मे पंजीकृत है। आरोप है कि बदमाश ने अपराध के माध्यम से भारी मात्रा मे सम्पत्ति अर्जित की जिसकी जानकारी होने पर जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर मुख्यालय मे भटीपुरा मे चैतू पाल की पत्नी गेंदारानी के नाम दो मंजिला मकान कि कुर्की की कार्यवाही अमल मे लाई गयी। उन्होने बताया कि उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार की मौजूदगी मे सम्बन्धित क्षेत्र मे मुनादी कराके जिला मजिस्ट्रेट के आदेश को पढ़ कर सुनाया गया और मकान को सीज किया गया।

# बजरंग दल एवं विहिप के लोगों ने निकाला मशाल जुलूस

## सुजीत स्वर्णकार मर्डर केस में न्याय की उठी मांग

पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

बलरामपुर रामानुजगंज जिले के बजरंग दल के जिला सह संयोजक सुजीत स्वर्णकार का शव मिलने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर गुरुवार की रात बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत क्षेत्र मे जुलूस निकाल कर एक बार फिर अपना विरोध दर्ज किया है। दोनों दल के लोगों ने मसाल जुलूस निकालने के पीछे एक ही उद्देश्य है कि उक्त घटना में निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों को सजा दिलाई जाए। उक्त जुलूस की शुरुआत महामाया मंदिर के समीप पुराने बस स्टैंड से दोनों दलों के पदाधिकारी एवं कर्यकर्ताओं ने भारी संख्या में मसाल जुलूस निकाला जो पूरे नगर के मुख्य चौक चौराहे से होते हुए अपने मांगों को लेकर पूरा नगर भ्रमण किया गया। गौरतलब हैं कि 27 मई की सुबह बलरामपुर जिला मुख्यालय के पास डूमरखी जंगल में बजरंग दल नेता सुजीत स्वर्णकार और एक




अन्य युवती की लाश मिली थी जिसके बाद हड़कंप मच गया था प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर करंट लगने से मौत की पुष्टि हुई जिसके बाद पुलिस ने जंगल में सुअर का शिकार करने के लिए करंट बिछाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं है और वही उक्त मामले में निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। व्ही पुलिस प्रशासन का दावा है कि बजरंग दल के नेता की मौत करंट लगने से हुई है लेकिन बजरंग दल और विहिप के नेताओं का आरोप है कि सुजीत स्वर्णकार की हत्या की गई है। इसके संबंध में रामानुजगंज विधानसभा के विधायक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम के द्वारा छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री से एसआईटी जांच के लिए भी निवेदन किया गया है अब देखना यह होगा कि उक्त मामले में क्या कार्रवाई होती है। इस मामले को लेकर जिले वासियो सहित बजरंग दल एवं विहिप के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की नजर टिकी हुई है। वही इस मामले को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में विरोध की स्थिति बनी हुई है। उक्त मसाल जुलूस कार्यक्रम में सारांश केशरी जिला संयोजक बजरंग दल के साथ साथ प्रखंड संयोजक नयन गुप्ता,गौ रक्षा प्रमुख सूरज कश्यप, सुरक्षा प्रमुख निहाल कश्यप, नगर संयोजक सुशील मेहरा,साप्ताहिक प्रमुख आकाश ठाकुर,नगर सह संयोजक सौरभ श्रीवास्तव, विद्यार्थी प्रमुख रंजन शर्मा, मिटगई खंड प्रमुख प्रहलाद यादव,सूरज पासवान, कृष्णा पासवान, आर्यन गुप्ता, निशान ठाकुर, शंकर शर्मा, विद्यासागर पटेल,विशाल कुमार, सचिन पासवान गौतम गुप्ता, ऋषि पासवान, आनंद विश्वकर्मा, हरिनंद ठाकुर,सोनू पासवान, विशाल कश्यप, आनंद कश्यप, अरुण कश्यप, आकाश कश्यप सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समितियों में पर्याप्त धान बीज भंडारण की बात हवा हवाई

पायनियर संवाददाता ∢ बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com

कोरिया मे कृषि विभाग द्वारा सहकारी समितियां में पर्याप्त धान बीज भंडारण की बात कह उच्च अधिकारी एवं किसानों को बरगलाया जा रहा है। 2जून को अधिकारी प्रेस नोट जारी कर समितियां में पर्याप्त धान बीज खाद के भंडारण की बात बताते हैं लेकिन वही दो दिन बाद किसानों द्वारा पूछने पर धान बीज खत्म होने की बात उनके अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा कहीं जा रही है।

कोरिया जिले में धान बीज के अफरा तफ़री का सबसे बड़ा केंद्र है तो वह लोहारी फॉर्म यहां जिन किसानों या बिचोलियों का अधिकारियों से सेटिंग है उन्ही का पंजीयन है यदि दूसरे किसान पंजीयन की बात करते हैं तो उन्हें धान बीज नहीं होने का हवाला देकर घुमा दिया जाता है अगर कलेक्टर कोरिया द्वारा मामले की सूक्ष्मता से जांच कराई जाती है तो परत दर परत बड़े राज खुलेंगे जिसमें अधिकारी कर्मचारियों से लेकर कई बिचौलियों तक जेल के अंदर नजर आएंगे।




## किसानों के पंजीयन की हो जांच

बीज निगम में किसानों के पंजीयन सूची लेकर जमीन स्तर पर जांच करने पर पता चलेगा ऐसे कई किसान मिलेंगे जिनको पता ही नहीं है कि उनका पंजीयन हुआ है और वह कितने .रुपये का धान बेच रहे हैं। हर गांव में इनके बिचौलिए सक्रिय हैं अगर ज्यादा दूर न जाना हो तो भाडी खोडरी, मानपुर के ग्राम पंचायत में जाकर आसपास के लोगों से पूछने पर उनके द्वारा बता दिया जाएगा कि किसानों की जमीन पर किन के द्वारा खेती कर धान लोहारी फॉर्म में बेचा जा रहा है।

## ऐसे होता है खेला

हर गांव में बिचौलियों के माध्यम से अधिकारियों का साड़गाँठ है जो गांव में भोले भाले आदिवासियों का जमीन गिरवी रखकर उनके जमीन से लेकर बैंक अकाउंट तक सभी कागजात अपने पास रखे हैं और उनकी जमीनों का पंजीयन कर अधिकारियों की मिली भगत से धान लोहारी बीज निगम में खपा रहे हैं।

## 2 दिन में कैसे खत्म हो गया धान किसानों को नहीं हो रहा है हजम

2 जून को वरिष्ठ कृषि विभाग अधिकारी द्वारा एमटीयू 1010, एमटीयू 1156, प्रोटोजिन, आईआर64 के आधार(1) की जानकारी देते है और पर्याप्त भंडारण व उठाओ करने की भी किसानों से अपील कर रहे हैं और वही किसानों द्वारा धान की मांग लोहारी फार्म में करने पर उनके अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा धान खत्म होने की बात कही जा रही है जो किसानों के साथ छलावा से कम नहीं है।

## खेती किसानी शुरू नहीं हुई तो यह हाल है

इस संबंध में किसानों से चर्चा करने पर उनके द्वारा बताया गया कि अभी तो खेती किसानी शुरू भी नहीं हुई है और अधिकारी बीज खत्म होने का बहाना शुरू कर दिए हैं और जैसे एक दो पानी गिरेगा उसके बाद खाद का रोना शुरू हो जाएगा।

## ऐसे अधिकारियों की मेहरबानी से खाद बीज दुकानदार थाईलैंड बैंकाक का टूर करते हैं

खेती किसानी में आज सभी चीज मंहगी हैं किसानों के लिए कहीं भी राहत की जगह नहीं है कृषि विभाग की उपेक्षा से किसानों को बाजार से महंगे दामों में बीज खरीदना पड़ता है और बीज कंपनियां दुकानदारों को उपकृत करने के लिए बैंकाक थाईलैंड का टूर करवाती है। इस संबंध में वरिष्ठ कृषि विभाग अधिकारी राजेश भारती से जानकारी लेने पर उनके द्वारा बताया गया कि आधार बीज प्रदर्शन वाले किसानों को ही दिया जाता है।

# नजूल शिविर में 79 हजार 161 रुपए की गई वसूली



पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार धमतरी नगर क्षेत्र के अंतर्गत नजूल प्रकरण फ्री होल्ड, नवीनीकरण, शिकायत आवेदन के सबंध मेंद्ध नजूल भू.भाटक, पर्यावरण उपकर, अधोसंरचना उपकर, पिछ्ला बकाया व अर्थदण्ड की राशि की वसूली,नजूल से संबंधित आरआरसी की वसूली अन्य विविध वसूली के लिए प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। नजूल अधिकारी ने बताया कि आज पुराना मंडी सुंदरगंज वार्ड में आयोजित शिविर में कुल 1 लाख 19 हजार 717 रूपये की वसूली की जानी थी, जिसमें से 79 हजार 161 रूपये की वसूली की गई। इसमें से 58 हजार 905 रूपये राशि में और 20 हजार 256 रूपये चालान के माध्यम से मिला। इसी तरह 40 हजार 556 रूपये पटाने के लिए शिविर अवधि तक समय लिया गया। इसके अलावा शिविर में नवीनीकरण के 3505 और भूभाटक के 3786 तथा फ्री होल्ड के 72 प्रकरण प्राप्त हुए। गौरतलब है कि आज आयोजित शिविर में हटकेशर वार्ड, शीतलापारा, लालबगीचा, सुभाषनगर,सुंदरगंज, नवागांव और मकेश्वर वार्ड के निवासी शामिल हुए। बता दें कि अगले शुक्रवार 14 जून को इण्डोर स्टेडियम धमतरी में नजूल शिविर लगेगा। इस शिविर में पोस्ट ऑफिस वार्ड, मराठापारा, अम्बेडकर, नयापारा, रामसागरपारा, डाकबंगला, सोरिदभाट, जोधापुर, विवेकानन्द नगर, रिसाईपारा पश्चिम वार्ड, टिकरापारा और रिसाईपारा पूर्व वार्ड के लोग सम्मिलित होंगे।

# नाबालिग पीड़िता के साथ बलात्कार करने वाला आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव थाना क्षेत्र अंतर्गतएक नाबालिग लड़की की मां ने 6 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उसकी नाबालिक पुत्री को आरोपी कैलाश नेताम के द्वारा शादी का झांसा देकर पीडिता के घर से शारीरिक संबंध बनाकर लगात्तार बलात्कार किया है जिससे पीडिता 7 माह की गर्भवती हो गयी है। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर आरोपी के विरूध्द थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 154/2024 धारा 366, 376(2)(ढ) 6 पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। मामला महिला अपराध एवं संवेदनशील अपराध होने से त्वरित संज्ञान लेते हुए वाय अक्षय कुमार पुलिस अधीक्षक के द्वारा तत्काल गिरफ्तारी कर कार्यवाही करने हेतु निदेशीत किया गया। जिस पर रूपेश कुमार डाण्डे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन व रूपेश कुमार पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के पर्यवेक्षण में आरोपी कैलाश नेताम को उसके गृह ग्राम से 7 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# केंद्रीय विद्यालय में एडोप्ट सस्टेनेबल फूड सिस्टम्स पर जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरन्दुल स्थित केंद्रीय विद्यालय में 05 जून से 12 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के अंतर्गत गुरुवार 06 जून को प्राचार्य बलजिंदर सिंह एवं जगदीश नारायण के नेतृत्व में अध्यापिका अनीता दहिया ने 'एडोप्ट सस्टेनेबल फूड सिस्टम्स' विषय पर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। उन्होंने मिलेट्स के महत्व को हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। सतत खाद्य प्रणाली अपनाना आज की आवश्यकता है।यह न केवल हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है,बल्कि पर्यावरण को भी संरक्षित करता है। मिलेट्स जैसे पौष्टिक अनाजों का उपयोग करके हम संसाधनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित कर सकते हैं।इसके अलावा, उन्होंने यह भी समझाया कि हम किस प्रकार अपना किचन गार्डन बना सकते हैं।अपने घर में किचन गार्डन बनाकर हम ताजे और रसायनमुक्त भोजन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे संसाधनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित होता है। विद्यार्थियों ने ध्यानपूर्वक सुना और अपनी जीवनशैली में स्वास्थ्यवर्धक भोजन अपनाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही, विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के स्लोगन लिखे जो हमें हमारे स्वास्थ्य का ध्यान रखने का संदेश देते हैं।

# प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 5 प्रकरणों पर 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता जारी

**कोंडागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 05 प्रकरणों में वारिसों को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान करने की गयी है। इसके तहत फरसगांव तहसील के ग्राम बोथा निवासी कहरू राम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी जुगोबाई, कोंडागांव तहसील के ग्राम बड़ेकनेरा निवासी अमित की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पिता रघुराम, तहसील बड़ेराजपुर के ग्राम बालेंगा निवासी पार्वती की पानी में डूबने से मृत्यु पर पति बजरंगी, तहसील फरसगांव के ग्राम पासंगी निवासी सत्यजीत उर्फ सुशांत पटेल की पानी में डूबने से मृत्यु पर पिता चन्द्रशेखर पटेल, तहसील फरसगांव के ग्राम बारदा निवासी कांडेराम की आग में जलने से मृत्यु पर पुत्र संतुराम, पुत्री संती, मंगते, मंगाय, मंगन को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। सभी प्रकरणों में चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिया गया है।

# कलेक्टर ने हिट एंड रन के प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में 'हिट एंड रन मोटर दुर्घटना स्कीम-2022' के क्रियान्वयन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने बैठक में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को हिट एंड रन वाहन दुर्घटना के विभिन्न प्रकरणों पर मुआवजे के लिए कार्यवाही में तेजी लाते हुए समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने आज सुबह जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले के अब तक हिट एंड रन प्रकरण एवं उनके निराकरण के संबंध में संख्यात्मक जानकारी ली। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि 01 अप्रैल 2022 से 15 मार्च 2024 तक जिले में अज्ञात वाहनों से हुए सड़क दुर्घटना के लंबित प्रकरणों की जानकारी एफआईआर, पीएम रिपोर्ट सहित सभी आवश्यक दस्तावेज संबंधित एसडीएम एवं दावा जांच अधिकारी को प्रेषित करें, ताकि प्रकरणों पर नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण जून माह में करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में इसके अलावा हिट एंड रन प्रकरण के निराकरण में आ रही समस्याओं के बारे में समिति के सदस्यों ने बात रखी। साथ ही उनके समाधान के लिए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एडीएम एस. अहिरवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर, सभी एस.डी.एम., मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# अघरिया समाज की बैठक में दो बिंदुओं पर किया गया प्रस्ताव

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com



फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास में अघरिया समाज के क्षेत्र व परिक्षेत्र पदाधिकारी सदस्यों की एक आवश्यक बैठक अघरिया धाम पैता में बन रहे मंदिर निर्माण को लेकर रखी गई थी। जहां केंद्रीय समिति रायगढ़ के निर्देशन पर बन रहे मंदिर निर्माण को लेकर ट्रस्ट बनाने को लेकर चर्चा की गई, और दो बिंदुओं पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया। बता दें अघरिया समाज के सहयोग से अघरिया धाम पैता में भव्य कृष्ण मंदिर का निर्माण करवाया जा रहा है,जिसमें मुक्त कंठ से सामाजिक जनों के द्वारा मंदिर निर्माण के लिए दान राशि दी जा रही है, हालांकि दान देने वाले सभी दानदाताओं को तुरंत रसीद प्रदान किया जा रहा है,लेकिन मंदिर निर्माण में पारदर्शिता बरतने वह मंदिर निर्माण में आ रहे धनराशि व उसका मंदिर निर्माण किये जा रहे खर्च को लेकर सामाजिक जनों के द्वारा चर्चा करते हुए ट्रस्ट निर्माण करने सभी ने सहमति जताई साथ ही 51000 दान देने वाले सदस्यों को ट्रस्ट में सदस्य बनाए जाने व अघरिया धाम पैता में मंदिर निर्माण के प्रारंभ होने से अब तक के निर्माण कार्य में आये खर्च का विवरण बिल वाउचर के साथ प्रस्तुत करने को लेकर प्रस्ताव पास किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से अघरिया समाज के संरक्षक त्रिलोचन पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष नेहरू पटेल,पूर्व अध्यक्ष खेमराज पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल, कोषाध्यक्ष लवकुमार पटेल, गंगाराम पटेल, कामता पटेल, विश्वनाथ नायक, रामदयाल पटेल, प्यारेलाल पटेल, बलिराम पटेल,राजाराम पटेल, नेहरू लाल चौधरी, अमृत लाल पटेल जोगनीपाली, पुरूषोत्तम पटेल, तारेश्वरी नायक, सुशीला चौधरी, विलेश पटेल, धर्मेंद्र चौधरी, देवेंद्र पटेल, रूपानंद पटेल, धनीराम पटेल, श्यामलाल पटेल, प्यारेलाल पटेल, अरूण नायक, विजय पटेल, गंगाधर पटेल, अमिताभ चौधरी, रूपलाल नायक, तुलाराम पटेल, डोलचंद पटेल, समाज के आदि लोग उपस्थित थे।

## रोजगार मेले में 1220 युवाओं रिक्त पदों पर होगी भर्ती

# लाईवलीहुड कॉलेज में 11 जून को होगा रोजगार मेला

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र तथा मॉडल कैरियर सेन्टर कोंडागांव के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार 11 जून को सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लाईवलीहुड कॉलेज डोंगरीपारा कोंडागांव में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से 1220 रिक्त पदों पर पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

प्लेसमेंट कैंप में एसबीआई लाइफ लिमिटेड से डेवलपमेंट मैनेजर के एक पद पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक व 2 वर्ष वर्ष का अनुभव आवश्यक है। सैल्स ऑफिसर के 2 पद शैक्षणिक योग्यता स्नातक के साथ 1 वर्ष की अनुभव, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2 पद शैक्षणिक योग्यता हेतु स्नातक एवं डिप्लोमा के साथ 0 से 1 वर्ष का अनुभव, कोंडानार गार्मेंट फेक्ट्री से लाइन सुपरवाइजर के 10 पदों हेतु 12वीं और स्नातक के साथ 0 से 1 वर्ष का अनुभव, सेविंग मशीन ऑपरेटर के 50 पदों हेतु 8वीं के साथ 0 से 1 वर्ष का अनुभव, पेकर एवं चेकर के 50 पदों हेतु 5वीं के साथ 0 से 1 वर्ष का अनुभव एनजेएसएसएस प्रावेट लीमिटेड में सेल्स हेतु 100 पदों हेतु 12वीं एवं 0 से 1 वर्ष का अनुभव, डिलीवरी बाय के 50 पदों हेतु 10वीं, असिस्टेंट इंजीनियर के 100 पदों हेतु डिप्लोमा 0 से 1 वर्ष का अनुभव, रिसेप्शनिस्ट के 5 पदों हेतु 12वीं, ऑफिस बाय हेतु 5 पदों हेतु 10वीं, असेम्बली लाइन ऑपरेटर हेतु 10वीं, स्वतंत्रता माइक्रो फाइन प्रावेट लीमिटेड से फिल्ड ऑफिसर के 30 पदों हेतु 10वीं एवं 0 से 1 वर्ष का अनुभव, कलेक्शन ऑफिसर के 10 पदों हेतु 10वीं के साथ 0 से 1 वर्ष का अनुभव, रिस्क ऑफिसर के 2 पदों हेतु स्नातक एवं बी कॉम के साथ 0 से 1 वर्ष का अनुभव साथ ही स्वतंत्रता माइक्रो फाइन प्राइवेट लीमिटेड में बाइक के साथ ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी है।

इसके अतिरिक्त सैटीन क्रेडिट केयर से सीएसओ के 4 पदों हेतु 12वीं एवं 0 से 1 वर्ष का अनुभव के साथ ही बाइक के साथ ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी है। अलर्ट एसजीएस कार्केटिंग मैनेजर के 4 पदों हेतु स्नातक के साथ 5 से 10 वर्ष का अनुभव, हेयरिंग एजेंट के 30 पदों हेतु 12वीं से स्नातक के साथ 0 से 05 वर्ष का अनुभव, सुरक्षा कर्मी के 100 पदों हेतु 8वीं से स्नातक, सुमीत बाजार में सेल्स मेन के 30 पदों हेतु 10वीं, एसके सेफ्टी विंग्स प्राइवेट लिमिटेड हेतु 100 पदों के लिए 12वीं, वेयर हॉउस ऐसोसियेट के 300 पदों हेतु 12वीं एवं इंग्लिस पढ़ना आना चाहिए। इसके साथ ही सुरक्षा गार्ड के 50 पदों हेतु 12वीं, औद्योगिक श्रमिक के 50 पदों हेतु 5वीं एवं 8वीं, रसोईघर प्रबन्धक के 30 पदों हेतु 5वीं एवं 8वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। विभिन्न रिक्त पदों हेतु इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां अपने शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा अन्य प्रमाण पत्रों के साथ उक्त रोजगार मेला में सम्मिलित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोंडागांव में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# हमारे मित्र ऐसे हो जो हमारे लक्ष्य प्राप्ति में सहायक हो-कलेक्टर नम्रता गांधी

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



कुरूद विकासखण्ड के ग्राम कातलबोड मे बीते 1 मई से परिक्षेत्र साहू समाज बानगर के मार्गदर्शन एवं साहू कर्मचारी प्रकोष्ठ परिक्षेत्र बानगर के नेतृत्व में चल रहे निःशुल्क शैक्षिक मार्गदर्शन एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आज समापन हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी ने बच्चों का आह्वान करते हुए कहा कि माता.पिता हमारे सबसे बडे शुभचिंतक हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी लक्ष्य की प्राप्ति तब कर पाएंगे, जब हम अपने ऊपर काम करेंगे। स्वयं पर काम तीन स्तरों पर होता है, शरीर मन और आत्मा, इन तीनों स्तरों पर स्वयं को शक्तिशाली बनाने की आवश्यकता है। शरीर को स्वस्थ और मजबूत रखना हमारा धर्म है, मन की शक्ति और तनाव से मुक्ति के लिए ध्यान जीवन का अनिवार्य अंग होना चाहिए। कलेक्टर ने बच्चों के पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए बताया कि सोचों मेरे जाने के बाद लोग मुझे किस रूप में जाने, मेरी उपयोगिता ही मेरी पहचान है, कोई भी पद बडा या छोटा नहीं होता। प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और कलेक्टर बनने से भी बडी बात अच्छा इंसान बनना है। कलेक्टर गांधी ने सोशल मीडिया से बच्चों को सावधान करते हुए कहा कि यह यू.ट्यूब, फेसबुक इंस्टाग्राम हमारे सृजनशीलता पर विराम लगा देता है और हमें निर्जीव बनाता हैं। बुद्धि का नाश कर देता हैए इसलिए इनसे बचे। उन्होंने विद्यार्थियो को बताया की यदि हमे एक सफल व्यक्ति बनाना है, तो हमे अपने आपको पहचानना और समझना होगा। हमे अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को समझना होगा तथा अपने लक्ष्य की पहचान करना होगा। उन्होंने कहा कि हमे अपने माता पिता एवं गुरुजनों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन का अनुसरण करना होगा तथा सफलता प्राप्त करने के लिए समय का सफल नियोजन करना पड़ेगा।

# स्वच्छ ग्राम सप्ताह में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम

## जिले के गांव गांव में लोग कर रहे श्रमदान

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com




पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत जिले के गांव-गांव में स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं गांव में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, मेट, बिहान समूह की महिलाएं, ग्रीन आर्मी स्वच्छता समूह की दीदी, स्वयं सेवी संस्था प्रथम, प्रदान संस्था, एग्रीकेट सोसायटी, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, दीवार लेखन, स्वच्छता एवं पेयजल पर आधारित नारा लेखन, स्वच्छता के तहत सामुदायिक शौचालय की साफ-सफाई, सोकपिट-रिचार्ज पिट मरम्मत एवं निर्माण कराये जा रहे हैं। साथ ही पर्यावरण जागरूकता हेतु पुराने वृक्षों पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों द्वारा रक्षा सूत्र बांधकर वृक्षों की रक्षा करने लोगों को सजग किया जा रहा है। वर्षा प्रारंभ होने के पूर्व तालाब एवं सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण हेतु गढ्ढे की खुदाई किया गया, ताकि हरियाली हेतु समय पर वृक्षारोपण की जा सके। प्रधानमंत्री आवास एवं जनमन आवास हितग्राहियों के घरों के पास गढ्ढा की खुदाई वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया गया। स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन जिले के सभी ग्राम पंचायत में किये जा रहे हैं। इस दौरान वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप से जैविक कचरे को पोषक तत्व के रूप में जैविक खाद बनाने के गुर भी बताये जा रहे हैं। अपशिष्ट पदार्थों के पुनःचक्रण अकार्बनिक कचरे से प्रसंस्करण और जल निकासी गढ्ढों का निर्माण पंचायतों में कराये ज रह हैं। गैर बायोडिग्रेडेबल कचरे के पुनःचक्रण जैसी ''वेस्ट टू वेल्थ'' पहलुओं पर लोगों का ध्यान आकर्षित किये जा रहे हैं। आगे उन्होंने यह भी कहा कि गांव में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण वृक्षरोपण स्किल डेवलपमेंट जनरल एक्टिविटी जैविक खेती व अन्य तरह के रचनात्मक कार्यों को भी स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह में शामिल किये गये हैं। स्वच्छ भारत अभियान के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण, जल शक्ति अभियान युवाओं में नशामुक्त समाज बनाने की भी अपील की जा रही है। ज्ञात हो कि धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत पोटियाडीह, परसतराई, खरतुली, रांवा, सांकरा(स), कुरूद विकासखंड के ग्राम पंचायत कन्हारपुरी, कातलबोड़, धूमा, कचना, मड़ेली, चटौद, मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत कोरगांव, राजपुर, सोनपैरी, हसदा, सिंगपुर नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत मौहाबाहरा, खम्हरिया, मुनईकेरा, सिहावा, कल्लेमेटा, गुहाननाला की महिलाओं ने पुराने पीपल, बरगद एवं विभिन्न प्रजाति के वृक्षों को ग्रामीणजनों की उपस्थिति में रक्षासूत्र बांधकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। साथ ही प्रकृति वंदन कर समस्त मानव जाति के कल्याण की कामना की जा रही है।

दीपक ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमतरी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के आयोजन में ग्रामीणजन बढ़चढ़कर हिस्सा लिए हैं। चूंकि यह आयोजन स्वच्छता पर केन्द्रित एक परिवर्तनकारी चरण का प्रतिनिधित्व करते हैं। बी.आर. वर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद ने बताया कि-ग्रामीण क्षेत्रों में भू-जलस्तर में गिरावट एक प्रमुख चिंता का विषय है। क्योंकि यह पेय जल का प्राथमिक स्त्रोत है। भू-जल की कमी के कारण सिंचाई के लिए भू-जल का अत्यधिक दोहन शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन शामिल होने की जानकारी लोगों को दी। ग्राम पंचायत पोटियाडीह के सरपंच सीताराम ध्रुव ने बताया कि-पेड़ पौधे जीवन के आधार होते हैं इसलिए हमें इनकी रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी रक्षा करने की अपील की। जनप्रतिनिधि अनिल कुमार तिवारी ने बरगद वृक्ष में रक्षासूत्र बांधकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। पर्यावरण आध्यात्मिक, व्यावयायिक, सांस्कृतिक आदि दृष्टिकोण से वृक्षों का मानव जीवन में काफी महत्व रहा है। विकासखंड नगरी की ग्रामीण महिलाओं ने स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह कार्यक्रम में जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया और यह भी कहा कि पेड़ों से आक्सीजन, कृषि भूमि का नमी व जीवन के लिए पानी तभी संभव है जब पेड़ बचेंगे। इस अवसर पर ग्रीन आर्मी दीदियों का श्रीफल भेंटकर एवं गुलाल से टीका लगाकर सम्मान किया गया।

## भुरकोनी वट सावित्री का व्रत रखकर सुहागिन महिलाओं ने बरगद वृक्ष की पूजा अर्चना किया



**भुरकोनी।** ग्राम भुरकोनी वट सावित्री का व्रत रखकर सुहागिन महिलाओं ने बरगद वृक्ष की पूजा अर्चना किया गया ,ओर अपने पति की लंबी आयु की कामना किया वट सावित्री का व्रत बड़ी संख्या में विवाहित महिलाओं वृक्ष के नीचे अपनी पति की लंबी उम्र और अपने वैवाहिक सुख ओर रक्षा के लिए वट सावित्री वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना किया गया ओर महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर वैवाहिक सुख की कामना की।

## तेज आंधी बारिश में राइस मिल का टीन शेड उखड़ा



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मानसून में तेजी से परिवर्तन हो रहा है । आज जिले के कई क्षेत्रों में तेज आंधी तूफ़न के साथ अच्छी बारिश भी हुई । एक तरफ भरी गर्मी से आमजनों को राहत मिली तो दूसरी ओर बलौदाबाजार के निकट ग्राम डोटापार में स्थित राइस मील की टीन शेड को आंधी ने उखाड़ फेंका , जिससे उन गोदामों में भण्डारित हजारों क्विंटल धान व लगभग सौ क्विंटल निर्मित चांवल बरसात के पानी से खराब हो गया। वहीं आंधी इतनी तेज गति से आई की गोदाम की दीवाल को भी गिरा दी। तेज हवा के कारण मिल में काम कर रहे हैं मजदूर घबरा गए राइस मिल की दीवाल गिर गई। आंधी तूफान के साथ मानसून की दस्तक ने बलौदाबाजार के निकट ग्राम डोटापार में स्थित सत्यनारायण राइस मिल के परिसर व गोदाम के टीन शेड के उखड़ जाने से लाखों का ज्ञात हो कि नवतपा के बाद

## पीएटी एवं पीव्हीपीटी की प्रवेश परीक्षा 9 जून को, 1550 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित पीएटी एवं पीव्हीपीटी की प्रवेश परीक्षा जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में रविवार 9 जून 2024 को आयोजित की जायेगी। परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का दाखिला राज्य के सरकारी एवं निजी एग्रीकल्चर एवं वेटेनरी पॉलीटेक्निक कॉलेजों में होगा। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में इसके लिए 6 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए है। जिसमें दाऊ कल्याणसिंह शासकीय कॉलेज बलौदाबाजार, शासकीय मिनीमाता कन्या कॉलेज बलौदाबाजार, पण्डित चक्रपाणि शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिस मीडियम स्कूल एमडीव्ही बलौदाबाजार,पण्डित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार एवं गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल शामिल है। 6 केन्द्रों को मिलाकर इस प्रवेश परीक्षा में जिले में कुल 1550 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा केवल एक ही पाली में सुबह 9 बजे से 12.15 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा में शामिल हो रहे बच्चों को निर्धारित समय से आधा घण्टा पहले पहुंचना अनिवार्य है।व्यापम के निर्देशानुसार परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र के साथ अपने परिचय पत्र की मूल प्रति जरूर अपने साथ रखें।

## पूर्णिमा ज्ञानेश्वरी फाउंडेशन ने किया 12वीं टॉपर महक अग्रवाल का सम्मान

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित 12वीं बोर्ड परीक्षा में पुरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली छात्रा महक अग्रवाल पिता नवीन अग्रवाल को पूर्णिमा ज्ञानेश्वरी फाउंडेशन लंबर द्वारा स्मृति चिह्न एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ में बड़े साजापाली स्कूल में 90त्न अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल करने पर मीनाक्षी साहू पिता गोपाल साहू एवं नीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर भानुप्रिया अग्रवाल पिता मुरली अग्रवाल सागरपाली का भी फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया। गरिमामयी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के सदस्यों ने इन बेटियों की इस उपलब्धि को पूरे अंचल के लिए गौरव बताया और महक की विशेष रूप से प्रशंसा की। इस अवसर पर व्याख्याता कमलेश साहू ने कहा कि पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करके महक अग्रवाल ने महासमुंद जिला को गौरवान्वित किया है। इस तरह प्रतिभा का सम्मान करने से अन्य छात्रों को प्रेरणा मिलती है। चंद्रकांत चौरसिया ने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में बेटियां भी नई ऊंचाइयों को छू रही है। महक अग्रवाल अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे अंचल का नाम रोशन किया है। बड़े साजापाली प्राचार्य युएस पटेल ने कहा कि महक ने अपनी मेहनत के बल पर जो उपलब्धि हासिल की है वह शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श है। वे चाहते हैं कि उनके विद्यालय में भी समारोह आयोजित कर महक अग्रवाल को आमंत्रित करेंगे। शासकीय हाई स्कूल रोहिना के प्रभारी प्राचार्य अजय जायसवाल ने कहा कि महक की उपलब्धि पूरे अंचल के लिए एक मिसाल बन गई है। पूर्णानंद मिश्रा ने कहा कि पूर्णिमा ज्ञानेश्वरी फाउंडेशन की ओर से इस तरह का सम्मान करना अनुकरणीय है। फाउंडेशन असहाय गरीब निशक्तजनों की की सहायता करने में भी अग्रणीय भूमिका निभा रहा है। महक के पिता नवीन अग्रवाल एवं माता श्रीमती पूजा अग्रवाल सहित समस्त परिवार जनों ने फाउंडेशन का स्वागत किया। इस अवसर पूर्णानंद मिश्रा, उर्मिला मिश्रा, चंद्रकांत चौरसिया, उस्ताद अली, कमलेश साहू, अजय जायसवाल, रामकुमार मैत्री, लोकेंद्र नायक, द्रुपत पटेल, विकास पटेल, मुरली अग्रवाल, अमित चौरसिया, लक्ष्मीधर प्रधान, अर्चिता, अक्षता मिश्रा, कलादेवी अग्रवाल, सेवा अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, करन अग्रवाल, श्रेयांश एवं सांची आदि परिजन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमित चौरसिया ने एवं आभार व्यक्त पूजा अग्रवाल ने की।

## दिवंगत स्वास्थ्य अधिकारी के परिजन को दिया गया 5 लाख रुपये की सहयोग राशि

**गरियाबंद ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत् सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की 18 मार्च 2024 को असामयिक मृत्यु हो गई थी। मानव संसाधन नीति 2018 के अनुसार कार्यालयीन सेवा के दौरान किसी स्टाफ की किसी दुर्घटना, नक्सली हमला, असामयिक मृत्यु होने पर उसके परिवार को सहयोग राशि दिए जाने का प्रावधान है। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा 05 जून 2024 को दिवंगत कर्मचारी के पिता को 05 लाख रुपए का सहयोग राशि प्रदाय किया गया।

## बारनवापारा अभ्यारण्य में नही लगी है कही भी आग : डीएफओ

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बारनवापारा अभ्यारण्य के जंगलों में आगजनी संबधी भ्रामक अफवाह सोशल मीडिया प्रचारित हुई जिसे डीएफओ मयंक अग्रवाल ने सिरे से नकारते हुए गलत बताया है। उन्होंने बताया की बारनवापरा अभ्यारण्य के परिक्षेत्र कोठारी के अंतर्गत आने वाले परिवृत्त तुरतुरिया के कक्ष क्रमांक 79 ग्राम भिंभोरी आबादी क्षेत्र में दिनांक 27 मई 2024 को कृषक जय कुमार पिता शोभाराम जाति गोड़ एवं उनके पत्नि द्वारा खरीफ फसल के तैयारी हेतु अपने खेत में साफसफाई के दौरान मौजूद खरपतवार बड़े हो जाने के कारण उसे एकत्र कर जलाया गया। तेज हवा होने के कारण पीपल के पेड़ के चारों ओर रखे सुखी लकड़ी में आग लग गई थी जिसे तत्काल कृषक एवं वन विभाग के टीम द्वारा बुझाया गया। परिसर रक्षी एवं सहायक परिक्षेत्र अधिकारी तुरतुरिया, द्वारा उक्त घटना स्थल का मौका निरीक्षण किया गया तथा कृषक से अग्नि घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपने खेत के मेड़ की साफ सफाई के दौरान आग लगने की जानकारी दी गई तथा उक्त घटना के संबंध में कृषक द्वारा खेद व्यक्त कर भविष्य में इस प्रकार की गलती नही करने हेतु वन विभाग को आश्वस्त कर माफीनामा प्रस्तुत किया गया तथा कर्मचारियों द्वारा भी कृषक को इस प्रकार की कृत्य भविष्य में ना करने की समझाईस दी गई। पीपल के पेड़ को किसी भी प्रकार की क्षति नहीं हुई है।

## स्पंज आयरन प्लांट के विरोध में ग्रामीण, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय से महज 8 कि. मी. दूर लटुवा बिलासपुर मुख्यमार्ग पर स्थित ग्राम खजुरी में अनिमेष पॉवर प्लांट द्वारा लगाए जा रहे स्पंज आयरन प्लांट के विरोध में आस पास के 10-12 गांव के ग्रामीण एवं किसान लामबंद हो गए हैं एवं जनजीवन जंगल पानी खेत गावों को बचाने के लिए शासन प्रशासन से प्लांट ना लगाने की गुहार लेकर कई बार ज्ञापन के माध्यम से अपना विरोध दर्ज करा चुके हैं इसी क्रम में लोकसभा चुनाव का बहिष्कार भी ग्रामीणों के द्वारा किया गया था उस समय प्रशासन ने राजस्व पर्यावरण एवं खनिज अधिकारियों को भेजकर ग्रामीणों से मतदान करने की अपील की थी एवं अनिमेष पॉवर प्लांट द्वारा बिना अनुमति किए जा रहे अवैध प्लांट के निर्माण पर रोक लगाई थी एवं जाँच होने तक काम नही करने के लिए आदेशित भी किया था लेकिन प्लांट संचालकों के द्वारा मतदान के दूसरे दिन से ही उच्च अधिकारियों की बातों को अनसुना करते हुए पुनः निर्माण कार्य जोर शोर से दिन रात किया जा रहा है अनिमेष पॉवर प्लांट के विरुद्ध ग्रामीणों ने शिकायत में कहा है की इनके द्वारा किसी भी तरह की अनुमति ग्राम पंचायत से नही ली गई है और ना ही कभी इसके संबंध में कोई जनसुनवाई ही हुई है ना ही प्लांट वालों के द्वारा किसी तरह की अनुमति ली गई है बिना भूमि परिवर्तन कराये ही अपनी मनमानी करते हुए पैसे और पहुँच का रौब दिखाकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है एवं विरोध कर रहे ग्रामीणों को प्लांट के कर्मचारियों एवं कामगारों द्वारा लगातार डराया धमकाया जा रहा है ग्रामीणों का कहना है की सरकार और प्रशासन पर्यावरण बचाने की बात तो करते हैं लेकिन जिन उद्योगों से सीधी तौर पर गावों में निवासरत गरीब जन पालतू एवं वन्य पशुओं जीव जंतुओं पेड़ पौधे पक्षियों जंगल नदी कृषि भूमि को केवल नुकसान हो उन्हें घनी आबादी में लगाने की अनुमति किस आधार पर दी जा रही है अनिमेष पॉवर प्लांट के विरुद्ध पिछले 6-7वर्षो से ग्रामीण एवं किसान ये लड़ाई लड़ रहे हैं पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस के शासन में प्लांट का कार्य बंद था लेकिन सरकार बदलते ही पुनः अवैध रूप से निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है ग्रामीणों ने आज मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल निर्माण कार्य बंद कराने एवं स्पंज आयरन प्लांट नही लगाने को लेकर सुनवाई नही होने की स्थिति में ढाबाडीह एवं करही तिराहा मुख्यमार्ग पर 10 जून सोमवार से अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल, धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम करने की बात कही है अनिमेष स्पंज आयरन प्लांट के विरोध में ग्राम खजुरी, ढाबाडीह, बोईरडीह, केसला, रामदैया, मोहतरा रसेड़ा रसेड़ी पारागांव के ग्रामीण सम्मिलित हैं।

## कलेक्टर के एल चौहान ने सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न होने पर अधिकारी कर्मचारी,मीडिया प्रतिनिधियों सहित अन्य सभी वर्गो के प्रति जताया आभार

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न होने पर अधिकारी-कर्मचारी,मीडिया प्रतिनिधियों सहित अन्य सभी वर्गो के प्रति अपना आभार जताया। उन्होने कहा की लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो गई लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्य में जिले के समस्त शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन भली भांति एवं पूरी निष्पक्षता के साथ सफलतापूर्वक सम्पादित किया गया। जिले के इलेक्ट्रानिक/प्रिंट मीडिया, स्थानीय जन प्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों के द्वारा भी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान सकारात्मक सहयोग प्रदान किया गया। इलेक्ट्रानिक / प्रिंट मीडिया के द्वारा भी मतदाता को जागरूक करने, सूचनाओं को त्वरित जनमानस तक पहुंचाने, अफवाहों से बचाने एवं निष्पक्ष मतदान में भाग लेने हेतु प्रेरित करने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। इसके साथ ही महिला अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा चुनाव प्रक्रिया में भाग लेते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन बड़े उत्साह से किया गया। विशेषकर संगवारी मतदान दल में शामिल महिला कर्मचारियों का प्रयास अत्यधिक सराहनीय रहा, जिनकी जितनी भी प्रशंसा की जावे,वह कम है। वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, व्यय लेखा टीम काल सेंटर, मीडिया सर्टिफिक्रेशन एवं मानिटरिंग कमेटी, उड़नदस्ता, स्थैतिक निगरानी दल,मतदान दलों के द्वारा भी अपने दायित्वों का निर्वहन जिस तत्परता से किया गया, वह भी सराहनीय है। स्वीप के तहत जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान प्रशंसनीय रहा,जिसमें विद्यालय/ महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, महिला स्व सहायता समूह,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से हमें इसमें सफलता मिली। अभियान के दौरान हमने एतिहासिक 5 गोल्डन बुक आफ रिकार्डस भी बनाये,जो आप सभी के सामूहिक प्रयास एवं मेहनत का नतीजा है। पुलिस प्रशासन के द्वारा भी अपने कार्यों का सम्पादन पूरी दक्षता एवं तत्परतापूर्वक किया गया,जिसके कारण जिले में कहीं पर भी कानून एवं व्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हुई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों के द्वारा भी समय समय पर जिला प्रशासन को दिये गये मार्गदर्शन से भी निष्पक्ष चुनाव कराने में मदद मिली। लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफलतापूर्वक सम्पादन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने हेतु जिला प्रशासन इन सभी का आभारी है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर रूद्री स्कूल में किया गया वृक्षारोपण






पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्री मे प्राचार्य दीप्ती ध्रुव की निर्देशन एवं स्काउट मास्टर एनएसएस् कार्यक्रम अधिकारी मोहित राम बनपेला, गाइड केपटन रजनी जगताप की मार्गदर्शन मे स्काउट गाइड, एनएसएस वालेंएंट्रीयरस ने विद्यालय परिसर मे वृक्षारोपण करके पर्यावरण संरक्षण की ओर कदम आगे बढाया। इस अवसर प्राथमिक विद्यालय की समस्त शिक्षक, माध्यमिक विद्यालय के प्राधन पाठक शंकर लाल देवांगन ने सहयोग प्रदान किये।

## कार्यकर्ताओं का मेहनत लाया रंग : प्रकाश बैस

### जीत को बरकरार रखना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी : उमेश साहू

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



.लोकसभा चुनाव में भाजपा गंगरेल मंडल के ऐतिहासिक जीत होने पर मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने रुद्री चौक में आतिशबाजी कर ढोल बजाकर नारे लगाते हुए जश्न मनाया।सभी कार्यकर्ताओं के भीतर ऊर्जा उमंग स्पष्ट दिख रहा था भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस मंडलों में जाकर आभार व्यक्त किये आमदी मंडल भोथली मंडल होते हुए गंगरेल मंडल के रुद्री चौक में जिला अध्यक्ष का जोरदार फुल माला से स्वागत हुआ आतिशबाजी की गई ढोल बाजे के साथ कार्यकर्ता झूम उठे। जिला अध्यक्ष ने आभार करते हुए कहे की गंगरेल मंडल को ऐतिहासिक जीत मिली है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं का योगदान है आगे भी इसी तरह मजबूती से काम करके भाजपा का बढ़त बनाते ही रहना है। उपस्थित जिले के उपाध्यक्ष कविंद्र जैन सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहे की तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने सभी कार्यकर्ताओं ने कमर कसे थे जिसका परिणाम है कि आज गंगरेल मंडल ऐतिहासिक रूप से जीत दर्ज कराकर धमतरी भाजपा को गौरवान्वित किया। जिला के महामंत्री अविनाश दुबे ने अपने संबोधन में उपस्थित युवाओं के ऊर्जा और शौर्य की तारीफ करते हुए कहा की हमारे कार्यकर्ता जो लगातार रात दिन भूख प्यास की चिंता छोड़कर राष्ट्र कार्य के लिए भाजपा को जिताने परिश्रम किया जिसका परिणाम है कि आज ऐतिहासिक दर्ज जीत दर्ज हुई है। इसी क्रम में गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू ने भी सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा की पद आते जाते रहता है आज मैं हूं कल कोई और रहेगा यह प्रक्रिया सतत चलती रहेगी। सभी कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण दायित्व रहना चाहिए कि ऐतिहासिक जीत की धरोहर जो हमको प्राप्त हुई है उस धरोहर को हमें संभाल कर रखना है और लगातार आगे बढ़ते रहना है। उपस्थित जनपद सदस्य पिंकू जागेंद्र साहू और सरपंच अनिता यादव के द्वारा सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से दिग्विजय सिंह क्रिदत्त सुशांत पिल्लेवार ,नरेश यादव, चेतन साहू, गोरख सिन्हा,टिकेश्वर देवांगन, उमेंद्र सिन्हा,मुकेश यादव, राहुल मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर दुर्ग वन मंडल का जिला स्तरीय रैली एवं पौधारोपण कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन मंडल दुर्ग द्वारा पर्यावरण संरक्षण पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता के लिए व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातः 7 बजे वन मंडल कार्यालय से वन मंडलाधिकारी चंद्रशेखर शंकर परदेशी के मार्गदर्शन में भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने खुद भी साइकिल चलाते हौसला अफ्ज़ाई करते हुए मालवीयनगर चौक से राजेंद्र पार्क होते हुए बस स्टैंड, गांधी पुतला से शीतला मार्केट होते हुए पद्मनाभपुर गौरव पथ, जेल तिराहा, ठगड़ा बांध ओवरब्रिज होते तालपुरी नगर वन में सायकिल रैली का समापन किया। सायकिल रैली में सहभागिता दिखाते हुए स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं, एनसीसी, एनएसएस के कैडेट्स, सामाजिक संगठनों अधिकारी कर्मचारियों एवं नागरिकों ने अपनी-अपनी साइकिलों में सामने पर्यावरण जागरूकता नारे लिखी तख्तियां टांगकर 'सुखी धरती करे पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार, सांसे हो रही हैं कम, आओ पेड़ लगाएं हम, वन ही जीवन है... इत्यादि नारों के साथ रैली में शामिल हुए। रैली तालपुरी नगर वन पहुंचते ही सबने नगर वन भ्रमण किया। इसके बाद छत्तीसगढ़ के प अभयारण्य गिद्धवा परसदा से आए प मित्र एवं विशेषज्ञों ने बांध में जल क्रीड़ा कर रहे पक्षियों को उनके नाम, निवास, परिचय, प्रजाति आदि के साथ बायनेकुलर के द्वारा सबको प दर्शन कराया। इसके पश्चात पौधारोपण का कार्यक्रम शुरू हुआ। संभागायुक्त सत्यनारायण राठौड़ ने प्रथम पौधा रोपित कर कार्यक्रम की शुरुवात की। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, वन मंडलाधिकारी चंद्रशेखर शंकर परदेशी, डीआईजी बीएसएफ वी.एम. बाला, डॉ. तारिक अहमद सीएमओ बीएसएफके साथ बीएसएफ के अन्य अधिकारी एवं जवान, उप वन मंडलाधिकारी डी.के. सिंग, युवोदय जिला समन्वयक शशांक शर्मा तथा स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं, पर्यावरण मित्र मंडल भिलाई, स्वच्छता ही सेवा है समिति भिलाई, स्वच्छ धरा समिति, मिशन 100 करोड़ पौधारोपण समिति भिलाई, ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया दुर्ग, युवोदय दुर्ग के दूत, वृक्ष मित्र दुर्ग, पर्यावरण संदेश भिलाई, मास्टर एस्केटिक समूह भिलाई, ऑक्सी जोन समूह दुर्ग, युवा शक्ति संगठन बोरसी सहित अनेक संस्थाओं, नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों ने बारी बारी से पौधारोपण किया। पौधारोपण पश्चात मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संभागायुक्त एस.एन. राठौड़ ने वृक्ष, वन एवं ऑक्सीजन के बारे में व्यापक मार्गदर्शन दिया। इस कड़ी में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने घटते हरियाली, बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा के संबंध में बताते हुए हर व्यक्ति को पौधा लगाकर संरक्षित करने कहा। बीएसएफकी भी वृक्षारोपण में बड़ी भूमिका रही। डीआईजी बीएसएफवी.एम. बाला ने सारगर्भित संबोधन देते हुए हर व्यक्ति को पौधा लगाने, उसे बड़ा करने हेतु मार्गदर्शन दिया। वन मंडलाधिकारी ने विश्व पर्यावरण दिवस को रेखांकित करते हुए पौधे लगाकर उसे बढ़ाने एवं वृक्ष बनाने आव्हान किया। पर्यावरण विद डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही ने शेरो शायरी के माध्यम से एवं अनेक दृष्टांत के साथ वृक्ष एवं वन के महत्व को प्रतिपादित करते हुए दुर्ग के निरंतर बढ़ते तापमान के नियंत्रण के लिए तालपुरी नगर वन की तर्ज पर और भी नगर वन विकसित करने हेतु ज्ञापन संभागायुक्त को दिया। जिसका उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ समर्थन किया। इसके पश्चात पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं, स्वयं सेवी संगठनों एवं पर्यावरण मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन शायरी एवं कविताओं के माध्यम से सोनाली सेन एवं कमल साहू ने किया।

# नागरिकों को परेशान करने वाले अधिकारी की अब खैर नहीं : आयुक्त मोनिका

## आचार संहिता खत्म होते ही आयुक्त एक्शन मोड में



पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

परेशान व्यक्ति को अनावश्यक रूप से दफ्तर का चक्कर लगाने वाले अधिकारी-कर्मचारी की खैर नहीं। आयुक्त मोनिका वर्मा ने समय पर सभी को कार्यालय पहुंचने की हिदायत दी। आचार संहिता खत्म होते ही उन्होंने बैठक लेकर प्रत्येक कार्य को समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने की बात कही। खास तौर पर ऐसे कार्य को सजगता के साथ पूरा करने कहा जिसे नागरिक सीधे कार्यालय पहुंच कर आवेदन करते है। निगम आयुक्त ने शुक्रवार को अधिकारियों की क्लास ली। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारी से हितग्राही मूलक योजना- राशन कार्ड, नल कनेक्शन, आधार अपडेट, जन्म-मृत्यु और स्वच्छता से संबंधित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने निर्देश दिए। आगह करते कहा कि अगर कोई अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय पहुंचे नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान करने की शिकायत उन तक पहुंचती है तो वे सीधे कार्यवाही करेंगी। विभाग प्रमुखों और डिलिंग क्लर्क की बैठक में निगम सचिव रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**फिल्ड का बहाना न करें-**आयुक्त ने कहा कि कई कर्मचारी फिल्ड व सर्वे का बहाना कर पूरे दिन गायब रहते है। प्रत्येक कर्मचारी को अपने विभाग प्रमुख से अनुमति लेकर फिल्ड में निकलना होगा। उन्होंने अवकाश के लिए भी दिशा निर्देश दी। आयुक्त ने एक दिन पूर्व अथवा कार्यालय समय शुरू होने से पूर्व अवकाश लेने की सूचना को अनिवार्य किया है।

**निदान 1100 पर पर गंभीर हुई-**आयुक्त ने निर्माण कार्य से लेकर शिकायतों को बहाने बाजी के बिना समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि कई निदान 1100 में सीधे शिकायत दर्ज करते है। इन शिकायतों का त्वरित निराकरण पोर्टल में अवश्य दर्ज करे।

**विधायक ने ली विकास कार्यो की जानकारी-**दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने विकास कार्यो पर आयुक्त से चर्चा की। उन्होंने निगम क्षेत्र में विकास के प्रस्ताव को सूचीबद्ध करने कहा। विधायक ने स्पष्ट कहा है कि निगम कार्यालय पहुंचे नागरिकों का कार्य समय सीमा में हो। साथ ही उन्होंने नागरिकों के हित और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बड़े प्रस्ताव तैयार करने निर्देश दिए। प्रस्ताव को वे शासन स्तर पर स्वीकृत कराऐंगे।

# हेलमेट पहनने से सड़क दुर्घटना में हमारी सुरक्षा की गारंटी

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग जिले में दोपहिया वाहन चालकों की बड़ी संख्या है तथा सड़क दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा क्षति दोपहियां वाहन चालकों एवं उनके परिवारजनों को होती है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं से दोपहियां वाहन चालकों को होने वाली क्षति की रोकथाम के संबंध में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी दुर्ग अरविन्द एक्का की अध्यक्षता में परिवहन विभाग, खाद्य विभाग एवं पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी पेट्रोल पंप संचालक अपने परिसर में दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता एवं हेलमेट नही तो पेट्रोल नही, के संबंध में बैनर प्रदर्शित करेंगे तथा बिना हेलमेट के पेट्रोल भराने आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने पर ही पेट्रोल उपलब्ध कराये जाने की जानकारी देंगे। सभी दोपहियां वाहन चालकों से अपील की जाती है कि सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन चालकों को होने वाली क्षति की रोकथाम हेतु स्वयं बिना हेलमेट दोपहियां वाहन न चलावें, बिना हेलमेट पेट्रोल पंप में पेट्रोल भराने न जायें तथा अपने परिचितों को भी इस संबंध में जागरूक करें। आप सभी के सक्रिय सहयोग एवं जागरूकता से ही दोपहिया वाहन चालकों एवं उनके परिवार को दुर्घटनाओं में सिर पर लगने वाली चोट से बचाव संभव है। हेलमेट के उपयोग के लिए जागरूक करने हेतु पुलिस विभाग/यातायात शाखा द्वारा भी नियमित जांच एवं उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस उड़नदस्ता टीम, परिवहन विभाग एवं खाद्य विभाग द्वारा भी यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी दोपहियां वाहन चालक हेलमेट का नियमित उपयोग करें तथा पेट्रोल पंप संचालक हेलमेट का उपयोग करने वाले दोपहियां वाहन चालकों को ही पेट्रोल का प्रदाय करें। हेलमेट को खुशी-खुशी अपनायें अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# शिक्षक कला प्रतिभा संस्था ने वृक्षारोपण कर गीत संगीत का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



विश्व पर्यावरण दिवस की पावन अवसर पर शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी के द्वारा विभिन्न जगहों पर वृक्षारोपण का कार्य किया गया संस्था के संस्थापक राष्ट्रपति पुरस्कृत संजय कुमार मैथिल के संयोजन में विभिन्न जगहों पर वृक्षारोपण किया गया जिसमें संजय मैथिल द्वारा फलदार वृक्ष लगाए गए संरक्षक राष्ट्रपति पुरस्कृत परसराम साहू सलाहकार मोहित कुमार शर्मा अध्यक्ष मीना भारद्वाज मेहत्तर लाल देवांगन गीता देवांगन सुनीता जनार्दन डॉशीला शर्मा आदि के द्वारा वृक्षारोपण का कार्य बहुत ही सराहनीय ढंग से एवं समाज को पेड़ लगाने प्रेरित कर किया गया और साथ ही वर्चुअल माध्यम से गीत संगीत कविता का आयोजन संजय मैथिल के संयोजन में किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता परस राम साहु आभार प्रदर्शन मोहित कुमार शर्मा तथा कार्यक्रम का संचालन मीना भारद्वाज सरस्वती वंदना डॉ शीला शर्मा सुचिता साहू के द्वारा किया गया इस अवसर पर सदस्य मोहित कुमार शर्मा हेमा चंद्रवंशी शशि कला पांडे सुनीता जनार्दन लक्ष्मी बघेल धर्मेंद्र श्रवण पुष्पांजलि ठाकुर नंदनी देशमुख अनीता गौतम तृप्ति शर्मा प्रभा ठाकुर संतोष मिरी देव गायकवाड संगम वर्मा भोलाराम सिन्हा आदि के द्वारा सराहनीय प्रस्तुति रही।

# घरो से निकलने वाले कचरो से भिलाई निगम बना रहा खाद

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रतिदिन घरो से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरे का एकत्रिकरण कार्य किया जा रहा है। गिले कचरे से जैविक खाद का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही नगर निगम के उद्यानो से निकलने वाले पत्ते, खरपतवार, फूल इत्यादि को एकत्रित कर वहीं पर गढढा बनाकर जैविक उपयोगी खाद बनाया जा रहा है। उसी खाद से नगर निगम अपने नर्सरी में फूल पौधो को हरा भरा रखेगा। इसके साथ साथ जो हाउसिंग सोसायटी है उनके बीच में भी जाकर उन्हे प्रेरित किया जा रहा है कि अपाटमेंट के बीच में या जहां पर भी उद्यान है वहां से निकलने वाले जैविक कचरे को वहीं पर गढढा बनाकर सेग्रिगेट किया जाये जिससे खाद बन जाये, फिर से उसे उपयोगी खाद बनाया जा सके। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने उद्यान अधिकारी, भवन अनुज्ञा अधिकारी एवं निगम के जोन स्वास्थ्य अधिकारियो को निर्देशित किया है की जैविक कचरो का डिस्पोजल स्थानीय स्तर पर गढढा बनाकर खाद का निर्माण करके उपयोग किया जावे। नगर निगम भिलाई ने सभी नागरिको से अपील की है कि वे स्वयं ही अपने घरो से निकलने वाले फूल, गिरे हुए पत्ते पुजा सामग्री, बेल पत्र इत्यादि को अपने घरो के गमले में ही डालकरके थोड़ा मिटटी, गोबर, गुड़, पानी डाल के ढंग देवे।

# वट सावित्रीः पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत, बरगद पेड़ के नीचे की पूजा-अर्चना

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



न्यू आदर्श नगर जोन 3 मार्ग 8 मार्ग स्थित गार्डन समेत अनेकों स्थानों में आज सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा अर्चना पति की लंबी उम्र और सुख शांति की कामना की। वहीं, वट सावित्री पूजा को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया है। वट वृक्ष को मौसमी फल अर्पित करने, कच्चे सूत से बांधने और बियने हथ पंखा से ठंडक पहुंचाने के बाद महिलाओं ने आस्था के साथ इसकी परिक्रमा की पूजा के बाद वट सावित्री कथा भी सुनी।उल्लेखनीय है कि जेष्ठ मास के अमावस्या के दिन पडने वाले इस पर्व में सुहागिन महिलाओं ने पूजा की थाली सजाकर वट वृक्ष की बारह बार परिक्रमा की और फल फूल चढाकर सुख समृद्धि और पति की लंबी आयु की कामना करती है। इस व्रत का विशेष महत्व है जहां घरों में नई-नवेली दुल्हनों के साथ सुहागिन महिलाएं बरगद पेड़ के नीचे पहुंची पूरे दिन पूजा-अर्चना की।वट सावित्री पूजा के दौरान स्वेता बक्शी सहित बड़ी संख्या सुहागिनी महिलाएं में वट में कच्चा सूत्र लपेटकर परिक्रमा किया। इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि वट सावित्री पूजन करना फलदायक होता है व्रत रखने वाली महिलाओं के अनुसार इस व्रत को सबसे पहले सावित्री ने अपने पति सत्यवान की प्राण को यमराज से वापस मांगकर लाई थीं, तब से इस व्रत को सुहागिन करती चली आ रही है। वट सावित्री व्रत में महिलाएं 108 बार बरगद की परिक्रमा करती हैं। कहते हैं कि वट सावित्री पूजन करना बेहद फलदायक होता है।महिलाओ ने ये भी कहा कि इस दिन महिलाएं सुबह से स्नान कर लेती हैं और सुहाग से जुडा हर श्रृंगार करती हैं।

# शहरी अजीविका मिशन की समीक्षा बैठक राज्य स्तरीय दल द्वारा

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में शहरी अजीविका मिशन की समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें रायपुर से राज्य स्तरीय शहरी आजीविका मिशन टीम निगम सभागार में पहुंचकर शासन से जारी गाईडलाईन से संबंधित दिशा-निर्देश दिये। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज शासन की विभिन्न योजना से संबंधित विषयो पर चर्चा की गई, जिसमें राज्य स्तीरय शहरी अजीविका मिशन रायपुर की टीम प्रमुख रूप में स्टेट मैनेजर प्रशांत ताम्बोली, उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील अग्रहरी ने शासन की योजनाओ के बारे में जानकारी दी पूर्व में चल रहे प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रोग्रेस के बारे में पूछ नये दिशा निर्देश दिये। की किस प्रकार से शहरी लाभार्थियो को इस योजना से जोड़के उनको विकासमुखी बना सकते है। स्व-निधि योजना जिसके अंतर्गत ऐसे छोटे व्यापारी जिनको अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता होती है उन्हे शासन की गारंटी पर आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक को आधार मानकर व्यापार करने के लिए प्रारंभिक अवस्था में 10000 का लोन प्रदान किया जाता है।

## आवारा पशुओ को पकड़ने का अभियान जारी



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जो आवारा पशु रोड में, मार्केट में, मुख्य सड़को पर या अन्य सार्वजनिक स्थल पर घुमते हुए पाये जा रहे है उसे नगर निगम भिलाई के आवारा पशु पकड़ने वाले दल द्वारा पकड़कर गौठान में लाकर रखा जा रहा है। इसी तारतम्य में जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत निदान 1100 में प्राप्त शिकायतो के आधार पर आवारा सांड एवं पशुओ को पकड़ करके गौठान में लाया गया। नगर निगम भिलाई द्वारा बार बार समझाईस देने एवं चालानी कार्यवाही करने के बाद भी बहुत सारे पशुओ के मालिको द्वारा जानवरो के दुध निकाल लेने के बाद रोड में छोड़ देते है जिससे सड़क दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। नगर निगम भिलाई द्वारा उसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान में तोड़फोड़ दस्ता अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन-2 के सहायक राजस्व अधिकारी जगदीश तिवारी, दस्ता प्रमुख हरिओम गुप्ता अपने दल के सदस्यो के साथ मुस्तैदी से इस कार्य में लगे है।

# समस्याओं से रूबरू होने पंहुचे महापौर पानी निकासी की समस्या होगी दूर

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग निगम के वार्ड क्रमांक 15 की समस्याओं को जानने महापौर धीरज बाकलीवाल नागरिकों से रूबरू हुये। इस दौरान आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली मौजूद रहे। इस अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने मौजूद अधिकारी / कर्मचारी से वार्ड में दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पानी निकासी का संसाधन नहीं होने की शिकायत को गंभीरता से लिया। नागरिकों को आश्वस्त किया कि जल्द समस्या का निराकरण कर नाली के पानी की निकासी की व्यवस्था किये जाने को लेकर निर्देश दिये।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि नगर पालिक निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियान राइट द फाइट की सफलता के लिए इन दोनों कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। आयुक्त लोकेश चंद्रकार ने साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर ही अधिकारियों को नालियों का बेहतर ढ़ंग से सफाई करवाने निर्देश दिये।महापौर ने कहा कि शहर को और भी साफ सुथरा रखने की बात कही। महापौर ने कहा कि कुछ ही दिनों में बारिश शुरू हो जाएगी। इसके लिए नालियों की नियमित सफाई हो तथा लोगों को नालियों व नाला में कचरा न डालने के लिए प्रेरित किया। महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा वार्ड 15 में पहुँचे और लोगो के द्वारा शिकायतो को संज्ञान में लिया।

## ग्राम रेहुटा मे युवा का शव मिलने से क्षेत्र मे सनसनी




**मुंगेली।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रेहुटा मे लगभग 30 वर्षीय युवा का शव मिलने से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई । पुरा मामला ग्राम रेहुटा का है,, जहाँ तड़के सुबह सिटी कोतवाली क्षेत्र में रायपुर रोड़ स्थित कामता दारू भट्ठी के सामने एक अज्ञात व्यक्ति मिलने की सूचना पुलिस को मिली। जिसकी सुचना मिलते हूँ कोतवाली पुलिस मौक़े पर पहुँचे गई,, मृतक का पहचान ग्राम चमारी निवासी नरेंद्र श्रीवास 30 वर्ष पिता शिव श्रीवास पहचान की गई,,,और जांच मे जुटी है।

**बोर्ड परीक्षा परिणाम को लेकर बहुत दुखी हैं बलरामपुर जिले के कलेक्टर**

# कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिले में संचालित होने वाले शैक्षणिक संस्थाओं के बोर्ड परीक्षा परिणाम से कलेक्टर बहुत दुखी है उन्होने बेहतर परिणाम के लिए कड़े निर्देश दिए हैं। गत दिनों संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने समीक्षा करने के बाद बोर्ड परीक्षा परिणाम को लेकर काफी गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस वर्ष जारी कक्षा 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम के मद्देनजर आगामी नए शिक्षा सत्र में बेहतर प्रयास कर अधिक से अधिक बच्चों को स्टेट मेरिट सूची में लाने का प्रयास करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी डी.एन.मिश्रा से कहा कि अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले प्राचार्यों एवं शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई करें।

वही अ-शासकीय विद्यालय से अधुरी जानकारी अ-प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी प्राचार्यो को आगामी बैठक में पूर्ण जानकारी लेकर उपस्थित होने को कहा। उन्होंने स्कूलों के निर्माणाधीन भवन,शौचालय,भवन मरम्मत, आदि सुधार व्यवस्था की जानकारी लेते आगामी नए शिक्षा सत्र के लिए स्कूलों एवं छात्रावासों में साफ-सफाई करने के साथ आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ रेना जमील विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी,शासकीय एवं अ-शासकीय विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

**जिले में शिकको कि संलग्निकरण बनी वजह** -जिला बलरामपुर रामानुजगंज में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से लेकर एसडीएम कार्यालय तहसीलदार कार्यालय सहित अन्य कार्यालयो में राजनीतिक रशुखों के दम पर संलग्निकरण का खेल खुलेआम चल रहा है। जिसका परिणाम सामने देखने को भी मिल रहा है इसके बाद भी इस दिशा में कलेक्टर जिला पंचायत सीईओ एवं जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा किसी प्रकार का कोई पहन नहीं किया जा रहा है जब तक से संलग्निकरण का खेल समाप्त नहीं किया जाएगा तब तक विद्यालयों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक परिणाम नहीं आ सकते।

**संलग्निकरण**-समाप्त करने का पहल सबसे पहले जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से शुरुआत होनी चाहिए और नहीं तो आयोजित समीक्षा बैठक में दुख प्रकट करना एवं कड़े निर्देश देने का कोई महत्व नहीं रह जाएगा।

**बिना ड्यूटी के भी कई चहते शिक्षकों को मिल रहे वेतन**-रामानुजगंज बलरामपुर जिले में कई शिक्षकों को बिना ड्यूटी के भी विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रत्येक माह उनका वेतन प्रदान कर रहे हैं जबकि इस जिले के नागरिक इस बात को भली-भांति जान रहा है कि वह शिक्षक स्कूलों में ड्यूटी नहीं कर रहा है और अपना बिजनेस व्यापार में लगा हुआ है इस बात की जानकारी जिले के आम नागरिकों को है लेकिन उस विभाग के संबंधित अधिकारियों को नहीं है यह कैसे हो सकता है? इसके पीछे का क्या राज है और संबंधित विभाग के अधिकारियों की क्या मजबूरी है यह तो वही जाने लेकिन बात जहां शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की हो रही है तो इनके लापरवाही की चर्चा तो होना लाजमी है।

# आवासीय कालोनियो में कैच द रेन के लिए चलाया अभियान-निगम भिलाई

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



दिन-प्रतिदिन पृथ्वी के नीचे का जल स्तर घटते जा रहा है, उसको रोकने के लिए नगर निगम भिलाई द्वारा आवासीय कालोनियो में कैच द रेन का अभियान छेड़ रखा है। भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारियो की टीम बनी है जो आवासीय कालोनियो में जाकर वहां के पदाधिकारियो से बैठक करते है उन्हे कैच द रेन अभियान के बारे में बताते है सभी इस बात से सब सहमत होते है कि हमे वर्षा का जल बचाना है सभी की उपस्थिति में शासन द्वारा दिये गये गाईडलाईन के अनुसार कालोनियो के क्षेत्रफल को ध्यान में रखते हुए वहां गढढा बनाया जाता है। उसमें छोटे पत्थर, बालू, गिटटी इत्यादि डालकर ऐसा सिस्टम लगाया जाता है कि छत से होकर गिरने वाला वर्षा का पानी पाईप लाईन के माध्यम से उस गढढे में आये और धीरे धीरे जल स्तर को बढ़ाये। साथ ही कालोनियो के गार्डन बने है उसमें भी नियमानुसार कैच द रेन पिट बनाया जा रहा है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी जोन आयुक्तो को निर्देशित किये है कि नगर निगम के जितने भी शासकीय भवन, सार्वजनिक भवन, उद्यान, सांस्कृतिक भवन आदि सभी जगहो में बरसात के जल को संरिक्षत करने के लिए सोख पिट बनाया जाये। उन्होने सभी नागरिको से अपील की है कि नगर निगम के इस अभियान में सहयोगी बने अपने घर से निकलने वाले बरसात के पानी को सीधे नालियो में न जाने दे सोख पिट बना के संरक्षित करें।

## संपादकीय

# चुनाव परिणाम जटिल व्याख्या

**चुनाव परिणाम की व्याख्या** बहुत जटिल है। भारतीय राजनीति के बारे में पूर्वानुमान करना मानसून की भविष्यवाणी या अगले विश्व कप विजेता पर दांव लगाने जैसा है। आमतौर से चुनाव परिणाम परंपरागत समझ को खारिज करते हैं और वे सबसे ज्यादा चालाक राजनीति शास्त्रियों को भी आश्चर्यचकित कर देते हैं। अकेली सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद भाजपा पूर्ण बहुमत से थोड़ा पीछे रह गई है, जबकि 100 से थोड़ा पीछे रह जाने वाली कांग्रेस इसे ही अपनी 'नैतिक विजय' बता कर उत्सव मना रही है। कांग्रेस नीत विपक्ष ने पूरे चुनाव प्रचार में भाजपा के खिलाफ जनता में भ्रम पैदा करने तथा संविधान और लोकतंत्र के 'खतरे' में होने का शोर मचाया। वह मतदाताओं के एक हिस्से में यह भ्रम पैदा करने में भी सफल हुआ कि प्रधानमंत्री मोदी 400 सीटें पाने के बाद 'आरक्षण' समाप्त कर सकते हैं। यह दुष्प्रचार इतना अधिक था कि भाजपा को रक्षात्मक स्थिति में आना पड़ा। उसने कहा कि पिछले दो कार्यकाल में पूर्ण बहुमत प्राप्त होने के बावजूद भाजपा ने आरक्षण पर यथास्थिति बनाए रखी है। भाजपा ने यह मुद्दा भी उठाया कि कांग्रेस शासित राज्यों ने एससी, एसटी व ओबीसी आरक्षण में मुस्लिम जातियों को शामिल कर उनको नुकसान पहुंचाया है, जबकि संविधान धर्म-आधारित आरक्षण की इजाजत नहीं देता है। कोलकाता उच्च न्यायालय ने इस संबंध में उल्लेखनीय निर्णय दिया था, लेकिन संभवत: समय कम होने के कारण भाजपा अपनी बात पूरी तरह मतदाताओं तक पहुंचा नहीं पाई।

विपक्ष के दुष्प्रचार तथा कुछ अन्य कारणों से संसद में अधिकांश सीटों पर कब्जा करने के बावजूद भाजपा पिछले दो लोकसभा चुनावों की तुलना में



अपनी सीट संख्या बढ़ाने में विफल रही। इस परिघटना को अनेक आयामों से जोड़ा जा सकता है, जिसमें सत्ता-विरोधी भावनायें, मतदान पैटर्न में क्षेत्रीय विविधतायें व 'इंडिया' समूह का उभार, जनता की आर्थिक कठिनाइयां तथा अनेक अन्य चीजें शामिल हैं। विपक्ष तथा उसके समर्थक बुद्धिजीवी इसे भाजपा की 'विजय के बावजूद पराजय' बता रहे हैं। हालांकि, कांग्रेस पिछले दो लोकसभा चुनावों की तुलना में अपनी शक्ति बढ़ाने में सफल हुई है, पर लगातार तीसरी बार सत्ता से वंचित होने के बावहूद इसे वह अपनी 'नैतिक विजय' मानती है। कांग्रेस ने 'राजग' में शामिल तेदेपा नेता चंद्रबाबू नायडू तथा जदयू नेता नीतीश कुमार पर डोरे डालने के प्रयास किए, पर इन प्रयासों में विफल होने के बाद अंतत: उसने फिलहाल अपनी 'सत्ता की दावेदारी' छोड़ दी है। राजग ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना नेता चुन लिया है और वे तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। इस प्रकार मोदी देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की बराबरी कर लेंगे जो लगातार तीन बार सरकार बनाने में सफल हुए। चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उनके अगले कार्यकाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और तेज होगी तथा वे भारत को 'विकसित' देश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विडंबना है कि विपक्ष अब भी शेखचिल्ली की तरह राजग में मतभेद विकसित होने की उम्मीद में है। राजग में शामिल अन्य परिपक्व नेताओं की तरह चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार 'विकसित भारत' की इस यात्रा में भाजपा के मजबूत साथी हैं। भाजपा ने तेदेपा के साथ मिल कर आंध्र प्रदेश में सरकार बनाई है और नीतीश कुमार बिहार के विधानसभा चुनाव में राजग का मुख्यमंत्री चेहरा हैं। ऐसे में राजग की मजबूती पर किसी शक तथा मोदी पर सहयोगियों के 'दबाव' की कल्पना का कोई औचित्य नहीं है।

# मोदी सरकार का संभावित एजेंडा

मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में परिवर्तनकारी व महत्वाकांक्षी कदम उठाएगी ताकि भारत के समक्ष उपस्थित अनेक चुनौतियों का सामना कर अवसरों का लाभ उठाया जा सके।

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनने वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग की सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में परिवर्तनकारी व महत्वाकांक्षी कदम उठाएगी ताकि भारत के समक्ष उपस्थित अनेक चुनौतियों का सामना कर अवसरों का लाभ उठाया जा सके। हालांकि, वर्तमान लोकसभा चुनाव परिणामों ने बहुत से लोगों को आश्चर्यचकित किया है, पर इसके पहले भी अनेक चुनावों में आश्चर्यजनक परिवर्तन सामने आए हैं। भारत का स्थायित्व इस बात पर निर्भर है कि देश में सत्ता हस्तांतरण बहुत सहज ढंग से करने की क्षमता मौजूद है। वर्तमान लोकसभा चुनाव के परिणाम सामने आ गए हैं और विजेता की घोषणा हो गई है। अपने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए भारत को स्थिर सरकार की जरूरत है। इसके साथ ही विपक्ष का भी मजबूत होना जरूरी है। भारतीय मतदाताओं ने इस बार भी मजबूत विपक्ष देने के साथ ही स्थिर व मजबूत सरकार बनाने में सफलता पाई है। लोकसभा चुनाव में सात चरणों में मतदान के बाद 4 जून को घोषित परिणामों से स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। हालांकि, अनेक क्षेत्रीय पार्टियों के गठबंधन 'इंडिया' ने भी चुनावों में तुलनात्मक रूप से बेहतर प्रदर्शन किया, पर वह सत्ता से बहुत दूर रह गया है।

भारत में चुनाव परिणाम अक्सर आश्चर्यचकित करते रहे हैं। 2004 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन 'संप्रग' ने सरकार बनाई थी जो तत्कालीन भाजपा सरकार के 'इंडिया शाइनिंग' अभियान के विफल होने से संभव हुआ था। इन चुनाव परिणामों के बावजूद सत्तारूढ़ पार्टी तथा विपक्षी समूह को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दावा किया है कि उनकी पिछले दस साल की सत्ता केवल 'झांकी' थी और 'असली फिल्म' उनके तीसरे कार्यकाल में दिखाई देगी। मोदी ने कहा है, 'तीसरे कार्यकाल में बड़े निर्णयों की प्रतीक्षा करें। मैं पहले से ही ऐसे रोडमैप पर काम कर रहा हूं जिसे जल्दी पूरा किया जाएगा।'

मोदी के तीसरे कार्यकाल की महत्वाकांक्षा न केवल सभी क्षेत्रों में अपनी विरासत छोड़ना है, बल्कि वे अनेक साहसी कदम उठाना चाहते हैं। वे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के तीन कार्यकाल में हुए कामों का रिकार्ड भी तोड़ने का प्रयास करेंगे। लेकिन उनकी इस महत्वाकांक्षा के समक्ष अनेक चुनौतियां भी हैं। इनमें जनता की राय और पार्टी की आंतरिक गत्यात्मकतायें भी हैं जिनसे राजनीतिक परिदृश्य काफी सीमा तक प्रभावित हो सकता है। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी के पिछले दो कार्यकालों की काफी उपलब्धियां हैं, पर 'मोदी-3' सरकार के समक्ष अनेक चुनौतियां भी होंगी। इनमें कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के दुष्प्रभावों से निपटने, सामाजिक अशांति के कुछ कारकों को संबोधित करने तथा विदेश नीति संबंधी मुद्दों से निपटने के साथ ही मतदाताओं के विविधतापूर्ण समूहों की उम्मीदें पूरी करना शामिल है। मोदी को अभी भाजपा के कुछ प्रमुख मुद्दों को लागू करना बाकी है। इन मुद्दों में 'समान नागरिक संहिता' और 'एक देश एक चुनाव' लागू करना शामिल है। इसके साथ ही भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना तथा भूमि और श्रम नीतियों में लगातार आवश्यक परिवर्तन जारी रखना भी शामिल हैं। पिछले तीन महीनों से मोदी सरकार, अगली सरकार बनने पर लागू करने वाली '125 दिवसीय योजना' पर काम कर रही थी। शुरुआत में 100 दिन की कार्ययोजना बनाई जा रही थी, पर बाद में उसका विस्तार 25 दिन और कर दिया गया। इस योजना में नौजवानों को केन्द्र में रखा गया है। इस एजेंडे में 50 से 70 प्रमुख लक्ष्य शामिल होंगे जिनको नई सरकार की दिशा और प्राथमिकताओं में प्रमुख स्थान दिया जाएगा। इसके साथ ही मोदी के नेतृत्व में भाजपा रणनीतिक रूप से विरोधियों पर निशाना लगा सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विरोधियों को बदनाम करने तथा संभवत: विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन तोड़ने का प्रयास कर सकते हैं। मोदी चाहते हैं कि देश में स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय चुनाव तक सभी एकसाथ हों जिसे वे 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का नाम देते हैं। इस परिवर्तन से चुनाव व्यवस्था ज्यादा सक्षम एवं संगठित हो जाएगी। लेकिन आशंका है कि इससे सत्तारूढ़ पार्टी के हाथ में सत्ता केन्द्रित हो जाएगी तथा चुनावों की बारंबारता घट जाएगी।

मोदी ने पहले ही अपने इस प्रस्ताव के लिए जमीनी काम कर लिया है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में एक समिति पहले ही लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एकसाथ कराने की संस्तुति कर चुकी है।

लेकिन इसके लिए परिसीमन करना होगा जिसके अंतर्गत संसदीय तथा विधानसभा चुनाव क्षेत्रों की सीमायें तय करनी होंगी। इसके पहले हर दशक में होने वाली जनगणना भी पूरी करनी होगी। परिसीमन के महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रभाव होंगे। यह खासकर दक्षिण भारतीय राज्यों के लिए महत्वपूर्ण होगा। सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत एक शपथपत्र के अनुसार परिसीमन के बाद लोकसभा सदस्यों की संख्या वर्तमान 543 के बजाय 888 तथा राज्यसभा सदस्यों की संख्या वर्तमान 250 से बढ़ कर 384 हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पिछले कार्यकाल में संसद की नई इमारत बनवा कर यह सुनिश्चित कर दिया है कि नई संसद में इतने लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों के बैठने और कामकाज करने की समुचित सुविधा होगी।

विडंबना है कि विपक्ष ने न केवल नई संसद इमारत की निर्माण परियोजना का विरोध किया था और सर्वोच्च न्यायालय तक इसके निर्माण के खिलाफ दरवाजा खटखटाया था, बल्कि उसने नई संसद के उद्घाटन में भी भाग नहीं लिया था। वैसे दक्षिण भारत को परिसीमन के बारे में चिन्ता है। दक्षिण भारतीय राज्यों में जनता द्वारा स्वैच्छिक रूप से परिवार नियोजन व्यापक रूप से स्वीकार करने के कारण उनकी जनसंख्या में कमी आई है। इसके कारण संभवत: परिसीमन प्रक्रिया के अंतर्गत दक्षिण भारत से आने वाले सांसदों की संख्या में 100 की कमी आएगी। इस समस्या के कारण 'उत्तर-दक्षिण विभाजन' जैसी स्थिति पैदा हो सकती है जिससे दक्षिण भारत के क्षेत्रीय दलों में टकराव बढ़ेगा। भाजपा भारत के सभी नागरिकों पर लागू होने वाली 'समान नागरिक संहिता' पर जोर दे रही है, भले ही उनका धर्म चाहे जो हो। भाजपा शासित राज्य उत्तराखंड ने इसके क्रियान्वयन की दिशा में कदम बढ़ाए हैं तथा अन्य भाजपा शासित राज्य भी शीघ्र इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

भले ही समान नागरिक संहिता विभिन्न समुदायों की महिलाओं और बच्चियों को अनेक समस्याओं से मुक्ति दिलाने वाली सिद्ध हो सकती है, लेकिन इसके बावजूद बहुत से कट्टरपंथी इसका विरोध कर रहे हैं। इससे समाज में टकराव तथा कुछ धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों का विरोध सामने आ सकता है। चुनाव अभियान में विपक्ष के अनेक नेताओं ने चिन्ता प्रकट की थी कि भाजपा संविधान में परिवर्तन कर 'पंथनिरपेक्ष' शब्द हटा सकती है। उनका आरोप था कि प्रचंड बहुमत वाली मोदी सरकार संविधान की उद्देशिका में परिवर्तन कर 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्षता' शब्द हटा देगी जिनको 42वें संशोधन से जोड़ा गया था, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

मोदी 'विकसित भारत' के माध्यम से भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं और इसके लिए विनिर्माण, तकनीक, ढांचागत संरचना तथा हरित ऊर्जा पर जोर देना चाहते हैं। लेकिन फंडिंग, क्रियान्वयन तथा सार्वजनिक स्वीकार्यता इसकी सफलता तथा भारतीय राजनीतिक परिदृश्य प्रभावित कर सकते हैं। विपक्षी दलों ने पिछले वर्षों में एक संयुक्त मोर्चा बनाने में सफलता पाई है। लेकिन इसके बावजूद वे तीसरी बार मोदी को सत्ता तक पहुंचने से रोकने में विफल रहे हैं। भाजपा के अपने दम पर पूर्ण बहुमत न पाने के बाद देखना होगा कि प्रधानमंत्री मोदी अपने राजग सहयोगियों के साथ कितनी योजनाओं को जमीनी स्तर पर मूर्त रूप देने में सफल होंगे। मोदी की सभी योजनाओं तथा नई सरकार की '125 दिवसीय' कार्ययोजना पर सबकी सहमति जरूरी होगी।

# केरल सरकार की विवादास्पद मदिरा नीति

> केरल में शराब के कारोबार के राष्ट्रीयकरण के बाद, शराब पीने वालों को अपनी दैनिक शराब की खुराक पाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

**कुमार चेलप्पन**
(लेखक, दि पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता हैं)



राज्य के सभी बार मालिकों से मांग की जा रही है कि वे सरकार के उस आदेश को रद्द करने के बजाय प्रति प्रतिष्ठान 2.5 लाख रुपए का भुगतान करें, जिसके तहत हर महीने की पहली तारीख को सभी बार बंद करने और अधिक बार होटल खोलने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया गया है। इससे यह राय स्पष्ट होती है कि केरल सरकार को शराब के कारोबार से बाहर आ जाना चाहिए।

आबकारी विभाग के कानूनों में बदलाव के लिए सत्ताधारियों द्वारा बार मालिकों से रिश्वत के रूप में अत्यधिक धनराशि की मांग के बारे में नवीनतम विवाद यह स्थापित करता है कि माकपा के नेतृत्व वाली एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ बारी-बारी से राज्य को ठग रही हैं, यह आरोप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में अपने चुनावी भाषणों के दौरान बार-बार लगाया है। सरकार का कारोबार करने का कोई काम नहीं है और शराब के कारोबार के मामले में तो यह और भी अधिक है। अन्य राज्यों के विपरीत, केरल और तमिलनाडु शराब की नीतियों का पालन करते हैं जो उच्च-स्तरीय भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं। इन दोनों राज्यों की सरकारें शराब के कारोबार में एकाधिकार रखती हैं। केरल के बेवरेजेज कॉरपोरेशन और तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन, राज्य के स्वामित्व वाली संस्थाएं ही ऐसी संस्थाएं हैं जो शराब खरीद और बेच सकती हैं।

निजी क्षेत्र के स्वामित्व वाले बार रेस्तरां को इन दोनों संस्थाओं द्वारा आपूर्ति की गई शराब खरीदनी चाहिए। बहुत पहले इन राज्यों में निजी शराब की दुकानें थीं जो खूब कारोबार कर रही थीं।

केरल में शराब के कारोबार के राष्ट्रीयकरण के बाद, शराब पीने वालों को अपनी दैनिक शराब की खुराक पाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें उन ब्रांडों का सेवन करने के लिए भी मजबूर होना पड़ रहा है जो उन पर 'थोपता' है। पहले, शराब पीने वालों के पास अपने पसंदीदा ब्रांड खरीदने और पीने का विकल्प था। सरकार द्वारा शराब के कारोबार को अपने हाथ में लेने के बाद, राज्यों में बेचे जाने वाले ब्रांड सत्ता में रहने वाली पार्टी द्वारा तय किए जाते हैं और दुकानों या रेस्तराँ (बार) के माध्यम से कारोबार की जाने वाली शराब के चयन में कोई पारदर्शिता नहीं है। सत्ताधारी दलों को पैसे देने वाले शराब निर्माता ठेका लेते हैं और बैंकों पर हंसते हैं।

सरकार का दावा है कि राष्ट्रीयकरण केरल में पूर्ण शराबबंदी की शुरुआत की प्रस्तावना है। यह एक ऐसा सपना है जो तब तक साकार नहीं होगा जब तक कि अन्य राज्य शराब पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून नहीं लाते। पड़ोसी राज्य कर्नाटक शराब पीने वालों के लिए स्वर्ग है क्योंकि निजी दुकानों पर उपभोक्ताओं द्वारा पसंद किए जाने वाले सभी लोकप्रिय ब्रांड बिकते हैं।

जबकि केरल और तमिलनाडु में देशी शराब, अरक प्रतिबंधित है, वहीं देश के बाकी हिस्सों में भी यह उपलब्ध है, जो कि मजदूर वर्ग के लिए बहुत खुशी की बात है। जो लोग सुबह से शाम तक खेतों में काम करते हैं, उन्हें दिन भर की कड़ी मेहनत के बाद थोड़ा आराम चाहिए होता है और इसलिए सरकार द्वारा इस पर प्रतिबंध लगाना उचित नहीं है।

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने आधिकारिक तौर पर कहा है कि ताड़ी सबसे पौष्टिक पेय है, शराब नहीं। तमिलनाडु ने ताड़ी निकालने पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे गरीब मजदूरों को शाम के लिए शराब खरीदने के लिए अपनी मेहनत की कमाई के साथ जाना पड़ता है। अगर इन राज्यों में अरक प्रतिबंधित नहीं होता (जहां शराब तस्करों से नकली अरक उपलब्ध है) तो मजदूरों को दिन भर की कमाई सरकारी शराब की दुकानों पर खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ती।

यह धारणा खत्म होनी चाहिए कि शराब से स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचता है। वैज्ञानिक शोध के माध्यम से कई निष्कर्षों की पुष्टि हुई है कि मध्यम मात्रा में शराब पीना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। शराब के बारे में एक चीनी कहावत है: एक आदमी एक ड्रिंक लेता है। ड्रिंक और ड्रिंक लेता है। अंत में, ड्रिंक आदमी को ले जाती है। अगर अधिकारी आदमी को कम ड्रिंक पीने के लिए मजबूर कर सकें, तो यह शराब की लत का सबसे अच्छा समाधान होगा। लेकिन यह सोने के अंडे देने वाली मुर्गी को मारकर नहीं किया जाना चाहिए। हम ऐसे युग में रह रहे हैं जब भारत में बनी स्कॉच ने स्कॉटलैंड और अमेरिका में बनी स्पिरिट को पछाड़ दिया है और वैश्विक बाजार में उनके प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरे हैं।

कोलंबो और उपनगर, कोच्चि से मुश्किल से एक घंटे की हवाई यात्रा इसके विपरीत एक अध्ययन है। हालांकि श्रीलंका में कई शराब की दुकानें हैं, लेकिन इन दुकानों के सामने शराब पीने वालों की लंबी कतारें नहीं देखी जा सकती हैं। केरल उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश देवन रामचंद्रन ने हाल ही में कहा कि पीने वालों को [illegible] दुकानों से बेहतर व्यवहार की आवश्यकता है। वे सरकार का ध्यान शराब पीने वालों की दुर्दशा की ओर आकर्षित कर रहे थे, जिन्हें शाम को अपनी दैनिक शराब की खुराक लेने के लिए चिलचिलाती धूप और भारी बारिश का सामना करते हुए घंटों कतार में खड़े रहना पड़ता है। साथी पत्रकार सुनील कुमार ने कहा कि सरकार के सख्त और पुराने नियम ही लोगों को अधिक से अधिक शराब पीने के लिए मजबूर कर रहे हैं। उनका कहना है कि हर महीने की पहली तारीख को शराब की दुकानों के शटर बंद करने का फैसला एक प्रतिगामी कदम है क्योंकि इससे शराब पीने वालों को अगले दिन के लिए स्टॉक करने के लिए पिछली शाम को एक अतिरिक्त बोतल खरीदनी पड़ती है। लेकिन होता यह है कि वे उसी शाम उस अतिरिक्त बोतल को पी जाते हैं और बंद वाले दिन उन्हें बेकार रहना पड़ता है। शराब पीने वालों को अपनी कोटा की शराब पीने की आजादी होनी चाहिए।

देश में पूर्ण शराबबंदी असंभव है। वरिष्ठ सांसद पीलू मोदी ने शराबबंदी पर बहस के दौरान कहा कि वे कितने भी साल शराब से दूर रह सकते हैं। लेकिन मैं शराब पीने के अधिकार के बिना एक मिनट भी नहीं रह सकता, पीलू मोदी ने कहा था। बेहतर समझ की जीत होनी चाहिए।

## आप की बात

### मोदी का जादू

**लोकसभा** 2024 में भाजपा की जीत दर्शाती है कि आज भी देश की जनता नरेन्द्र मोदी के अलावा अन्य किसी व्यक्ति को प्रधानमंत्री के रूप में देखना नहीं चाहती। हालांकि भाजपा 400 का आंकड़ा नहीं छू सकी, किन्तु सत्ता में तीसरी बार आने में वह सफ्ल रही। मध्यप्रदेश की सभी 29 सीटों पर भाजपा की जीत ने विपक्षियों के चारों खाने चित कर दिया। असल में भाजपा की यह जीत भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाए जाने की भावना से जुड़ी है। तमाम तरह के वादों-दावों के बाद भी इंडिया गठबंधन सत्ता तक नहीं पहुंच सका। श्रीराम मंदिर, धारा 370 समाप्त करने तथा अन्य प्रभावी मसलों ने देश की जनता को तो एक सीमता तक प्रभावित किया, पर वह जातीय गणित तथा सत्ता तक पहुंचने के लिए मुस्लिम वोटबैंक के प्रयोग को रोक नहीं सकी। अनेक वंशवादी व परिवारवादी राजनेता आज भी सत्ता पाने के लिए विभिन्न हिंदू जातियों को आपस में लड़ा कर तथा मुस्लिम जातियों से गठजोड़ कर सत्ता तक पहुंचने में सफल होते हैं। ऐसे में मोदी के जादू को विस्तार देने के लिए देश में अनेक नए आयामों पर भी विचार करना पड़ेगा क्योंकि सरकारी योजनाओं के लाभार्थी भाजपा को वोट देने के बजाय जातियों, संप्रदायों और स्थानीय नेताओं के गिरोहों में बंट जाते हैं।

**-अंकित सोनी**, मनावर

### चुनाव नतीजे के सबक

**चुनावी नतीजे** में एनडीए की सीटें कम आने में विपक्षी दालों के परिश्रम से अधिक संभवत: भाजपा कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता तथा कहीं-कहीं उसका भीतरघात जवाबदेह है। उत्तर प्रदेश में अति आत्मविश्वासके साथ-साथ कुछ सीटों पर भारी असंतोष के बावजूद उम्मीदवारों को थोपा गया जिससे जमीनी कार्यकर्ता नाराज हुए। भाजपा द्वारा पहले ही अबकी बार चार सौ पार के नारे से कार्यकर्ता जीत पक्की मान कर शिथिल हो गए। लेकिन इसके बावजूद मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ जैसे प्रदेशों की जनता और मतदाताओं ने बिना बहकावे में आए मजबूत राष्ट्र के लिए भाजपा को एकतरफा वोट वोट दिए। आश्चर्य है कि गुजरात में पूरा मंत्रिमंडल और उम्मीदवार बार-बार बदलने वाली भाजपा ने उत्तर प्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्य में अनेक नाकारा, अलोकप्रिय तथा मेहनत न करने वाले सांसदों के टिकट नहीं काटे। इसका खामियाजा चुनाव में भुगतना पड़ा। भाजपा और आरएसएस को चुनाव नतीजे से कई सबक लेने होंगे। हिंदूवाद अब भी जातीय विभाजनों को समाप्त करने में सफल नहीं हुआ है तथा अनेक सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले खासकर अल्पसंख्यकों ने भाजपा को वोट नहीं दिए।

**- सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### कन्हैया की पराजय

**दिल्ली** की उत्तर पूर्वी लोकसभा सीट पर कांग्रेस नेता और पूर्व-कम्युनिस्ट कन्हैया कुमार की पराजय उल्लेखनीय घटना है। इस सीट पर भाजपा ने शुरू से ही बढत बना ली थी। लगातार बढ़त को देखकर कन्हैया कुमार ने भी अंदाज लगा लिया कि अब उनकी दाल यहां गलने वाली नहीं है। कन्हैया पर हमेशा बढ़-चढ़ कर बोलने का आरोप लगता रहा है। देश तोड़ने जैसे नारे लगाने वालों से भी उनकी दोस्ती रही है। जनता आज भी यह सब नहीं भूली है। कन्हैया कुमार जैसे लोग जहां से भी जिस भी पार्टी में चुनाव लड़ेंगे, इनका यही हाल होगा। देश का हर व्यक्ति जानता है कि कन्हैया कुमार ने देश के खिलाफ बोलने वालों का साथ दिया है और स्वयं भी उनमें शामिल रहे हैं। भारत तेरे टुकड़े होंगे-इंशाअल्ला इंशाअल्ला जैसे नारे लगाने वालों को भले ही किसी समय में बर्दाश्त कर लिया जाता हो, पर आज भारत बदल गया है और ऐसे लोगों व उनके समर्थकों को स्वीकारने को बिल्कुल तैयार नहीं है। ऐसे में कन्हैया जैसे लोगों को सार्वजनिक जीवन में रहने के लिए जरूरी है कि वे अपने पुराने कृत्यों के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। हो सकता है कि देश की जनता अच्छा आचरण करने पर उनके पुराने गुनाह माफ करने पर विचार करे।

**- मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### गठबंधन सरकार

**लोकसभा** चुनाव में एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिला है। भाजपा बहुमत का जादुई आंकड़ा छूने से दूर रह गई है । फिर भी वह सबसे बड़े दल के रूप में उभर कर आई है। इसके परिणामस्वरूप 10 वर्ष बाद पुन: गठबंधन सरकार बनने जा रही है। भाजपा को अपने गठबंधन साथियों के साथ कदम मिला कर चलना होगा तथा संतुलन बनाए रखना होगा। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लचीलेपन तथा सबको साथ लेकर चलने की असल अग्निपरीक्षा होगी । जब भाजपा पूरी तरह से अपने दम पर बहुमत में थी तो कोई भी फैसला लेना बहुत ही आसान था। ऐसे में अच्छा होगा कि गठबंधन सरकार जनता के जमीनी मुद्दों पर भी ज्यादा ध्यान दे। गरीबी, महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, महंगी व बदहाल होती शिक्षा व्यवस्था तथा खराब स्वास्थ्य व्यवस्थायें सुधारने को प्राथमिकता में रखा जाना चाहिए। अधिसंख्य जनता को सार्वजनिक सरकारी स्कूलों व अस्पतालों की अधिक दरकार होती है। स्कूलों और अस्पतालों की हालत सुधारने को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर गठबंधन सरकार देश के साथ ही जनता का विकास सुनिश्चित करेगी।

**- हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# विधायक दीपेश साहू ने विजय बघेल को दुर्ग लोकसभा से दूसरी बार ऐतिहासिक जीत पर दी बधाई

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधायक दीपेश साहू अपने भाजपा पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी एवं दुर्ग लोकसभा में भाजपा प्रत्यासी विजय बघेल की प्रचंड एवं ऐतिहासिक जीत पर दुर्ग लोकसभा के दूसरी बार सांसद चुने गए नवनिर्वाचित सांसद विजय बघेल जी से उनके निवास स्थान सेक्टर 3 भिलाई में सौजन्य भेट मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया द्य इस दौरान विधायक साहू ने कहा कि एक-एक कार्यकर्ताओं के सुख दुख के साथ उनके लिए संकट मोचन का काम विजय भैया करते आ रहे हैं । अमृत काल के संकल्प, विकसित भारत का निर्माण 140 देशवासियों के सपने को एक नई उड़ान के लिए पंख फैलाएगा द्य लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली एतिहासिक महाविजय के लिए देश की देवतुलय जनता का हार्दिक आभार और कार्यकर्ताओं का हार्दिक अभिनंदन। यह प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, विश्वनीयता और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है, साथ ही इस ऐतिहासिक जीत के लिए बेमेतरा विधानसभा की देवतुलय जनता का हार्दिक अभिनंदन और आभार व्यक्त किया । इस दौरान होरीलाल सिन्हा प्रदेश मंत्री पिछड़ा वर्ग ,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, पोषण वर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि,भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी मोतीलाल साहू, विकास तंबोली,राकेश मोहन शर्मा,, हर्षवर्धन तिवारी, शहर भाजपा मंडल महामंत्री युगल देवांगन, युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, परमेश्वर साहू जिला मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा,रेवा राम निषाद भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री, ओंकार साहू,शहर महामंत्री तुषार साहू, अनुसूचित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहे मौजूद,जाति मोर्चा शहर अध्यक्ष राजकुमार खंडे,कमलेश साहू अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा , डोसन साहू, राहुल साहू, टिकेंद्र साहू,रोशन दत्ता, साकेत साहू, जितेंद्र साहू, गोलू कोशले, राकेश वर्मा, छत्रकुमार देवांगन, निखिल साहू,दीनानाथ साहू,सन्नी साहू, सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहे मौजूद ।

## गत वर्ष की तुलना में भंडारण व वितरण कम होने की वजह से एनपीके एवं संगल सुपर फास्फेट का उपयोग करने कृषि विभाग ने दी सलाह

### जिले में अवकाश के दिनों में भी खाद व बीज का किया जा रहा वितरण

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com




खरीफ वर्ष 2024 प्रारंभ हो गया है तथा सप्ताह भर में मानसून दस्तक देने की संभावना है। अधिकतर कृषको द्वारा ग्रीष्मकालीन खेत की जुताई की पूर्ण किया जा चुका है तथा कुछ ही दिनों में खेत की तैयारी हेतु का कार्य प्रारंभ हो जायेगा, जो लगभग जून तक पूर्ण हो जाता है। जिले में कृषकों को समय पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक, बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अवकाश के दिनों में भी समितियों के माध्यम से उर्वरक तथा बीज का वितरण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि जीएस ध्रुवे ने जानकारी देते हुए पायनियर को बताया कि गत वर्ष खरीफ2023 में माह मई के अंत तक 51108 मीट्रिक टन उर्वरक का भण्डारण तथा 36274 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका था। इस खरीफ वर्ष मे 40142 मीट्रिक टन उर्वरक का भण्डारण तथा 24200 मीट्रिक टन का वितरण हुआ है। गत वर्ष की तुलना में भण्डारण एवं वितरण कम है। गत वर्ष की तुलना में उर्वरक डीएपी का भण्डारण माह मई के अंत तक 5446 मीट्रिक टन कम भंडारण हुआ है। खेत की तैयारी में कृषको द्वारा मुख्यतः उर्वरक डीएपी का उपयोग किया जाता है। उप संचालक कृषि जीएस ध्रुवे ने बताया कि जिन कृषकों की डीएपी उपलब्ध नहीं हो पाया है वे डीएपी के स्थान पर एनपीके 12:32:16, 20:20:0:13 एवं संगल सुपर फास्फेट का उपयोग विकल्प के रूप में उपयोग कर सकते है।

#### डीडीए की किसानों से अपील

संचालनालय अनुसंधान सेवाएं, इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय, रायपुर द्वारा डीएपी के विकल्प के रूप में किसानों के लिए व्यवस्था सुझाई गई है। जिसमें सिंगल सुपर फास्फेट उर्वक (16 प्रतिशत फास्फोरस) एक बोरी डीएपी से मिलने बाले तत्वों की पूर्ति हेतु लगभग आधा बोरी यूरिया तथा तीन बोरी सिंगल सुपर फास्फेटक का प्रयोंग कर सकते है, मिश्रित उर्वरक (यथा इफको 12:32:16, ग्रोमोर 28:28:0 तथा अन्य फास्फोरस युक्त मिश्रित उर्वरक) तथा मृदा मे उपस्थित स्फुर की उपलब्धता में वृद्धि करने हेतु स्फुर घुलनकारी जैव उर्वरकों (यथा पीएसबी) का प्रयोग लाभकारी होगा। वही कृषि उप संचालक ने जिले के किसानों से आग्रह किया है कि खेतों की तैयारी हेतु मानसून पूर्व आवश्यकता के अनुरूप उर्वरकों का उठाव तत्काल पूर्ण करें।

## सीईओ जिला पंचायत ने ली 50 ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक

**बेमेतरा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा टेकचंद अग्रवाल ने आज अपरान्ह जिला पंचायत सभागार में जिले के 50 ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक लेकर ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में घर-घर कचरा संग्रहण करने, गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करने, ग्राम में मुनादी कराने, सार्वजनिक स्थलों के साफ-सफाई किए जाने, यूजर चार्ज इकट्ठा करने, आईईसी संदेश लिखे जाने एवं रजिस्टर का संधारण किए जाने हेतु आवश्यक जानकारी दी गई। उन्होने ओ.डी.एफ प्लस मॉडल ग्राम की मापदंडों के अनुसार गाँवों को मॉडल ग्राम बनाने के लिए सविस्तार से जानकारी दी। प्रत्येक गाँव में प्रत्येक सप्ताह ग्रामीणों की सहभागिता से सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिये।

## नगर की सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री पर वट वृक्ष की पूजा अर्चना की



पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर की सुहागिन महिलाओं ने 06 जून को ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को वट सावित्री के शुभ अवसर पर व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। इसी क्रम में बीएसपी सेन्ट्रल टाउनशिप वार्ड नं.22 के कला मंच के समीप स्थित वट वृक्ष (बरगद) की वैदिक विधि विधान से पूजा अर्चना कर मौसमी फल,फूल, भीगे चने, मिष्ठान, सोहाग की सामान व श्रीफल चढ़ाकर, सती सावित्री व सत्यवान की पौराणिक कथा श्रवण कर ,वट वृक्ष के 108 फेरे (परिक्रमा) लगाए तथा कच्चा धागा लपेटा। इस अवसर पर ममता शर्मा ,राधा मिश्रा, सीमा राजोरिया, शारदा देवांगन, लता कुलदीप, उमा ढ़ोले, प्रमिला नायक, लीना देवांगन, मौसमी, लीला राव,शांति साहू आदि महिलाएं उपस्थित रहीं। ममता शर्मा ने बताया की ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को सनातनी सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु व अच्छी सेहत के लिए वट सावित्री व्रत रखती है और परिवार सहित सभी के लिए मंगल की कामना करते हुए वट वृक्ष (बरगद) की विधि विधान से पूजा अर्चना करती हैं।इसके अतिरिक्त ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को शनि जयंती भी मनाया जाता है। इसलिए उपस्थित सुहागिन महिलाओं ने समीप के पीपल वृक्ष की भी पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना कर फेरे लगाए व अपने परिवार सहित सभी के लिए मंगलकामना की।

## खेल प्रकोष्ठ का गठन करने की मांग



**दल्लीराजहरा।** खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष एम पी सिंग ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ राजहरा ईकाई की कार्यसमिति की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नगर में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए संघ की तरफ़ से खेल प्रकोष्ठ का गठन किया जाए तथा अमित तिवारी को नगर खेल प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया जाए। तत्संबंध में राजहरा ईकाई के इस निर्णय अनुसार अमित तिवारी को संघ की ओर से नगर खेल प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया जाता है और उनसे अपेक्षा की जाती है कि पूर्व की भांति वे नगर के खेल प्रतिभाओं को आगे लायेंगे और उन्हें आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करेंगे।

## मानव का एक ही लक्ष्य निरंतर सुखी होना : सुरेन्द्र पाल

### जीवन विद्या परिचय शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

समाधान महाविद्यालय बेमेतरा में मध्यस्थ दर्शन सह-अस्तित्ववाद आधारित चेतना विकास मूल्य शिक्षा कार्यशाला (जीवन विद्या परिचय शिविर) का आयोजन 1 जून से 7 जून 2024 तक किया गया । इस कार्यशाला में प्रबोधक के रूप में श्री सुरेंद्र पाल जी अध्येता मध्यस्थ दर्शन (मानवीय शिक्षा शोध संस्थान अछोटी) उपस्थित हुए। यह कार्यशाला महाविद्यालय के शिक्षकों, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल एवं सृजन पब्लिक स्कूल के शिक्षकों के लिए आयोजित की गई । इस कार्यशाला में सार्वभौमिक सुख, शिक्षा और सामाजिक व्यवस्था को समझने के बारे में चर्चा हुई । साथ ही एक शिक्षक के रूप में मूल्य आधारित शिक्षा को समझने एवं अपने बच्चों को समझाने की आवश्यकता पर भी बात हुई, सुरेंद्र पाल जी ने बताया कि स्वयं, परिवार, समाज, प्रकृति एवं अस्तित्व में व्यवस्था को समझकर एवं उसी के अनुरूप आचरण करने से ही मानव सुखपूर्वक रह सकता है । शिक्षा में चेतना विकास मूल्य शिक्षा को अपनाकर ही शिक्षा के अधूरेपन को पूरा किया जा सकता है तथा भावी पीढ़ी के रूप में एक स्वस्थ, सभ्य एवं समझदार नागरिक बना जा सकता है। परिवार में व्यवस्था के अंतर्गत व मूल्यों को लेकर चर्चा हुई तथा इन मूल्यों के साथ जीने में एक मानव का जीना सरल एवं सुखमय हो सकता है । विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर सभी प्रतिभागियों द्वारा मिलकर पौधारोपण का कार्यक्रम भी किया गया । कार्यक्रम के समापन में शिक्षकों ने सात दिवसीय शिविर की उपलब्धि का मूल्यांकन भी दिया जो काफी प्रेरणामयी रहा । इसके बाद सभी शिक्षकों को कार्यशाला में सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया । कार्यक्रम के अंत में समाधान महाविद्यालय एवं ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल की अध्यक्ष डॉ. अलका तिवारी एवं सृजन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर वसीम खान ने धन्यवाद ज्ञापन किया । इस तरह मानव लक्ष्य के अर्थ में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

## प्रदेश में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर राजेन्द्र शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बधाई दी




पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में 11 मे से 10 सीट जीतने पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा बेमेतरा राजेन्द्र शर्मा ने रायपुर उनके निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं भाजपा कार्यालय रायपुर में प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव से मुलाकात कर बधाई दी । राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कल्याणकारी योजना से उनके 4 महिने के अल्प कार्यकाल में घोषणा पत्र का क्रियान्वयन एवं मुख्यमंत्री की सौम्य छवि छत्तीसगढ़ की जनता ने खुब पसंद किया। धान का 3100 मुल्य किसानों को मिला महतारी वंदन की राशि 1000 रूप्ये महिलाओं को मिलने लगी। जिसका फायदा भाजपा को लोकसभा चुनाव में मिला । राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के लगातार प्रदेश में दौरे से भाजपा संगठन मजबुत हुआ । उनके कुशल नेतृत्व से एवं उनकी सक्रियता से भाजपा के सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीताने के लिए लग गये थे। पार्टी की कार्यकर्ताओं की सक्रियता एवं मैहनत से छत्तीसगढ़ में भाजपा के पक्ष में अच्छे परिणाम आये । राजेन्द्र शर्मा ने दुर्ग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को दुर्ग जाकर उनके निवास में बधाई दी। उन्होने कहा कि विजय बघेल का पाँच साल का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा । वे बेमेतरा जिले के विकास के लिए संसद में आवाज उठाते रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं से एवं आम मतदाता से उनका जुडाव पाँच साल बना रहा। विजय बघेल जी सभी के सुख दुख कार्यक्रम में बेमेतरा जिले में सक्रिय रहे। उनके ऐतिहासिक चुनाव जीतने के बाद बेमेतरा जिले में सर्वांगिण विकास होगा। राजेन्द्र शर्मा ने बेमेतरा विधानसभा में 50 हजार की बढ़त के लिए विधायक दीपेश साहू को भी बधाई दी । उन्होने कहा कि विधायक ने चुनाव जीतने के बाद बेमेतरा विधानसभा में लगातार सक्रिय रहे । चुनाव में उन्होने जीतोड़ मेहनत की जिसका परिणाम ऐतिहासिक आया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि उनके 10 वर्ष का कार्यकाल भी छत्तीसगढ़ में भाजपा के 10 सीट जीतने में प्रमुख भुमिका रही ।

## गन्ना किसानों ने मुख्यमंत्री से 200 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन

### 15 दिन के भीतर मांग पूरी नही करने पर दी उग्र आंदोलन और चक्काजाम की चेतावनी




पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के बाद जिले के गन्ना किसानों ने समर्थन मूल्य के अलावा 200 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की मांग को लेकर शुक्रवार को बालोद जिला मुख्यालय स्तिथ नए बस स्टैंड में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान किसानों ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानो ने वर्तमान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों से भी मुलाकात कर अपनी समस्यायों से अवगत कराए है, लेकिन किसानो की मांगों को लेकर सरकार गंभीर नजर नहीं आ रही है। धरना में बैठे जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. तेज राम साहू ने कहा कि आज प्रदेश सरकार धान के समर्थन मूल्य में जिस हिसाब से बढ़ोतरी की है उस हिसाब से गन्ना का समर्थन मूल्य बहुत कम है। धान के कीमतों में वृद्धि से मजदूरी दर भी बढ़ी है, जिसका असर गन्ना की खेती पर भी पड़ा है। वही पूर्व सरकार सहित अन्य राज्यों में स्थानीय सरकार गन्ना के समर्थन मूल्य के साथ साथ प्रोत्साहन राशि जारी करती है। लेकिन वर्तमान में सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में मिलने वाली 292 रुपए प्रति क्विंटल राशि के अलावा किसी तरह की वृद्धि नही की गई हैं, जिससे गन्ना किसानों को गन्ना उत्पादन में काफी नुकसान हो रहा है। किसानो ने गन्ना के समर्थन में प्रोत्साहन राशि सहित पांच सौ रुपए प्रति क्विंटल किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम 7 बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित करवाते हुए मांग पत्र स्थानीय प्रशासन को सौंपते हुए अल्टीमेटम दिया है कि 15 दिनो के भीतर उनकी मांगों पर राय नहीं बनती है तो आगे उग्र आंदोलन व सडकजाम करने बाध्य होंगे। इस दौरान जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ के संरक्षक छगन देशमुख, संजय चंद्राकर, चाणक्य साहू, डोलेश्वर यादव, कृष्णाराम साहू, त्रिलोकी साहू, रूपेश साहू सहित 50 से अधिक गन्ना किसान मौजूद रहे।

#### मंत्रियों से मिलकर समस्या से कराया गया है अवगत

किसान संजय चंद्राकर ने बताया कि विधानसभा चुनाव के पूर्व भी हम गन्ना किसानों द्वारा गन्ना का समर्थन मूल्य के अलावा 200 या 250 रूपये प्रति क्विंटल बोनस देने की मांग एवं घोषणा पत्र में शामिल करने हेतु घोषणा पत्र समिति के संयोजक विजय बघेल को 23 सितंबर 2023 को दिया गया था। उक्त विषय में 2 बार उनसे मुलाकात कर गन्ना का रेट बढ़ाने निवेदन किया था। कृषि मंत्री, गृहमंत्री, वित्तमंत्री सहित भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष से भी मुलाकात कर अवगत कराया गया था। सने ने बताया कि धान का रेट बढ़ने से गन्ना की खेती घाटा की खेती रहेगी। इसीलिए उक्त सभी से मुलाकात कर गन्ना का रेट बढ़ाने का मांग किया गया था। लेकिन आज तलक आश्वासन के कुछ नही मिल। इसीलिए धरना प्रदर्शन करने हम मजबूर हुए है। अगर हमारी मांगे 15 दिन में पूरी नही होती है तो आगे हम उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी।

#### उग्र प्रदर्शन के लिए होंगे बाध्य

संरक्षक छगन देशमुख ने बताया कि हमारी मांग समर्थन मूल्य के अलावा 200 या 250 रूपये प्रति क्विंटल की दर से बोनस पेराई वर्ष 2023-24 से तत्काल प्रदान करने, क्योंकि 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से इसी वर्ष से धान खरीदी हो चुकी है। हमारी उक्त मांग को कैबिनेट की बैठक बुलाकर तत्काल प्रभाव से लागू किया जावे। अन्यथा हम किसान संघ धरना प्रदर्शन, रैली एवं चक्काजाम के लिए बाध्य हो जायेंगे।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर सुधार लाने के लिए एकजुट होकर काम करें...

## नई शिक्षा नीति के माध्यम से छात्रों को अधिक व्यावहारिक और रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करें:सचिव प्रसन्ना

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



उच्च शिक्षा सचिव प्रसन्ना आर की अध्यक्षता में आज यहां शासकीय पंडित जवाहर लाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय( पीजी़ कॉलेज) बेमेतरा में एक महत्वपूर्ण संभाग स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संभाग के उच्च शिक्षा संस्थानों की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और भावी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर रणबीर शर्मा, कॉलेज के प्राचार्य डॉ.पी.पी. चंद्रवंशी, एडिशनल डायरेक्टर दुर्ग डॉ राजेश पाण्डे सहित संभाग के सभी कॉलेजों के प्रचार, और एक-एक प्रोफ़ेसर उपस्थित थे। बैठक में सचिव उच्च शिक्षा प्रसन्ना ने शिक्षा गुणवत्ता सुधार और बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों और शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है।

बैठक में नई शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें सचिव ने इस नीति के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से छात्रों को अधिक व्यावहारिक और रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान की जा सकती है। इसके अलावा, डिजिटल शिक्षा और ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफार्मों के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

सचिव प्रसन्ना ने सभी संस्थानों को गुणवत्ता मूल्यांकन और मान्यता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार हर संभव सहायता प्रदान करेगी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और आवश्यकताओं पर सचिव को अवगत कराया, जिन पर सचिव ने सकारात्मक समाधान का आश्वासन दिया।उन्होंने प्राचार्यो और प्रोफ़ेसर की समस्याओं और जिज्ञासाओं का समाधान करने का पूरा भरोसा दिया। अंत में, सचिव ने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर सुधार लाने के लिए एकजुट होकर काम करें और राज्य को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में योगदान दें। इस बैठक ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण निर्णय लेने और नई दिशा निर्धारित करने का मार्ग प्रशस्त किया।

## महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर सत्यवान वट सावित्री का विधि विधान से पूजा अर्चना किया

पायनियर संवाददाता ‹ कोलेगांव/कवर्धा
www.dailypioneer.com



कोलेगांव विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सोमनापुर सहित आसपास के ग्रामीण गांव के महिलाओं ने अपने सुहागन के लिए वट सावित्री माता का उपवास रहकर 108 भंवरी दिया अपने पति के दीर्घायु एवं परिवार में सुख शांति समृद्धि बनाए रखने के लिए सत्यवान वट सावित्री का पूजा अर्चना विधि विधान से किया जिसमें महिलाओं ने उपवास रखकर गौरी शंकर नाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए घर में सुख शांति समृद्धि के लिए बाबा भोलेनाथ गौरी शंकर नाथ से आशीर्वाद मांगा बताया जाता है कि यह महिलाओं के लिए गर्मी के माह में सबसे बड़ा उपवास माना गया है महिला निर्जला उपवास रखकर गौरीशंकर नाथ से आशीर्वाद के रूप में अपने सुहागन के लिए बाबा भोलेनाथ गौरी माता से अपने पति के दीर्घायु एवं सुख शांति के साथ-साथ घर परिवार में सुख शांति के लिए निर्जला उपवास रखकर सत्यवान वट सावित्री माता का पूजा अर्चना किया गया और आशीर्वाद मांगा हम पर सदा कृपा बनाए रखना हमारे घर परिवार में सुख शांति समृद्धि बने रहे की कामना करते हुए वट सावित्री माता का विधि विधान से पूजा अर्चना पाठ किया गया जिसमें राजेश्वरी शर्मा शकुन शर्मा यशोमती शर्मा नंदिनी मिश्रा मंदाकिनी दुबे कल्पना शर्मा के सुधा तिवारी सोमनापुर द्वारा विधि विधान से वट सावित्री माता का पूजा पाठ किया गया और और 108 परिक्रमा किया गया एव प्रसाद वितरण किया गया।

# रोजगार दिवस में बताया गया ग्रामीणों को स्वच्छ हरित ग्राम का महत्व, महात्मा गांधी नरेगा से 5 से 12 जून तक मनाया जाएगा स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदशन में जिले में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। रोजगार दिवस में महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से चलाई जा रही 5 से 12 जून तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के आयोजन की जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराया गया और इसके महत्व की जानकारी दी गई। इसके साथ ही महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत सामुदायिक कार्यों, हितग्राही मूलक कार्यों की जानकारी से भी अवगत कराया गया। इस दौरान गांवों में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। गांवों में पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ावा देने हेतु महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 05 जून से 12 जून 2024 तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। 7 जून को आयोजित रोजगार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों, कृषकों, मनरेगा जॉबकार्डधारी परिवारों को भू-जल को रिचार्ज करने एवं जल भराव को लंबे अवधि तक रोकने में सोक पिट का निर्माण करने प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप पिट से जैविक कचरे को पोषक तत्व के रूप में जैविक खाद बनाने, कचरे से कम्पोस्ट खाद, अपशिष्ट पदार्थों का पुनः उपयोग एवं गैर-बायोडिग्रेडबेल कचरे का रिसायकलिंग के लिये प्रोत्साहित करते हुए सफाई गतिविधियां, जल संरक्षण एवं जैव विविधता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। जल निकायो के कायाकल्प एवं जीर्णोद्वार के सकारात्मक प्रभावों को भी प्रदर्शित किया गया। 7 जून को जनपद पंचायत अकलतरा ग्राम पंचायत परसाहीबाना, करूमहू, पिपरदा, भैंसतरा, कटनई, खटोला, पकरिया लटिया, पौना, जनपद पंचायत बलौदा की ग्राम पंचायत पिसौद, जर्वे ब, ढोरला, खिसोरा, जावलपुर, हेडसपुर, कंडरा, बक्सरा, करमा, बसंतपुर, करमंदा, बोकरामुडा, केराकछार, औराईखुर्द, जनपद पंचायत बम्हनीडीह की ग्राम पंचायत झरना, मौहाडीह च, दुरपा, लच्छनपुर में रोजगार दिवस मनाया गया। इसके अलावा जनपद पंचायत पामगढ़, बम्हनीडीह, तालदेवरी, जनपद पंचायत नवागढ़ ग्राम पंचायत खोखरा, सेवई, गोधना, भादा, कचंदा, सलखन, अमोरा आयोजित किया गया।

# अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पोडीदल्हा के पहाड़ जंगल में जुआ खेलने वाले 07 आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पोडीदल्हा के पहाड़ जंगल में जुआ खेलने वाले 07 आरोपियों को किया गिरफ्तार।अकलतरा पुलिस/सायबर टीम पुलिस की संयुक्त कार्यवाही। आरोपियों के कब्जे से 52 पत्ती तास, नगदी 35,600/रू, 06 नग मोबाइल कीमती 52,000/रु एवम 06 नग मोटर साइकिल कीमती 1,50,000/रु जुमला कीमती 2,37,600/? बरामद। आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत की गई कार्यवाही। अकलतरा-सायबर टीम जांजगीर को 06.06.24 को मुखबीर सूचना मिला कि थाना अकलतरा क्षेत्र के ग्राम पोडीदल्हा के पहाड़ जंगल में कुछ लोग रूपयें पैसे का दांव लगाकर तास पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है किसूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर पाया गया कि आरोपी 01.विष्णु प्रसाद लोधी मोपका थाना सरकंडा, 02 कृष्णा यादव साकिन खैरा थाना सीपत जिला बिलासपुर 03. विजय ध्रुव साकिन खैरा थाना सीपत जिला बिलासपुर, 04.अरुण कुमार कश्यप निवासी पोडीदल्हा थाना अकलतरा, 05 दिलीप चन्द्राकर साकिन जयरामनगर थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर, 06. अरविन्द्र यादव साकिन कापन मुडपार चौकी नैला 07. अजय राठौर साकिन गतौरा थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर को जुआ खेलते पाया गया जिसके कब्जे से 52 पत्ती तास, नगदी 35,600/रू, 06 नग मोबाइल कीमती 52,000/रु, 06 नग मोटर साइकिल कीमती 1,50,000/रु बरामद किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 272 /2024 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत विधिवत् कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में DSP अनिल कुर्रे, प्रशि.छ्स्क संगम राम, सायबर सेल प्रभारी उप निरी.पारस पटेल, निरीक्षक दिनेश कुमार यादव थाना प्रभारी अकलतरा, साइबर सेल से प्र.आर.मनोज तिग्गा, प्र.आर.राकेश राठौर, विवेक सिंह, आरक्षक रोहित कहरा, गिरीश कश्यप, सिदार सिंह पैकरा, चिरंजवी कमलेश अर्जुन यादव, विनोद राठौर, विवेक ठाकुर एंव थाना स्टाफका सराहनीय योगदान रहा।

# स्कूटी पर अवैध शराब का परिवहन, 192 पाव अंग्रेजी शराब जब्त, पुलिस की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने अवैध शराब पर अंकुश लगाने के दिये निर्देशन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल के नेतृत्व में कल शाम कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा अवैध शराब पर बड़ी कार्यवाही किया गया है। थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बिना नंबर एक काले रंग के होंडा स्कूटी में एक युवक भारी मात्रा में शराब रखकर लाखा से उर्दना की ओर जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल स्टाफ कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मेन पर लाखा डेम नहर के पास घेराबंदी कर संदेही युवक को पकड़ा गया। संदेही अपना नाम देवब्रत प्रधान पिता व्योमेश प्रधान उम्र 18 वर्ष साकिन बेलादूला श्रीराम कालोनी रायगढ, हाल मुकाम मोदीनगर बोईरदादर थाना चकधरनगर जिला रायगढ़ बताया जिसके रखे तीन बैग में 162 पाव (180उस) गोवा स्पेशल व्हिस्की, 30 पाव पार्टी स्पेशल अंग्रेजी शराब कुल 34.560 ब्लक लीटर शराब कीमती 27,360 मिला। युवक देवब्रत प्रधान द्वारा शराब परिवहन के संबंध में कोई समाधानकारक वाब और कागजात पेश नहीं कर पाने से कोतवाली पुलिस टीम द्वारा आरोपी देवब्रत प्रधान से अवैध शराब और एक बिना नंबर काला रंग होंडा एक्टिवा स्कूटी कीमती 90,000 रुपए कुल 1,17,360 की अपराध में जप्ती कर आरोपित देवव्रत चैहान पर थाना कोतवाली में धारा 34(2), 59(क)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# बयांग व नंदेली में अलग-अलग कार्रवाई में 04 आरोपियों से 23 लीटर शराब जप्त

## थाना कोतरारोड़ में आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर कल शहर में अवैध शराब पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। कोतवाली पुलिस द्वारा स्कूटी पर शराब परिवहन कर रहे आरोपी से 192 पाव अंग्रेजी शराब की जप्ती की गई है। वहीं थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम नंदेली और बायंग में अवैध शराब विक्रय की सूचना पर कोतरारोड़ पुलिस द्वारा चार अलग-अलग ठिकानों पर शराब रेड कार्यवाही कर चार आरोपियों को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है। आरोपियों से कुल 23 लीटर महुआ शराब (2350) एवं बिक्री रकम 1450 जप्त किया गया है।

आरोपियों पर थाना कोतरारोड़ में पृथक-पृथक आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में शराब रेड कार्रवाई में उप निरीक्षक जे. एक्का, सहायक उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त, प्रधान आरक्षक करुणेश राय, शंकर कालो, जय प्रकाश सूर्यवंशी, आरक्षक चन्द्रेश पाण्डेय, संजीव पटेल, मनोज जोल्हे, सतीश सिंह, संजय एक्का, प्रवीण राज और टिकेश्वर यादव शामिल थे।

# महिला संबंधी अपराध में पुलिस की त्वरित कार्रवाई

## छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना पुसौर में महिला द्वारा युवक सुखदेव सिदार (20 साल) के विरुद्ध छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। महिला बताई कि सुखदेव सिदार उसे आते-जाते गंदे कमेंट्स कर छेड़खानी करता था जिसे नजरअंदाज कर सुखदेव को समझाई थी।

इसके बावजूद सुखदेव अपनी हरकतों से बाज नहीं आया, 28 मई के सुबह कचरा फेंकने जाते समय अकेली देखकर गंदी नियत से सुखदेव हाथ बांह पकड़कर छेड़खानी किया, शोर मचाने पर वहां से भागा, जिसकी जानकारी घर में सास ससुर, पति को दी।घर में सलाह मशवरा कर कल महिला द्वारा आरोपी सुखदेव सिदार के विरुद्ध कल थाना में छेड़खानी के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। महिला के आवेदन पर थाना पुसौर में आरोपी सुखदेव सिदार पर धारा 354 आईपीसी के तहत अपराध कायम किया गया। महिला संबंधी अपराध को गंभीरता से लेते हुए। थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे आरोपी सुखदेव सिदार के घर पर दबिश देकर हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे रिपोर्ट के 24 घंटे के भीतर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# नाबालिक से दुष्कर्म, आरोपी गया जेल, जूटमिल पुलिस की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



प्रार्थीया द्वारा उसकी नाबालिक लड़की के साथ अभिषेक भोई (उम्र 27 वर्ष) निवासी ग्राम खैरगढ़ी थाना सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ हाल मुकाम थाना क्षेत्र जूटमिल द्वारा दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया।

प्रार्थीया ने बताया कि वो अपने पति, बच्चों के साथ जूटमिल क्षेत्र में किराया मकान लेकर रहती है। वहीं पास में अभिषेक भोई और उसकी पत्नी लक्ष्मी भोई भी किराया मकान लेकर रहते हैं जिनके साथ इनका बातचीत होता था। 29 मई को लक्ष्मी भोई का पति अभिषेक भोई ड्यूटी पर गया था लक्ष्मी की तबीयत ठीक नहीं होने पर लक्ष्मी के साथ घर सोने के लिए लड़की को भेजी थी। दूसरे दिन लड़की घर आई और गुमसुम रहने लगी 04 जून को लडकी से पूछताछ करने पर बताई कि 29 मई को लक्ष्मी के घर सोने गई थी। उसी रात अभिषेक अपनी ड्यूटी से वापस घर आ गया और रात करीब 2 बजे उसके साथ दुष्कर्म किया और घटना किसी को ना बताने की धमकी दिया जिससे लडकी डरी हुई थी। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर आरोपी अभिषेक भोई पर थाना जूटमिल में धारा 376,506 आईपीसी 4 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा पीड़ित बालिका का महिला अधिकारी से कथन मेडिकल कराकर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश देकर आरोपी अभिषेक भोई को हिरासत में लिया गया जिसे आज न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। न्यायालय में आरोपी का न्यायिक रिमांड स्वीकृत कर जेल वारंट जारी करने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

# शिवरीनारायण थाना क्षेत्र में खुलेआम चल रहा लाखो का जुआ अन्य जिलों से आ रहे जुवाड़ी

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




जांजगीर-चांपा जिला जुआ को लेकर काफी बदनाम है, तो वही जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र में लाखो का जुआ खुलेआम चल रहा है। क्षेत्र में अलग-अलग जगह बदलकर विभिन्न स्थानों में फिर से जुआ का खेल शुरू हो गया है शिवरीनारायण क्षेत्र के कुरियारी गांव में जिले के विभिन्न स्थानों से जुआ खेलने जुआरी सक्रिय हो गए हैं। शिवरीनारायण क्षेत्र के कई स्थानों पर फिर से जुआ का फ्ढ़ लगने लगा है। जुआ के अड्डों से फोटो भी वायरल होने लगे हैं जुआ पर नियंत्रण लगाना शिवरीनारायण पुलिस के लिए भारी कठिन चुनौती साबित हो रहा है।

**पुलिस प्रशासन की नजर को मात दे के चला रहे जुवाः-** कुरियारी गांव में लाखों रुपए की चल रही जुए की जानकारी पुलिस को नहीं है। जिसके चलते क्षेत्र के लोगों का मानना है कि पुलिस की दृष्टि और मुखबिरी तंत्र फेल हो गई है। जिसके चलते क्षेत्र में इतनी बड़ी जुआ चल रही जुआ के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

जुआरियों को आश्वस्त किया जाता है कि वे खेलें पकड़ाने की चिंता न करें। ऐसे लोग अपने मुखबीरों को भी चारों दिशाओं में सक्रिय करके रखते हैं, जो फड़ की दिशा में जाने वाले किसी भी अनजान अथवा संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी पहले ही दे देते हैं। शिवरीनारायण में पूर्व में लगातार कार्रवाई के कारण कई महीनो तक जुआ बंद था। पूर्व में शिवरीनारायण में एक टीआई ने एक बड़े जुआ खिलाने वाले के घर में दबिश देकर करीब सवा लाख का बड़ा जुआ पकड़ा था। इसके बाद उस टीआई की यहां से बिदाई हो गई थी। इसके बाद से यहां से जुआ बिर्रा की ओर शिफ्ट हो गया था। अब बिर्रा क्षेत्र में तो जुआ हो ही रहा है। एक बार फिर शिवरीनारायण व आसपास जुआरी सक्रिय हो गए हैं। इस क्षेत्र में बड़ा फड़ लगने लगा है।

**सुविधाओं का रखा जाता है विशेष ख्याल-**जुआ प्रमियों के लिए आलीशान होटलों जैसे सुविधा उपलब्ध कराया जाता है ताकि उन्हें किसी तरह की कोई असुविधा महसू न हो बिसलेरी पानी से लेकर पाउच सिगरेट,स्पेशल वेरायटी का शराब के साथ चाय नास्ता चखना आदि मार्केट दाम से अधिक मूल्य में यहाँ उपलब्ध कराई जा रही है। इतना सब होने के बाद भी शिवरीनारायण पुलिस को उक्त जगह के बारे में जानकारी का न होना अपने में एक सवाल लिए साबित हो रहा है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवागढ़ का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

## अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन काटने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर आकाश छिकारा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थिति पंजी का निरीक्षण करते हुए अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने एवं समय पर आने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न वार्डों का अवलोकन भी किया। कलेक्टर ने ओपीडी में पहुंचकर आए हुए मरीजों की जानकारी लेते हुए उनके बेहतर ईलाज के निर्देश डॉक्टरों को दिए। कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दन्त रोग, नेत्र रोग कक्ष, सोनोग्राफी कक्ष, ड्रेसिंग रूम, चिकित्सक कक्ष, जांच लैब, वेटिंग हॉल, लैब, जनरल वार्ड, महिला एवं पुरुष वार्ड, शौचालय, मेडिकल कक्ष, स्टोर रूम, आईसोलेशन वार्ड का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जो भी मरीज आते हैं उन्हें जानकारी से अवगत कराएं और बेहतर ईलाज कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जनरल वार्ड में भर्ती मरीज विजय साहू, भारती रात्रे से उनके किये जा रहे ईलाज और मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को लगाये जा रहें टीकाकरण की जानकारी ली और कहा कि सप्ताह में किस दिन टीकाकरण किया जाता है उसकी जानकारी से लोगो को अवगत करायें। उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों के अभिभावकों से प्रतिदिन दिए जा रहे आहार की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों को नियमित रूम से चार्ट के अनुसार पौष्टिक आहार देकर उनका नियमित वजन किया जाए। उन्होंने पैथालॉजी लेब का निरीक्षण करते हुए निर्धारित समय के भीतर ही रिपोर्ट मरीजों को उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए मौके पर ही मिस्दा निवासी सोनम को जांच रिपोर्ट दिलवाई। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**सर्पदंश से बचाव हेतु स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक दवाईयां उपलब्ध-मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार सर्पदंश से बचाव हेतु जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराई गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने बताया कि मानसून के मौसम में सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि हो जाती है। बाढ़ जैसी स्थिति के बाद आवासीय क्षेत्रों में सांप दिखाई देने लगते हैं। उन्होंने बताया कि सर्पदंश से बचाव हेतु घर को कूड़ारहित रखें, चूहे के बिल को बंद करें, नाली को जाली से बाहर से बंद करें एवं खाट या बाजवट पर मच्छरदानी लगाकर सोएं, जूते पहनकर ही पैदल चलें। दरवाजे एवं खिड़कियों के पास पौधे न लगाएं एवं पौधों व झाड़ियों के बीच जाने से बचें।

## मरीजों के मांग पर उठाया गया नेक कदम बना सराहनीय

# पीड़ित मानवता के सेवा में अष्टधातु थेरेपी सेंटर में एक से अधिक मशीन रहेगा उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com



शरीर के तमाम व्याधियों से छुटकारा पाने के लिए मरीज तथा परिजन क्या कुछ उपाय नहीं करते हैं तरह-तरह का जांच पड़ताल एवं दर्जनों किस्म के रंग बिरंगी टैबलेट तथा कैप्सूलों कख सहारा लेकर शरीर को निरोगी बनाने का हर संभव प्रयास किया जाता है। लेकिन आज के दौर में कितने प्रयास के बाद ही तन निरोगी काया के रूप में बन पाना मुश्किल हो रहा है, ऐसे हालात में प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के तहत यदि बिना किसी खास दवा तथा जांच पड़ताल के यदि मरीज को लाभ मिलने लगे तो इसे प्राकृतिक चिकित्सा का चमत्कार ही कहा जा सकता है, और ऐसा ही जबरदस्त प्रयास चांपा के कचरा गोदाम हनुमान धारा रोड वार्ड नंबर एक निवासी राजू साहू के निवास पर सार्थक प्रयास करते हुए अष्टधातु से निर्मित फूट थेरेपी सेंटर का संचालन किया जा रहा है, जहां बिना किसी जांच पड़ताल अथवा गंभीर दवाओ के बिना ही पैर के तलवों को अष्टधातु से निर्मित बर्तन (प्लेट) में हौले हौले मसाज करते हुए प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के तहत शरीर के तमाम व्याधियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है,यहां बताते चलें कि माह भर पहले इस थेरेपी सेंटर में केवल एक मशीन हुआ करता था इसी मशीन के सहारे तलवों के मसाज करते हुए मरीजों के कई शारीरिक कष्टों का निवारण करने का प्रयास चल रहा है,पर अब मरीज तथा परिजनों के विशेष मांग पर इस थेरेपी सेंटर में एक नहीं बल्कि दो मशीन एक साथ संचालित किया जा रहा है,स्पष्ट कर दें कि अष्ट धातु से निर्मित फुट थेरेपी प्रणाली से शरीर के अनेकों बीमारियों से राहत पाने का एक बेहतरीन उपाय किया जा सकता है, जिसमें मरीज को ना किसी विशेष किस्म का जांच करवाना है और ना ही किसी खास किस्म का दवाओ का सहारा लिया जाता है, केवल पैर के तलवों का मशीन के माध्यम से बड़े आराम से मसाज करने से मरीजों को अराम का एहसास होना होने लगता है, और चंद दिनों के लगातार मसाज होने से मरीजों के शरीर से कई किस्म के बीमारियों के लक्षण में आराम मिलने लगता है इन्हीं कारणों से प्रचार-प्रसार के चलते लगातार मरीजों के बढ़ती संख्या को देखते हुए पीड़ित मानवता के सेवा के मद्देनजर एक से अधिक मशीन उपलब्ध कराया जा रहा है जहां बेहद न्यूनतम शुल्क देकर शारीरिक कष्टों एवं लक्षणों से निजात पाया जा सकता है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
**ई-निविदा नोटिस नं.:** TRS-BIA-24-25--PU-PAINT-02
**कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिक लोको शेड, भिलाई में 2 वर्ष के लिए 3 फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की PU (पॉलीयूरेथेन) पेंटिंग करने हेतु।
**काम की लागत:** ₹ 29,93,155.02 (रुपए उनतीस लाख तिरानबे हजार एक सौ पचपन और दो पैसे मात्र), **बोली सुरक्षा/ बयाना राशि जमा:** ₹ 59,900.00 (रुपए उनसठ हजार नौ सौ मात्र), **कार्य की पूर्णता अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से (24) चौबीस माह।
**निविदा समाप्ति की तिथि और समय:** दिनांक **25.06.2024** को **11:30** बजे।
**वेबसाइट विवरण और निविदा के विवरण यहां देखे जा सकते हैं:** **http://www.ireps.gov.in**
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च.स्टा), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भिलाई
PR/R/TRS(BIA)/FL/43
South East Central Railway @secrail

Aavas
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA
आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
( पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात ) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**
कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ''की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **रामगोपाल चतुर्वेदी**, मीनू चतुर्वेदी<br>**खाता सं.** LNRAI01217-180065087 | 06 जून 2024<br>₹ 327390/-<br>04 जून 2024 | खसरा नं. 20 का भाग, स्थित भाटागांव, पी.एच. नं. 105/47, आरएनएम-रायपुर-1, वार्ड नं. 63, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वाई, तहसील व जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ **क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट** |
| **हेनरी पीटर**, एलिजाबेथ पीटर<br>**खाता सं.** LNDUR00620-210173112 | 06 जून 2024<br>₹ 1101555/-<br>04 जून 2024 | प्लाट नं. 31, गांव-चरोदा, पंचशील नगर, वार्ड नं. 20 ( आदर्श नगर ), पीएचएन-02, खसरा नं. 265/3 का भाग, तहसील-पाटन, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़-1581233 **क्षेत्रफल 1410 वर्ग फीट** |
| **आशा राम साहू** , किशन लाल साहू, रूकमणी साहू<br>**खाता सं.** LNDHM16322-230262446 | 06 जून 2024<br>₹ 331385/-<br>04 जून 2024 | सम्पत्ति खसरा नं. 1015/1 पुराना पी.एच नं. 13/46, क्षेत्र-0.08 हेक्टेयर, स्थित नया पी.एच नं. 24 वार्ड नं. गांव डिमर आर.आई भोथली, तहसील व जिला-धमतरी, छत्तीसगढ़ **क्षेत्रफल 0.08 हेक्टेयर** |

स्थान : जयपुर    दिनांक 08.06.2024    प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# कलेक्टर के निर्देश पर सार्वजनिक स्थानों में हुई शीतल पेयजल की व्यवस्था




पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रदेश में भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के थपेड़ों को देखते हुए कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर पूरे जिले के सार्वजनिक स्थानों पर पीने के ठंडा पानी की व्यवस्था घड़ा में की गई है वही कलेक्टर चौहान ने गर्मी को देखते हुए जिले के लोगों से सावधानी बरतने और इससे बचने का आग्रह किया है। उन्होंने लोगों से खुद का और परिजनों का भी ख्याल रखने की बात कही है। पूरे प्रदेश में नौतपा की कहर बरपाती भीषण गर्मी के चलते विगत कुछ दिनों से प्रदेश के तापमान में भारी वृद्धि हुई है। झुलसाने वाली गर्म हवाओं के थपेड़े चल रहे हैं। कलेक्टर के एल चौहान ने भीषण गर्मी में लोगो को ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह देते हुए उनके लिए जगह जगह ठंडा पानी का घड़े की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था जिसके पालन में जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर पीने की पानी व्यवस्था करवा दी गई है,जिससे आम लोगो को काफी राहत मिलने के साथ साथ सुखद अनुभव भी हो रहा है।

## गर्मी और लू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें

कलेक्टर चौहान ने भीषण गर्मी को देखते हुए लोगो से आग्रह है कि सुरक्षित रहें, सतर्क रहें, अपना और अपने बच्चों का ख्याल रखें। आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से सावधानी से निकले, धूप में सिर और कान को कपड़े से अच्छी तरह से बांधें, पानी अधिक मात्रा में पियें, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पियें, छायादार जगहों पर रहें, लू लगने या तबियत ख़राब होने की स्थिति में तत्काल अस्पताल जाएं। क्योंकि सावधानी में ही समाधान है। विदित हो कि इस समय पूरे प्रदेश में बेतहाशा गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने भी आगामी कुछ दिनों तक हीटवेव के जारी रहने की बात कही है। जिसके चलते कलेक्टर चौहान जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए सभी बस स्टैण्ड, यात्री प्रतीक्षालय एवं सामुदायिक भवनों का समुचित निगरानी एवं देखभाल करने तथा इन स्थानों पर रुकने वाले यात्रियों के लिए शीतल पेयजल उपलब्ध कराते हुए यथासंभव पंखे की व्यवस्था करने के निर्देश एसडीएम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जनपद सीईओ को दिए हैं। इसके साथ ही यात्री प्रतीक्षालय में ठहरे किसी व्यक्ति के पास भोजन की उपलब्धता न हो तो नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों के माध्यम से भोजन, ओआरएस घोल आदि की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं।

# 20 जुलाई तक जिले के शत प्रतिशत लोगों का बनाये आयुष्मान कार्ड : कलेक्टर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्टोरेट के वीसी कक्ष से जिलेवासियों के आयुष्मान कार्ड निर्माण की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लोगों के अभी तक बन चुके आयुष्मान कार्ड और कार्ड बनाने से बचे हुए लोगों की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले के 86 प्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके है। कलेक्टर अग्रवाल ने आयुष्मान कार्ड बनाने से छूटे हुए लोगों का विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने 20 जुलाई तक व्यापक अभियान चलाकर लोगों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड निर्माण के कार्य को उच्च प्राथमिकता में लेते हुए गंभीरता एवं सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिये। इसके लिए उन्होंने विकासखण्डवार माईक्रो प्लानिंग करने तथा गांववार विशेष टीम बनाकर छुटे हुए लोगों का सर्वे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लोगों को शासन की तरफ से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं इलाज की सुविधा प्राप्त होती है। इसके लिए सभी वंचित लोगों का जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने



आयुष्मान कार्ड निर्माण की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। साथ ही सभी एसडीएम एवं सीईओ जनपदों को इसकी लगातार समीक्षा भी करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में जिले के एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ, बीपीएम, बीएमओ, स्वास्थ्य एवं पंचायत विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए। आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना शासन की फ्लैगशिप योजनाओं में शामिल है। लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं इलाज की सुविधा मुहैया कराने के लिए शासन प्रतिबद्ध है। शासन की इस योजना को उच्च प्राथमिकता में शामिल कर तथा छुटे हुए लोगों का गांव-गांव सर्वे कर आयुष्मान कार्ड निर्माण के कार्य को तेजी से पूर्ण की जाए।

## क्लीन एवं ग्रीन विलेज सप्ताह में गांव-गांव हो रहा स्वच्छ



पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले में क्लीन विलेज ग्रीन विलेज सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गांव-गांव में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। गांव के ग्रामीण स्वयं रूचि लेकर अपने गांव की साफ-सफाई कर रहे है। गांव में बरसात के पहले नालियों की सफाई किया जा रहा है, तो कहीं वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी चेतना दिखा रहे है। इसी क्रम में कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीता यादव के मार्गदर्शन में जिला पंचायत परिसर की सफाई कर लोगों को अपने आस-पास एवं कार्य स्थल को साफ रखने का संदेश दिया गया। साथ ही पूरा जिला प्रशासन द्वारा लोगों से अपील की गई है कि आमजन आगे आकर अपने गांव, शहर और जिले को स्वच्छ रखने के लिए 02 घण्टे श्रमदान अवश्य करें।

# घर अंदर घुसकर मारपीट कर कार में तोड़फोड़ करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अविनाश ठाकुर, एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी भाटापारा शहर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के निर्देशन में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत शराब कोचियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों, सटोरियों एवं अन्य अवैधानिक कार्य करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। *इसी क्रम में बजरंग वार्ड भाटापारा में अपने पड़ोसी को घर अंदर घुसकर डंडा, लोहे की पाइप आदि से मारपीट करते हुए उसकी कार में तोड़फोड़ करने वाले 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 17.05.2024 को प्रार्थी विवेक शुक्ला पैदल अपने घर जा रहा था कि आरोपी अजय शुक्ला अपने अन्य दो साथियों के साथ प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज करते हुए, जान से मारने की धमकी देकर लाठी एवं लोहे की डंडा से मारपीट किया गया। घटना से हडबडाकर प्रार्थी अपने घर आया। इसी बीच तीनों आरोपियों द्वारा प्रार्थी का पीछा करते हुए प्रार्थी को उसके घर अंदर घुसकर मारपीट किया गया एवं प्रार्थी के घर के बाहर खड़ी कार में भी तोड़फोड़ किया गया। कि रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 252/2024 धारा 294, 506, 323, 452, 427, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में आज दिनांक 05.06.2024 को आरोपी अजय शुक्ला, विजय शुक्ला एवं संजय शुक्ला निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा को पकड़ा गया। आरोपियों से पूछताछ पर उनके द्वारा घर घुसकर प्रार्थी के साथ मारपीट करने एवं कार में तोडफोड़ करने की बात स्वीकार किया गया है। कि प्रकरण में तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

**आरोपियों के नाम**

अजय शुक्ला पिता नारायण प्रसाद शुक्ला उम्र 50 वर्ष निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर।

विजय शुक्ला पिता नारायण प्रसाद शुक्ला उम्र 49 वर्ष निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर।

संजय शुक्ला पिता नारायण प्रसाद शुक्ला उम्र 47 वर्ष निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर।

# मुंबई स्थित संयुक्त राज्य दूतावास के प्रतिनिधिमंडल ने कलिंगा विश्वविद्यालय का दौरा किया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुंबई स्थित संयुक्त राज्य दूतावास से एक प्रतिनिधिमंडल ने आज कलिंगा विश्वविद्यालय का दौरा किया और विश्वविद्यालय के अधिकारीयों तथा अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापकों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में मुंबई स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास से सीता राइटर तथा अनन्या घोष शामिल थीं। छात्र कल्याण प्रभारी डीन लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर ने स्वागत क्षेत्र में पारंपरिक आरती, तिलक और पोटेड प्लांट के साथ प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। संवाद सत्र विश्वविद्यालय के बोर्ड रूम में हुआ। बैठक में कुलपति डॉ. आर श्रीधर, महानिदेशक डॉ. बायजू जॉन, कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी, डीन अकादमिक मामले डॉ. राहुल मिश्रा, सहायक कुलसचिव मनीष सिसोदिया, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर इनक्यूबेशन अभिजीत शर्मा, डॉ. विनीता दीवान, सहायक प्रोफेसर कला एवं मानविकी, शेख अब्दुल कादिर, डिप्टी डीन छात्र कल्याण, मरिएटा जगदल्ला, सहायक प्रोफेसर, पापरी मुखोपाध्याय, सहायक प्रोफेसर, सोनल सिंह, शिक्षण सहायक और यूनुस रजवी उपस्थित थे। सीता राइटर ने बताया कि उनके दौरे का उद्देश्य एक्सचेंज प्रोग्राम के जरिए छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए मदद करना है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी विश्वविद्यालय डिजिटल गाइड विकसित कर रहे हैं और इसे अक्टूबर 2024 में लॉन्च किया जाएगा, जिससे भारतीय शिक्षण संस्थाओं को अमेरिकी विश्वविद्यालयों से जुड़ने में मदद मिलेगी। अनन्या घोष, अंग्रेजी भाषा और शिक्षा आउटरीच समन्वयक ने बताया कि अमेरिकी विश्वविद्यालयों द्वारा छात्रों के लिए स्व-गति कार्यक्रम पेश किए जाते हैं और संकाय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि वे अंग्रेजी संकायों के लिए समन्वय कर भविष्य के कार्यक्रमों पर चर्चा करेंगे। कुलसचिव, डॉ. संदीप गांधी ने कलिंगा विश्वविद्यालय के बारे में एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी और बताया कि विश्वविद्यालय प्रबंधन, फार्मेसी और कला एवं मानविकी के क्षेत्रों में अमेरिकी विश्वविद्यालयों के साथ उद्योग अकादमिक सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने बताया कि कलिंगा विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय छात्र अमेरिकी विश्वविद्यालयों में दाखिला लेने के इच्छुक हैं, बशर्ते उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान की जाए। प्रतिनिधि कलिंगा विश्वविद्यालय की अंतर्दृष्टि और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को जानकर खुश थे। अतिथियों को शॉल, स्मृति चिन्ह और कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा विकसित जैविक वर्मीकम्पोस्ट देकर सम्मानित किया गया ।







# सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग का गठन

पायनियर संवाददाता ◀ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग जिला महासमुन्द के निर्देशन में ब्लॉक इकाई सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग का गठन किया गया। जिसमें सर्व आदिवासी समाज के युवाओं ने बैठक में भाग लिया । प्राप्त जानकारी अनुसार भंवरपुर स्थित आदिवासी भवन में मनोज सिदार के नेतृत्व में युवाओं को विभिन्न दायित्व सौंपा गया जिसमें अध्यक्ष - देव ठाकुर , उपाध्यक्ष - दिव्या नागेश, केदारनाथ दीवान (कंवर), सचिव - राजेंद्र पोर्ते, कोषाध्यक्ष - टिकेश्वर मरकाम, महासचिव - संजय जगत, सुमंत जगत, संरक्षक - नीलमणि सिदार, मीडिया प्रभारी - किशन जगत, केशव सिदार को दिया गया। बैठक में लवकुमार पोर्ते, चंद्रिका सिदार, कन्हैया लाल जगत, धर्मेंद्र जगत सभी उपस्तिथ थे द्य सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का सम्मान पौधा वितरण कर किया गया और सभी ने पर्यावरण सुरक्षित रखने का संकल्प लिया द्य ज्ञात हो कि प्रकृति संरक्षण की जब कही भी बात होती है यह तब तक अधूरी मानी जाती है जब तक आदिवासी समाज के महान योगदान को याद न कर लिया जाए क्योंकी आदिवासी समाज सदियों से प्रकृति को संरक्षित कर साथ लेकर चलते हैं। आदिवासी युवा समाज सेवी मनोज सिदार ने बताया कि आदिवासी संस्कृति न केवल प्रकृति का संरक्षण किया बल्कि संपूर्ण मानव जाति का भी संरक्षण किया है द्य आदिवासी का मूल मंत्र जल ,जंगल, जमीन को माना जाता है , इसलिए सभी युवाओं ने हसदेव जंगल की हो रहे कटाई की भी निंदा की क्योंकि वहां के स्थानीय आदिवासी तथा वहां निवासरत जीव जंतु भी प्रभावित है।



# रायपुर निवासी दीप्ति मिराणी ने मिसेज राइजिंग स्टार का खिताब जीता

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर निवासी दीप्ति मिराणी (ज़ोनल प्रेसिडेंट लोहाणा महापरिषद यूथ विंग) मिसेज वर्ल्ड प्रतियोगिता में भाग लिया था,जिसका फाइनल 1 जून 2024 को आयोजित किया गया था उसमे उन्होंने निर्णायक मंडल द्वारा चयनित मिसेज राइजिंग स्टार का खिताब जीता। निर्णायक मंडल में फिल्म अभिनेत्री मीनाकाही शहादरी, टेलीविजन अभिनेत्री लता सबरवाल, बॉलीवुड के फैशन कोरियोग्राफर शी लोबो, सेलिब्रिटी ज्वेलरी डिजाइनर आकाश अग्रवाल सहित अन्य पिछले वर्षों के खिताब धारक शामिल थेज उन्हें खिताब जीतने के लिए प्रेरित करने वाले विभिन्न कार्य टैलेंट राउंड थे - इस राउंड में समय सीमा 60 सेकंड थी




और इस समय सीमा में दीप्ति ने एक अभिनय किया जिसमें उन्होंने आज तक की अपनी जीवन यात्रा को दर्शाया और उसके बाद जजों ने तालियों और प्रशंसा की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया, निर्णय के अन्य राउंड टास्क राउंड, तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन, सामाजिककरण, सीखना और समझना, शूट और पोज़ और परिचय थेज। जब दीप्ति से अपना परिचय देने के लिए कहा गया, तो जिस परिचय के कारण उन्हें यह खिताब जीतने में मदद मिली, वह था - एक महिला को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है क्योंकि हम सभी जानते हैं कि वह दैनिक आधार पर कई भूमिकाएँ निभाती है जो उसे एक मजबूत व्यक्ति बनाती है... मैं दीप्ति मीरानी पहले एक गृहिणी हूँ और फिर एक उद्यमी और एक सामाजिक कार्यकर्ता हूँ... मेरा दृढ़ विश्वास है कि हर महिला को हमेशा अपने सपनों को एक कोशिश देनी चाहिए। कोशिश करते समय असफलता जैसी कोई बात नहीं होती, हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है... इससे हमेशा अनुभव प्राप्त होगाज सीखना बढ़ता है और इस अनुभव के साथ, एक महिला के रूप में आप महान ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकती हैं।

# जमाअत ए इस्लामी हिंद, रायपुर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

जमाअत ए इस्लामी हिंद, रायपुर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमे पौधा वितरण, वृक्षारोपण, ड्राइंग कंपटीशन, स्पीच कंपटीशन, स्लोगन आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। पर्यावरण दिवस के दिन सुबह जमाअत ए इस्लामी हिंद के सदस्यों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर गार्डन,ऑक्सी जोन और व्हाइट हाउस गार्डन में पौधा वितरण किए उसके बाद अल फलाह टावर और जिम खाना ग्राउंड बैरन बाज़ार में वृक्षारोपण किया गया किया गया। शाम 7:00 से नगर निगम व्हाइट हाउस गार्डन में ड्राइंग कंपटीशन और स्पीच कंपटीशन रखा गया है जिसमें तकरीबन 150 बच्चों ने हिस्सा लिया बच्चों ने बहुत ही अच्छी-अच्छी पर्यावरण जागरूकता के लिए ड्राइंग बनाकर लेकर आए। ड्राइंग और स्पीच कंपटीशन में ग्रुप ए और बी के बच्चों को फर्स्ट सेकंड थर्ड प्राइस में मोमेंट के साथ नगद पुरस्कार दिया गया साथ ही इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। इस प्रतियोगिता के जाज रेखा मैम, नीरज सर, शकीरा उल्ला खान रहे जिन्होंने ड्राइंग को बोहत ही बारीकी से जांच कर निर्णय लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनाब मुबीन खान साहब सेक्रेटरी सेक्रेटरी जमाअत ए इस्लामी हिंद रायपुर ने की, शहर अध्यक्ष उबैद खान कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। पर्यावरण जागरूकता अभियान को सफल बनाने में जमाअत ए इस्लामी हिंद रायपुर के सदस्यों तूफैल कुरैशी, जुवेरिया साहेबा, मुजाहेदा साहेबा, फाकरा साहेबा , वायेजा खानम, सुमैया रूमान,अजहर साहब, मोहिब खान, यार खान, मुजाहिद साहब, स्रह्न अलीम आदि ने अहम भूमिका निभाई।




# कलेक्टर ने किया आयुष विंग का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ज़िला अस्पताल परिसर बेमेतरा में आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र (आयुष विंग) का का निरीक्षण किया। ज़िला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. वीणा मिश्रा और मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.आर.चुरेंद्र विभिन्न विभागों के अधिकारी, चिकित्सक, उपस्थित थे। ज़िला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. वीणा मिश्रा ने आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाओं के की जानकारी दी। उन्होंने इस आयुष विंग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया। रणबीर शर्मा ने आयुर्वेद महत्त्वता का ज़िक्र करते हुए कहा कि प्राचीन चिकित्सा पद्धति न केवल रोगों के उपचार में बल्कि उनकी रोकथाम में भी अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र से लोगों को पारंपरिक और प्राकृतिक चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त होंगी, जो आधुनिक चिकित्सा के साथ मिलकर समग्र स्वास्थ्य सेवा प्रदान करती है। उन्होंने सुविधाओं की जानकारी ली। डॉ. वीणा मिश्रा ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र में विभिन्न प्रकार की आयुर्वेदिक उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनमें पंचकर्म, हर्बल उपचार, और योग शामिल हैं। इस केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम नियुक्त की गई है जो मरीजों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवा प्रदान करेगी। आयुष विंग का यह नया केंद्र जिले के लोगों के स्वास्थ्य में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में दाल भात केंद्र का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर शर्मा ने सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को केंद्र के संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह केंद्र न केवल जिले के लोगों के लिए बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए भी एक वरदान साबित होगा।

# कृषि विभाग द्वारा पर्यावरण जागरूकता का दिया गया संदेश

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस 2024 को भूमि पुनरुद्धार की थीम पर मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत गरियाबंद विकासखंड में संचालित परियोजना प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत संचालित जलग्रहण समिति पारागांव में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया। जिसमें उप संचालक कृषि चंदन कुमार राय एवं सहायक संचालक सह परियोजना अधिकारी एनजीडब्लूडीपी 2.0 महेश कुमार पैकरा व जलग्रहण समिति के अध्यक्ष सह सरपंच पारागांव अमर बाई ध्रुव,ग्राम पटेल अमृत लाल ध्रुव वरिष्ट नागरिक लाल सिंग ध्रुव शिवकुमार ध्रुव, लक्ष्मी चंद बारले, बिरझु राम ध्रुव, माधव सिंग ध्रुव, व वाटरशेड के सभी अधिकारी कर्मचारी व गांव के महिला पुरुष के द्वारा पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण कर लोगों को जागरूक करते हुए वरिष्ठ लोगों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।

# सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग का गठन

पायनियर संवाददाता ◀ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग जिला महासमुन्द के निर्देशन में ब्लॉक इकाई सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग का गठन किया गया। जिसमें सर्व आदिवासी समाज के युवाओं ने बैठक में भाग लिया। प्राप्त जानकारी अनुसार भंवरपुर स्थित आदिवासी भवन में मनोज सिदार के नेतृत्व में युवाओं को विभिन्न दायित्व सौंपा गया जिसमें अध्यक्ष - देव ठाकुर , उपाध्यक्ष - दिव्या नागेश, केदारनाथ दीवान (कंवर), सचिव - राजेंद्र पोर्ते, कोषाध्यक्ष - टिकेश्वर मरकाम, महासचिव - संजय जगत, सुमंत जगत, संरक्षक - नीलमणि सिदार, मीडिया प्रभारी - किशन जगत, केशव सिदार को दिया गया। बैठक में लवकुमार पोर्ते, चंद्रिका सिदार, कन्हैया लाल जगत, धर्मेंद्र जगत सभी उपस्तिथ थे द्य सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का सम्मान पौधा वितरण कर किया गया और सभी ने पर्यावरण सुरक्षित रखने का संकल्प लिया द्य ज्ञात हो कि प्रकृति संरक्षण की जब कही भी बात होती है यह तब तक अधूरी मानी जाती है जब तक आदिवासी समाज के महान योगदान को याद न कर लिया जाए क्योंकी आदिवासी समाज सदियों से प्रकृति को संरक्षित कर साथ लेकर चलते हैं। आदिवासी युवा समाज सेवी मनोज सिदार ने बताया कि आदिवासी संस्कृति न केवल प्रकृति का संरक्षण किया बल्कि संपूर्ण मानव जाति का भी संरक्षण किया है। आदिवासी का मूल मंत्र जल ,जंगल, जमीन को माना जाता है , इसलिए सभी युवाओं ने हसदेव जंगल की हो रहे कटाई की भी निंदा की क्योंकि वहां के स्थानीय आदिवासी तथा वहां निवासरत जीव जंतु भी प्रभावित है ।



# पर्यावरण दिवस पर बेटी बचाओ मंच ने किया पौधा रोपण



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

बेटी बचाओ मंच टिकरापारा के पदाधिकारियो ने पर्यावरण दिवस पर टिकरापारा स्थित गार्डन में फूलों के खूबसूरत पौधों का रोपण किया। उक्त अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने पर्यावरण की दृष्टि से पौधों की आवश्यकता तथा ऑक्सीजन के जीवनदायनी के रूप में उपयोगिता को प्रतिपादित किया। उक्त अवसर पर मंच पदाधिकारी अंजली यदु, किरण कर्स, रुपा यदु, आशा धीवर, सुप्रिया धुवारे,नीतू साहू, उषा यादव, वर्षा कार्तिकेय, रीना ठाकुर, संगीता गुप्ता सहित पदाधिकारी शामिल थे।

# 11 को बैठक लेंगे डॉ. रमन, हेल्थ के मुद्दे पर बड़ा फैसला आ सकता है, अधिकारियों के खिलाफ शिकायत पर भी एक्शन की संभावना

## लंबे समय से मेडिकल कॉलेज डॉक्टरों और मशीनी उपकरणों की कमी से जूझ रहा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अपने निर्वाचन क्षेत्र में हेल्थ सेक्टर की बदहाली, मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की कमी और मशीनी उपकरणों का अभाव, सड़क निर्माण जैसे मामलों पर बड़े फैसले लेने की तैयारी है। पूर्ववर्ती सरकार के समय से जमे अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी का मामला भी है जिस पर एक्शन लिया जाना है। यह सारा कुछ 11 जून को विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की मौजूदगी में तय किया जाएगा ऐसी संभावना है।

11 जून को विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव में एक बड़ी बैठक लेने जा रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में खामियों और कमियों में सुधार को लेकर इस बैठक की जानकारी काफी पहले ही सामने आई थी। अब यह बैठक तय कर दी गई है। स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों के साथ बैठक डॉ. रमन मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में पसरी अव्यवस्थाएं, डॉक्टरों की कमी और दूसरे मसलों पर चर्चा के बाद सुधार के लिए बड़े निर्णय लेंगे।

गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज से एक साल के भीतर 20 से ज्यादा चिकित्सकों ने इस्तीफा दिया है। यहां टेक्निशीयन, स्टॉफ नर्स, वॉर्ड बॉय, आयाजैसे लगभग सभी स्वीकृत पदों में कामगारों की कमी है। तय सेटअप से काफी कम मानव संसाधन के साथ मेडिकल कॉलेज लड़खड़ाते हुए चल रहा है। इसके चलते मेकॉज की मान्यता पर भी खतरा मंडरा रहा है। एनएमसी पहले ही मेकॉज में समुचित स्टॉफ और व्यवस्था न होने पर मान्यता पर दोबारा सोचने की



चेतावनी राज्य के मेडिकल अस्पतालों को दे चुका है।

वहां राजनांदगांव के जिला अस्पताल में भी कमोबेश यही स्थिति है। यहां दवाईयों की कमी, कई तरह की जांच न हो पाने के चलते मरीजों के लिए बड़ी परेशानी खड़ी हो रही है। मेडिकल कॉलेज के पेंड्री में शिफ्ट होने के काफी समय बाद इस अस्पताल के रंग-रोगन में भी तकरीबन दो करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। लेकिन पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के चलते लोगों को कोई विशेष लाभ नहीं मिल सका है। मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल दोनों ही जगहों में ओपीडी भी ठीक ठाक नहीं चल पा रही है। मरीजों की संख्या कम है। लोग मजबूरी में निजी अस्पतालों और डॉक्टरों के निजी क्लिनिक का रुख कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज से डॉक्टरों के इस्तीफे की बड़ी वजह कम पे-स्केल माना जाता है। यह बात विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी अपने बयान में कह चुके हैं। तब उन्होंने आचार संहिता खत्म होते ही बड़ा निर्णय लेने की बात भी कही थी।

### निगम आयुक्त के खिलाफ शिकायतों पर भी होगी चर्चा

बताया जा रहा है कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने जो बैठक बुलाई है उसमें प्रदेश स्वास्थ्य सचिव, राजनांदगांव कलेक्टर, सीएमएचओ समेत अन्य अफसरों को बुलाया गया है। अन्य विभागों के अधिकारियों से भी इस दिन विस अध्यक्ष चर्चा कर सकते हैं। एक बड़ा विषय निगम में मनमानियों को लेकर भाजपा पार्षदों और नेताओं का विरोध भी है जिस पर बैठक में चर्चा जरुर छिड़ेगी। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के खिलाफ भाजपा पार्षद लंबे समय से मोर्चा खोले हुए हैं। उन पर भ्रष्टाचारऔर पक्षपात के आरोप लगते रहे हैं। इसके अलावा सड़क निर्माणसहित दूसरे मसलों को लेकर भी इस बैठक में चर्चा की संभावना है।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 9 को

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा आयोजित की जा रही हैंद्य यह प्राक्चयन परीक्षा दिनांक 09 जून 2024 दिन रविवार को प्रातः 11.00 बजे से 2.00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित किया गया है। उक्त परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों में रोल नम्बरवार बैठक व्यवस्था इस प्रकार है डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी आदर्श शास बहु उ मा शाला खैरागढ़ रोल नंबर 2211001 से 2211500 तक 500 परीक्षार्थी, आदर्श शासकीय कन्या उ.मा.शाला खैरागढ में 2212001 से 2212300 तक 300 परीक्षार्थी, शासकीय हाई स्कूल अमलीपारा खैरागढ़ में 2213001 से 2213200 तक 200 परीक्षार्थी, विवेकानंद पब्लिक स्कूल खैरागढ़ में 2214001 से 2214144 तक 144 परीक्षार्थी, वेसलियन इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल अमलीपारा खैरागढ़ में 2215001 से 2215243 तक 243 परीक्षार्थी है इसके अलावा विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र एकलव्य की वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in में लॉगिन कर आवेदन क्रमांक एवं पालक के मोबाईल नम्बर से डॉउनलोड कर, निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में नियत तिथि एंव समय में अपनी उपस्थिती सुनिश्चित करेगें।

# पुलिस अधीक्षक को लिखा गया प्रतिवेदन

**मोहला।** ग्राम धोबेदण्ड पटवारी हल्का नंबर 8 जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी स्थित भूमि, खसरा नंबर 148 में फर्जी तरीके से विक्रय किये जाने के संबंध में आवेदक श्रवण कुमार एवं सर्व आदिवासी समाज द्वारा कलेक्टर जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी को आवेदन प्रस्तुत किया गया था। कलेक्टर द्वारा गठित संयुक्त जांच समिति द्वारा जांच किया जाकर जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। संयुक्त जाँच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को दोषियों पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई करने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है।

# सुहाग के लिए रखा व्रत



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

वट सावित्री का व्रत बहुत ही शुभ माना जाता है। वेद, पुराण के अनुसार ज्येष्ठ मास में पड़ने वाली अमावस्या महत्वपूर्ण है। इस बार अमावस्या गुरुवार को पड़ी। सुहागन महिलाएं सुबह से ही श्रृंगार कर वट वृक्ष की पूजा के लिए पहुंची। मान्यता है कि इस दिन किया गया व्रत पूजा-पाठ, स्नान-दान इत्यादि का फल अक्षय होता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए वट वृक्ष की पूजा करती है। आज वट सावित्री व्रत के साथ ही इसके साथ ही इस दिन शनि जयंती भी थी। शनि दोष से मुक्ति और धन-समृद्धि प्राप्त करने लिए यह खास दिन माना जाता है।

# महिला आरटीओ कर्मी से बदतमीजी दलाल के खिलाफ एफआईआर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में पदस्थ एक महिला कर्मचारी के साथ गाली-गलौज करने और अभद्र व्यवहार करने के मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महिला कर्मी का आरोप है कि आफिस में कार्य करने के दौरान न सिर्फ आरोपी ने सबके सामने गाली-गलौज की, बल्कि नक्सल क्षेत्र में पदस्थ करने की भी धमकी दी। महिला कर्मचारी के साथ कार्यालय के अन्य कर्मियों ने लालबाग थाना में पहुंचकर शिकायत की है। उक्त घटना बीते 3 जून की बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में डाटा एंट्री आपरेटर के पद पर कार्यरत रेणुका नागदेवे के साथ संजीव अग्रवाल ने बदसलूकी की। महिला कर्मचारी ने लाईसेंस संबंधी स्कूटनी करने की जानकारी देते संजीव अग्रवाल के काम को बाद में करने कहा। ऐसे में तैश में आकर संजीव अग्रवाल ने गाली-गलौज करते हुए महिलाकर्मी को अपमानित किया। सबके सामने हुए इस घटना से महिला सहम गई। आरोपी अग्रवाल द्वारा महिला कर्मी को नक्सल क्षेत्र में भेजने के लिए भी धमकी दी। बताया जा रहा है कि महिला ने इस मामले को लेकर लालबाग थाना में शिकायत की। फिलहाल पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के धाराओं के तहत जुर्म दर्ज किया है। सूत्रों का कहना है कि महिलाकर्मी ने कुछ और मामलों की शिकायत की है। जांच के बाद आरोपी के विरूद्ध धाराएं बढ़ सकती है।

# बंधक बनाए गए तीन युवकों को भुसावल पुलिस ने होटल से छुड़ाया

■ चार आरोपियों को साथ ले जाने की खबर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

रायपुर के कुछ युवकों द्वारा नकली पुलिस बनकर महाराष्ट्र के भुसावल से तीन युवकों का अपहरण करने और राजनांदगांव के एक होटल में बंधक बनाकर रखने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण का खुलासा तब हुआ जब बंधक बनाए गए युवकों को ढूंढती भुसावल पुलिस राजनांदगांव पहुंची। बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र के 3 युवकों को राजनांदगांव की एक निजी होटल में बंधक बनाकर कर रखा गया था। जानकारी है कि ये पूरा मामला ऑनलाईन गेमिंग में लेनदारी से जुड़ा हुआ है और आरोपी इनसे पैसों की मांग कर रहे थे। जानकारी के अनुसार



रायपुर एवं उप्र के चार युवक दिलीप मिश्रा (40), आनंद मिश्रा (24) जिला प्रतापगढ़ उ.प्र., अश्वनी माखिजा (28) तेलीबांधार ायपुर, संजय मिश्रा (32) जिला प्रतापगढ़ ने इस वारदात को अंजाम दिया। आरोपी महाराष्ट्र निवासी किशोर शुबवानी (23), रोहित दड़ा (24), अजय ठाकरे (48) को भुसावल से लेकर राजनांदगांव लाए और उनके परिजनों को फोन कर 25 लाख की मांग की गई। पैसे नहीं देने पर धमकी भी दी गई। सागर कमल लुल्ला द्वारा संबंधित थाना में की गई। उक्त शिकायत पर पुलिस ने धारा 364 ए, 384, 385, 34 के तहत मामला दर्ज किया। बताया जा रहा है कि,युवकों को 2 जून को भुसावल से राजनांदगांव लाया गया तथा एक निजी होटल में रखा गया और लगातार परिजनों से पैसों की मांग की जाती रही। इसके बाद भुसावल पुलिस द्वारा एक टीम बनाकर मोबाइल नंबर ट्रेस करते हुए राजनांदगांव पहुंची और आरोपियों का पता लगाया। जैसे ही लोकेशन ट्रेस हुआ तो भुसावल पुलिस ने शहर की एक निजी होटल में दबिश दी और स्थानीय पुलिस की मदद से छापामार कार्रवाई करते हुए आरोपियों एवं अपहृत युवकों को अपने साथ भुसावल ले गई।

# राष्ट्रीय वयोवृद्ध देखभाल कार्यक्रम के तहत बुजुर्गों का किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिले में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत संचालित शहरी आयुष्मान आयोग्य मंदिर में राष्ट्रीय वयोवृद्ध देखभाल कार्यक्रम सियान जतन क्लीनिक का आयोजन किया गया है। जिसके तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 60 वर्ष उम्र के बुजुर्ग व्यक्तियों का निःशुल्क जांच कर उपचार किया गया और 161 व्यक्तियों का बुजुर्ग कार्ड बनाया गया है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर रेवाडीह में वयोवृद्धों नेत्र जांच किया गया। जांच में मोतियाबिंद के 11 मरीजों को जिला चिकित्सालय जांच हेतु भेजा गया। नेत्र जांच शिविर में कुल 21 बुजुर्ग लाभान्वित हुये और जिन्हें चश्मा वितरण किया गया। इसके साथ ही अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में कुल ओपीडी में 263 बुजुर्गों की जांच की गई। जिसमें उच्च रक्तचाप के 155, मधुमेह के 139 एवं अन्य 90 बुजुर्गों को स्वास्थ्य जीवन शैली के बेहत्तर स्वास्थ्य के लिए योग, नियमित रूप से व्यायाम एवं स्वास्थ्य संबंधित आवश्यक सलाह दी गई। शिविरों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिरी डॉ. नेतराम नवरतन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक भूमिका वर्मा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला प्रबंधक शहरी पूजा मेश्राम एवं चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय के नेत्र सहायक अधिकारी एनआर देशमुख, स्टाफ नर्स एवं समस्त स्वास्थ्य संयोजक एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विरूद्ध कार्रवाई आयुष्मान कार्ड के बाद भी वसूल ली नगद राशि

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ द्वारा जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्टेडियम रोड बसंतपुर राजनांदगांव का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत पंजीयन तीन माह के लिए निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्टेडियम रोड बसंतपुर राजनांदगांव विरूद्ध कैलाश नगर निवासी हिरालाल साहू द्वारा माताजी मरीज टोमन बाई साहू को अस्पताल के जनरल वार्ड में भर्ती कर आईसीयू वार्ड का पैसा आयुष्मान कार्ड से निकालने एवं मरीज का आयुष्मान कार्ड से ईलाज होने के बाद भी नगद राशि लिए जाने के संबंध में शिकायत की गई थी।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्राप्त शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मामले की जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निदेर्शानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने शिकायत की जांच के लिए जिला नोडल अधिकारी (आयुष्मान भारत) डॉ. बीएल तुलावी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय टीम द्वारा मामले की जांच की गई। टीम द्वारा शिकायतकर्ता हिरालाल साहू एवं अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव का बयान लिया गया। प्राप्त साक्ष्यों की जांच करने पर स्पष्ट हुआ कि अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव द्वारा मरीज टोमन बाई साहू को अस्पताल के जनरल वार्ड में भर्ती कर आईसीयू वार्ड का पैसा मरीज के आयुष्मान कार्ड से ब्लॉकिंग किया गया हैं। साथ ही मरीज के परिजन द्वारा दो यूनिट ब्लड बिलासा ब्लड बैंक राजनांदगांव से स्वयं के व्यय पर लाया गया। इसके बाद भी अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीज के आयुष्मान कार्ड से दो यूनिट ब्लड ट्रांसफ्यूजन किये जाने हेतु योजनांतर्गत ब्लॉकिंग किया गया हैं। इसके साथ ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीज के परिजन से जांच हेतु नगद राशि भी लिया गया हैं, जो कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत शासन द्वारा निर्धारित नियम के विरूद्ध हैं। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ रायपुर को जिला स्तरीय गठित टीम द्वारा जांच प्रतिवेदन तैयार कर जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत पंजीयन 3 माह हेतु निलंबित किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुशंसा पत्र प्रेषित किया गया था। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा जिला स्तरीय गठित जांच समिति द्वारा प्रेषित जांच प्रतिवेदन के आधार पर अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्टेडियम रोड बसंतपुर राजनांदगांव को पत्र जारी कर योजना के दिशा-निर्देशानुसार मरीज के परिजनों से ली गई अतिरिक्त नगद राशि वापस करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही अस्पताल का योजनांतर्गत पंजीयन आगामी 3 माह के लिए निलंबित किया गया हैं। अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव को निलंबन अवधि के दौरान अस्पताल में उपयोग की जाने वाली योजना संबंधी समस्त प्रचार-प्रसार सामग्री हटाने एवं योजनांतर्गत नये क्लेम प्रकरण पंजीकृत नहीं करने हेतु भी निर्देशित किया गया हैं।

# पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन प्रस्ताव 20 अगस्त तक आमंत्रित

**राजनांदगांव।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 के लिए पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म पुरस्कार के लिए ऑनलाईन नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित की गई है। जिले के योग्य एवं पात्र व्यक्तियों से पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में 20 अगस्त 2024 तक जिला कार्यालय राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 94 में आमंत्रित की गई है। ऑनलाईन नामांकन व सिफारिश की क्रमवार प्रक्रिया पोर्टल https://awarçs.gov.in पर बताई गई है। पद्म पुरस्कारों से संबंधित विधान एवं नियमावली वेबसाईट https://paç-maawarçs.gov.in पर उपलब्ध है।

## पहले भी असामाजिक तत्वों ने पहुंचाया था नुकसान

# मेजर ध्यानचंद स्मारक में तोड़फोड़, प्रशासन से शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

हॉकी की नर्सरी के तौर पर जाने जाने वाले राजनांदगांव में गौरव पथ स्थित हॉकी के जादूगर स्व.मेजर ध्यानचंद के स्मारक स्थल में असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ की है। यह करतूत पहली बार नहीं की गई है। लगातार हॉकी संघ और खिलाड़ी यहां समुचित सुरक्षा व्यवस्था की मांग करते रहे हैं। गुरुवार को एक बार फिर यह घटना सामने आने के बाद हॉकी संघ, खिलाड़ियों और पार्षद ने जिला प्रशासन, पुलिस और निगम को इस संबंध में अलग-अलग ज्ञापन सौंपा है। दरअसल, यहां असामाजिक तत्वों ने मेजर ध्यानचंद के स्मारक में लगी रेलिंग को तोड़ दिया। इसे चुराने की कोशिश की गई लेकिन वे असफल रहे। इस घटना से खिलाड़ियों और हॉकी प्रेमियों की



भावनाएं आहत हुई है। विश्व के महान हॉकी खिलाड़ी का ये अपमान दुःखद है। इस स्मारक में स्व. मेजर ध्यानचंद के साथ ही राजनांदगांव के हॉकी खिलाड़ी रहे ओलंपियन ऐरमन बेस्टियन और आरएन पटेल भी स्थापित है। पहले ही इन प्रतिमाओं के पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका है। गुरुवार को जिला हॉकी संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर संयुक्त कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय को स्मारक के जीर्णाद्धार और यहां समुचित सुरक्षा व्यवस्था के लिए सौंपा और चर्चा की। संघ ने बताया कि कलेक्टर ने गौरव पथ स्थित स्मारक स्थल कीजल्द से जल्द मरम्मत कार्य करने हेतु नगर निगम को निर्देशित भी किया है। संघ के पदाधिकारियों ने स्मारक को बार बार क्षति पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी पुलिस प्रशासन से की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा से मिलकर संघ ने शिकायत रखते हुए मांग की है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर के निर्देश बसंतपुर थाना प्रभारी को दिए गए हैं। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, सचिव शिवनारायण धकेता, उपाध्यक्ष भूषण साव, पूर्व अध्यक्ष नीलम चंद जैन, अनुराज श्रीवास्तव, प्रिंस भाटिया, शकील अहमद, आशीष सिन्हा, कृष्ण यादव,अमित वर्मा आदि ने यह शिकायत की है।

### पार्षद ने निगम को लिखा पत्र

इधर, वार्ड पार्षद ऋषि शास्त्री ने तत्काल मेजर ध्यानचंद स्मारक के जीर्णोद्धार और यहां सुरक्षा हेतु चौकीदार की नियुक्ति की मांग निगम प्रशासन से की है। ऋषि ने इस मामले पर लिखा है कि, यहां लगातार असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ की जाती है। जबकि स्मारक की सुरक्षा व्यवस्था हेतु कोई उपाय नहीं किए गए हैं। यहां सीसीटीवी लगवाने की भी मांग की गई है।

# श्रमिकों का पंजीयन कर योजनाओं से किया जाएगा लाभान्वित

**राजनांदगांव।** श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के तहत विभिन्न प्रवर्गों के श्रमिकों का पंजीयन कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। विभागों से संबंधित प्रवर्गों में श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीयन कराने कहा गया है। जिसके तहत बुनकर, कचरा बिनने वाले, फूटकर सब्जी, फल-फूल विक्रेता, सफाई कामगार, वनोपज में लगे मजदूर, मछुआरा, पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पलन, बतख पालन में करने वाले एवं मजदूर खेतीहर मजदूर, मितानीन, रसोईया, सामाचार-पत्र बांटने वाले हॉकर, कोटवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, मोची, नाई, धोबी सहित अन्य प्रवर्ग में कार्य करने वाले श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीयन लोक सेवा केन्द्र अथवा श्रमेय ऐप (मोबाईल ऐप) के माध्यम से पंजीयन किया जा सकता है।

# दिव्यांगजनों के लिए 19 से 31 जुलाई तक शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, मूल्यांकन, परीक्षण, प्रमाणीकरण एवं विशिष्ट पहचान पत्र बनाने एवं पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन तथा विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए 19 जून से 31 जुलाई 2024 तक सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जनपद पंचायतवार शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही दिव्यांगजनों की शारीरिक समस्याओं को कम करने एवं उनकी गतिशीलता में वृद्धि करने के लिए दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 19 जून 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 26 जून 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 29 जून 2024 तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरगी, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 3 जुलाई 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुज्जी, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत 10 जुलाई 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेलरगोंदी, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 20 जुलाई 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लालबहादुर नगर, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत 24 जुलाई 2024 को 24 जुलाई 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 31 जुलाई 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ में शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सचिवों को शिविर का प्रचार-प्रसार करने तथा दिव्यांगजनों को निकट के शिविर स्थल पर लाने व ले जाने के निर्देश दिए हैं।

# मोटर सायकल से भारी मात्रा में गांजा की तस्करी कर रहा अंतरराज्यीय तस्कर किशोर साहू गिरफ्तार

## अभियुक्त गांजा को ओड़िसा से छत्तीसगढ़ के जिलों में खपाने के लिये ला रहा था

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा गांजा तस्कर, नशीली दवाओं के तस्कर एवं पशु तस्करों की पतासाजी हेतु सायबर सेल को सम्मिलित कर विशेष अभियान चलाया गया है। जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को मुखबीर लगाकर एवं तस्करी की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही करने एवं तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ओड़िसा की ओर से एक व्यक्ति मोटर सायकल क्र. OD 16 D 9077 में सीट के पीछे भारी मात्रा में गांजा की तस्करी करते हुये फरसाबहार की ओर आ रहा है, इस सूचना को थाना प्रभारी फरसाबहार द्वारा पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह को अवगत कराया गया एवं उनके निर्देशन में तत्काल उप निरीक्षक विवेक भगत के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर मुखबीर की सूचना अनुसार



मुण्डाडीह चौक में नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों की बारीकी से चेकिंग की जा रही थी, इसी दौरान रास्तें में मोटर सायकल क्र. OD 16 D 9077 में सवार एक व्यक्ति तेज गति से आया, जिसे पुलिस टीम द्वारा रोककर उसका नाम पूछने पर अपना नाम किशोर साहू बताया, उस व्यक्ति से गांजा रखने के संबंध में पूछताछ कर गवाहों के समक्ष उसके बाईक में पीछे तरफ सफेद प्लास्टिक बोरी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 15 पैकेट भूरे रंग सेलोटेप में चिपका हुआ मादक पदार्थ गांजा 15.442 किलोग्राम कीमती 1,54,000 /- (एक लाख चौवन हजार रू.) का मिलने पर उसे मोटर सायकल सहित जप्त कर अभियुक्त को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में किशोर साहू ने उक्त गांजा को ओड़िसा से तस्करी करते हुये छत्तीसगढ़ में खपाने के लिये ला रहा था। अभियुक्त किशोर साहू उम्र 37 साल निवासी ग्राम रस्टी थाना किंजिरकेला जिला सुंदरगढ़ (ओड़िसा) का कृत्य धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने पर उसे दिनांक 06.06.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं गिरफ्तारी में थाना प्रभारी फरसाबहार उप निरीक्षक विवेक भगत, आर. 601 सुरेश एक्का, आर. 545 नीरज कुमार तिर्की, आर. 620 ईश्वर साय पैंकरा, आर. 648 आलोक मिंज, आर. 584 शिवपूजन साय पैंकरा, आर. 667 देव सिंह एक्का, आर. 788 बागेश्वर साय पैंकरा एवं एक गोपनीय सैनिक का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने कहा कि "गांजा तस्करों के विरूद्ध जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों की सूचना मुझे देवें, सूचना देने वाला का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा एवं उन्हें पुरस्कृत किया जावेगा।

# अखरार में 39 लाख से अधिक की धोखाधड़ी पर धान खरीदी प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

- कलेक्टर के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा अनियमितता को लेकर बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला प्रशासन मुंगेली द्वारा समिति में रखे धान में अनियमितता को लेकर बड़ी कार्यवाही की गई है। विकासखण्ड लोरमी के ग्राम अखरार के सेवा सहकारी समिति में 39 लाख रूपये से अधिक की धोखाधड़ी एवं गबन के मामले पर धान खरीदी प्रभारी दिलीप जायसवाल और कम्प्यूटर ऑपरेटर राजेन्द्र जायसवाल के विरूद्ध थाना चिल्फी में प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराया गया है। बता दें कि कलेक्टर ने समितियों से शेष बचे धान का शीघ्र उठाव करने और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। एसडीएम लोरमी गिरधारी लाल यादव ने बताया कि सेवा सहकारी समिति मर्यादित अखरार में भौतिक सत्यापन के दौरान कुल 1268.10 क्विंटल धान की कमी पाई गई, जिसकी कुल राशि 39 लाख 31 हजार 110 रूपये है। वहीं सहायक आयुक्त सहकारिता हितेश श्रीवास ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर जिले में धान उठाव के लिए विभागीय टीम लगी हुई हैं। उसी क्रम में अखरार खरीदी केंद्र की शिकायत मिलने पर सहकारिता विस्तार अधिकारी एन. के. कश्यप एवं पर्यवेक्षक विजय कुमार रात्रे द्वारा मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन व जांच किया गया, जिसमें अनियमितता की शिकायत सही पाई गई और लगभग 1268.10 क्विंटल धान की अनियमितता के लिए खरीदी प्रभारी और ऑपरेटर को दोषी पाया गया, जिसके बाद एफआईआर दर्ज कराने हेतु आदेश जारी किया गया। शाखा प्रबंधक डिंडौरी गौकरण सिंह चतुर्वेदी के लिखित आवेदन पर धान खरीदी प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के विरूद्ध धोखाधड़ी एवं गबन करने के संबंध में थाना चिल्फी में अपराध पंजीबद्ध कराया गया है।

## बालक क्रीड़ा परिसर में भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया 20 व 21 जून को

**मुंगेली।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अनुसूचित जाति बालक क्रीड़ा परिसर मुंगेली में भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया का आयोजन 20 एवं 21 जून को जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त एल. पी. पटेल ने बताया कि चयन के लिए बालक की उम्र 12 से 14 वर्ष होनी चाहिए। इच्छुक विद्यार्थियों को उत्तीर्ण कक्षा की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के साथ 01 फोटो लाना होगा। आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय आदिवासी विकास विभाग कक्ष क्रमांक 221 व 226 में सम्पर्क कर सकते हैं।

# जिला सीईओ ने किया अमृत सरोवर, आवास, मनरेगा और एसबीएम के कार्यों का निरीक्षण'

## 'डोर-टू-डोर सर्वे कर निर्माणाधीन आवास को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश'

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने मुंगेली एवं पथरिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में अमृत सरोवर, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा और स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम रामगढ़, कपुवा, भठली एवं बेलखुरी में आदर्श अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।



साथ ही निर्माण एजेंसी को बारिश के पूर्व शासन स्तर से प्राप्त मानक अनुरूप अमृत सरोवर में दस हजार घन मीटर जल धारण क्षमता इनलेट-आउटलेट, फलदार वृक्षारोपण, सौन्दर्यीकरण एवं स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम कपुवा, भठली एवं बेलखुरी में डोर टु डोर सर्वे कर आवास योजना के हितग्राहियों से चर्चा कर निर्माणाधीन आवास के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम कपुवा में वृहद रूप में वृक्षारोपण के लिए स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जनपद पंचायत पथरिया के सीईओ प्रदीप कुमार प्रधान, जिला पंचायत के एपीओ मनरेगा जिला समन्वयक, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी एवं संबंधित तकनीकी सहायक, ग्राम के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक मौजूद रहे।

# राजनीति विज्ञान के प्रो अशोक कुमार गुप्ता हुए सेवानिरवित्त

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



शास एसएनजी महाविद्यालय में राजनीती विज्ञान के प्रो अशोक कुमार गुप्ता की अर्द्ध वार्षिकी आयु पूर्ण होने पर महाविद्यालय परिवार द्वारा विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महाविदलय के प्राचार्य से लेकर सभी स्टाफ ने तिलक पुस्पमाला, पुष्पगुच्छ और तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात महाविदालय के प्राचार्य डा रजत दवे द्वारा प्रो अशोक गुप्ता के द्वारा अपने दायित्व का लगन मेहनत और ईमानदारी से अपने 40 साल तक सफलता पूर्वक निर्वहन करने पर बधाई दिया गया प्रो पी के देवांगन द्वारा सेवानिर्वित्त को प्रशासन का सामान्य प्रक्रिया बताते हुए महाविधालय को अपने ज्ञान और अनुभव की समय समय मार्गदर्शन देने की बात कही गई और स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की बधाई दी। डा सजल त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि गुप्ता सर ने केवल महाविधालय में नहीं बल्कि पूरे मुंगेली नगर और प्रदेश भर में उनकी अलग पहचान की चर्चा की गई साथ ही उनके पढ़ाए गए विदार्थी आज अनेक क्षेत्रों में अपनी सेवा दे रहे हैं कहकर बात कही गई प्रो जे पी उपाध्याय ने उसके त्याग भावना पर चर्चा करते हुए कहते हुए संसाधन संपन्न होने के बावजूद अनुशासित जीवन द्वारा प्रेरणा देने की बात कही व उनके महाविधालय में अमिट छाप की बात कही गई। डा मुकेश मिश्रा प्रो प्रदीप पांडे प्रो गोचंद पटेल प्रो मन्ना पटेल मिथलेश राजपूत प्रो केशव जायसवाल स्पोर्ट ऑफिसर सी पी सिंग ग्रंथपाल रंजीत कुमार लेखापाल आर के वर्मा मनीष गुप्ता राकेश यादव ओमप्रकाश सुधा शर्मा प्रहलाद बेस शिवनारायण जीवन मरावी प्यारेलाल कमला ने उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की बधाई दी और अंत में साल श्रीफल स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन प्रो बृजेश उपाध्याय द्वारा किया गया उन्होंने भी गुप्ता के वक्तित्व और चरित्र पर प्रकाश डाला गया।

# क्रीडा भारती जिला कार्यकरिणी की घोषणा,गोपेश्वर कहरा के मार्गदर्शन में अरुण बनाये गए संरक्षक

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



क्रीडा भारती खेल एवम खिलाडियों के विकास के लिए समर्पित व संकल्पित सस्था है। इसका उद्देश्य खेल के माध्यम से समाज में समरसता लाकर खिलाडियों की उन्नति प्रगति के लिए कार्य करना है। छत्तीसगढ़ क्रीडा भारती के प्रांत मंत्री सुमित उपाध्याय व प्रदेश उपाध्यक्ष गोपेश्वर कहरा के मार्गदर्शनुसार जांजगीर चांपा की कार्यकरिणी का गठन किया गया है, कार्यकरिणी में जिला संरक्षक अरूण झाझडिया जिला अध्यक्ष राजीव ठाकुर को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष कृष्णा देवांगन जिला संयोजक योगेश चौरसिया सहसंयोजक प्रदीप राठौर जिला मंत्री अजीत गढ़वाल को बनाया गया है। जिला उपाध्यक्ष पुस्कर दिनकर पामगढ़ राजेश राठौर राकेश गढ़वाल पलाश चंदेल गौरव कटकवार अशोक साहू देवा गढ़वाल दीपक खरसन अमित यादव संजना साहू को बनाया गया है। प्रशिक्षण प्रमुख सहसचिव चंद्रजीत सोनवान सोमदेव कुमार संगठन मंत्री शिव कश्यप प्रचार सचिव के लिए गायत्री सारथी को जिम्मेदारी दी गई है,बौद्धिक प्रमुखअवधेश कहरा प्रशिक्षण प्रमुख कुणाल वर्मा पंकज कश्यप महिला प्रमुख मंजुला पांडेय प्रमुख सलाहकार कृष्णा गढ़वाल गुलाब दीवान धर्मेंद्र शर्मा सतीश शर्मा को बनाया गया है। कार्यकरिणी में 15 खिलाडियों को स्थान दिया गया है।।

# कलेक्टर ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने पर जताया आभार




पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होने पर जिले के सभी नागरिकों, राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियोंऔर मीडिया प्रतिनिधियों को धन्यवाद देते हुए आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जिले में सभी के सहयोग से लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ है। सभी ने टीम भावना से जवाबदारीपूर्वक निर्वाचन कार्य में भागीदारी दी। कलेक्टर ने कहा कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का निर्वाचन कार्य में पूर्ण सहयोग मिला। मीडिया प्रतिनिधियों ने निर्वाचन में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई। जिले के मतदाताओं ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शांतिपूर्ण मतदान कराने में भी सहयोग दिया। निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ निर्वाचन कार्य को पूरा किया। उन्होंने शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा बलों के जवानों की भी सराहना की।

# कोटा रतनपुर मार्ग के टुटे पुल के शीघ्र निर्माण के लिए राशि जारी करने अटल श्रीवास्तव ने उपमुख्यमंत्री एवं सचिव को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ कोटा
www.dailypioneer.com

रतनपुर कोटा मुख्य मार्ग के चांपी जलाशय में स्थित सेतु विगत वर्षो से टूट गया है। रतनपुर कोटा मार्ग बिलासपुर रतनपुर कोटा लोरमी को जोड़ने वाला एक मात्र मुख्य मार्ग है,जिसमे प्रतिदिन हजारो राहगीर आवागमन करते है। सेतु टूट जाने के कारण यात्रियों को दुर एवं दुर्गम मार्ग से सफर तय करना पड़ता है,जिससे राहगीरों को अत्यंत समस्या का सामना करना पड़ता है।टुटे पुल के



निर्माण हेतु वर्ष 2023-24 के अनुपूरक बजट में शामिल तो किया गया था,किन्तु प्रशासकीय स्वीकृति आज तक जारी नही होने से पुल का निर्माण नही हो रहा है। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा पुल के निर्माण हेतु शीघ्र प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरूण साव एवं लोक निर्माण विभाग के सचिव को पत्र लिखा गया है।पूर्व में पुल के निर्माण नही होने को लेकर अटल श्रीवास्तव द्वारा विधानसभा में भी ध्यान आकृष्ट किया गया था,जिसमें सेतु निर्माण स्वीकृत होना प्रतिउत्तरीत किया गया है।

## बाल पुरस्कार के लिए आनलाईन आवेदन 31 जुलाई तक'

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु आनलाईन आवेदन पद पर 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2025 में खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति तथा नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 से 18 वर्ष के बच्चों को 26 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत 05 से 18 वर्ष के बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उत्कृष्टता को मान्यता प्रदान करने के लिए दिया जाता है। अधिक जानकारी के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय कक्ष क्रमांक 256 में सम्पर्क किया जा सकता है।

# वट सावित्री पर्व पर वैवाहिक सुखी जीवन एवं पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ वटवृक्ष के नीचे महिलाओं की भीड़ रही

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

नगर में वट सावित्री पर्व पर महिलाओं द्वारा वैवाहिक सुखी जीवन एवं पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ वटवृक्ष की विशेष पूजा अर्चना दिन भर की जाती रही। सुहागिन महिलाएं सुबह से ही स्नान कर, नये वस्त्र धारण कर, सोलह श्रृंगार कर, वटवृक्ष की पूजा करने के पश्चात जल ग्रहण की। नगर में इस पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। मंदिरों में स्थित वटवृक्ष के नीचे महिलाओं की भीड़ रही। अपने पति की रक्षा के लिए एवं दीघार्य के लिए प्रार्थना करती रही। नगर के पुराना बस स्टैण्ड स्थित सांई मंदिर के पास, बालानी चैक देवांगन मोहल्ला, बड़ा बाजार, नया बस स्टैण्ड, फोकटपारा आदि स्थल पर महिलाओं ने बरगद पेड़ की पूजा- अर्चना करती रही के दिन वट या बरगद पेड़ का विशेष महत्व होता है। ना पुराणों के अनुसार बरगद के वृक्ष में नी ब्रम्हा, विष्णु, महेश तीनों वास करतेहैं। इसके नीचे बैठकर व्रत, पूजा करने से व कथा



सुनने से मनोकामना पूर्ण होती है। जेठ महीने के तीसरे पक्ष के अमावस्या को महिलाएं दीर्घ वैवाहिक जीवन की कामना से वटवृक्ष की पूजा अर्चना कर व्रत करती है। लोक कथा है कि सावित्री ने वटवृक्ष के नीचे पड़े अपने मृत पति सत्यवान को यमराज से जीत लिया था। सावित्री के दृढ़ निश्चय व संकल्प की याद में इस दिन महिलाएं सुबह से स्नान कर नए वस्त्र धारण कर सोलह श्रृंगार करती हैं। वटवृक्ष की पूजा करने के बाद महिलाओं ने जल ग्रहण किये। वट सावित्री व्रत में वट और सावित्री दोनों का महत्व माना गया है। इसपूजा में महिलाएं 24 बरगद फल और 24 पूरियां अपने आंचल में रखकर 12 पूरी व 12 बरगद वृक्ष में चढ़ाई। वृक्ष में एक लोटा जल चढ़ाकर हल्दी रोली लगाकर फल-फूल दीप से पूजन कर कच्चे सूत को हाथ में लेकर वृक्ष की परिक्रमा की।
हर परिक्रमा पर एक चना वृक्ष में चढ़ाई और सूत या मूली डोरा तने पर लपेटी परिक्रमा पूरी होने के बाद वे सत्यवान व सावित्री की कथा सुनी हैं फिर बारह तार वाले एक माला को वृक्ष पर चढ़ाई। इस वर्ष यह पर्व व्रत 06 जून शुक्रवार को पड़ा, इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं दिनभर व्रत रखने के बाद विधि- विधान से वटवृक्ष की पूजा अर्चना की।
पूजा में महिलाएं चूड़ी, सिंदूर, बिंदी, आल्ता समेत अन्य सुहाग की सामग्री भी चढ़ाई। पूजा के बाद महिलाएं एक-दूसरे को कुमकुम लगाई और अपनी सास से आशीर्वाद भी लिये। पूजा-अर्चना समाप्त होने के बाद ही महिलाएं जल ग्रहण की और व्रत पारणा की। इस दिन घरों के अलावा मंदिरों में भक्तिमय माहौल बना रहा। जिन मंदिरों में बरगद और पीपल के वृक्ष हैं, वहां तो महिलाओं की भीड़ लगी रही।

## जिले के पर्यावरण अधिकारी सहित वेलकम फैक्ट्री के सीईओ की रही मौजूदगी

# विश्व पर्यावरण-दिवस पर वेलकम-डिस्टलरी में पौधारोपण-कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ करगीरोड-कोटा
www.dailypioneer.com

पूरे साल भर पर्यावरण प्रदूषित करके हम और आप 05-जून को फ्लेक्स बैनर बड़े बड़े स्लोगन पौधे बांटने सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित करते हुए विश्व-पर्यावरण दिवस मनाते है..मौजूदा समय में पर्यावरण-संरक्षण की दिशा में पर्यावरण बचाने पेड़-पौधे लगाने प्लास्टिक का उपयोग कम करने के साथ साथ काफी सारी ज्ञानवर्धक लेख ज्ञान की बाते विश्व-पर्यावरण दिवस के दिन ही बुद्धजीवी-वर्ग के लोग करते है..कोटा सहित कोटा से लगे आसपास के ग्रामीण इलाकों की बात करें तो जिस तरह से यहां के खनिज संपदाओं का अवैध व अंधाधुंन्ध दोहन कर पहाडों को नष्ट कर दिया जा रहा है..सडक निर्माण और निजी-स्वार्थ के चलते हजारों पेडों की बलि दे दी जा रही है..रसूखदार लोगो द्वारा कोटा सहित



कोटा से लगे ग्रामीण-इलाको के कुछ ग्राम-पंचायतों के सरपंचों को भारी-भरकम लाखो रूपए की राशि देकर उनसे एनओसी लिया जा रहा है..कोल-माफियाओ द्वारा इस पूरे इलाके को कोयला-हब के रूप में विकसित करनें का भरपूर प्रयास किया जा रहा है, निकट-भविष्य में इसके दुष्परिणाम देखने को मिल सकता है..जिस प्रकार से गर्मी के साथ-साथ हर वर्ष तापमान लगातार बढ़ते जा रहा है। पर्यावरण-संरक्षण बनाए रखने के की दिशा में कोटा के छेरकाबांधा स्थित वेलकम-डिस्टलरीज फैक्ट्री प्रबंधन नें 05 जून विश्व पर्यावरण के अवसर पर वृहद वृक्षारोपण एवं पर्यावरण-संतुलन को बनाए रखने कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें बिलासपुर जिले के पर्यावरण-विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे पर्यावरण बचाए रखने प्लास्टिक का उपयोग कम करने लोगो को जागरूक किया गया विश्व-पर्यावरण दिवस के मौके पर वेलकम फैक्ट्री में वृक्षारोपण करनें एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने बिलासपुर पर्यावरण अधिकारी अदिति देवांगन, विंदेश्वरी-चंद्राकर एवं फैक्ट्री के सीईओ साजू थ्रीलोचन सुदीप-मिश्रा अभिषेक-वर्मा एवं प्रबंधन के कर्मचारी व पंचायत के लोग उपस्थित रहे और पेड़ लगाए जिसमें फलदार सहित अलग-अलग पौधें शामिल थे।

### वेलकम-प्रबंधन के सीईओ ने कहा:

वेलकम के सीईओ साजू-थ्रीलोचन नें बताया कि प्रतिवर्ष हम पंचायत की मदद से वृक्षारोपण करते है..आज इस विशेष-दिवस पर हमने पर्यावरण अधिकारी की उपस्तिथि व वेल्कम के समस्त स्टाफकी मौजूदगी में पेड़ लगाए गए साथ ही लगाए गए इन पेड़ो की विशेष रुप से देखभाल किया जाएगा हमारा प्रयास पर्यावरण संतुलन बनाए रखने एवं हरियाली-युक्त वातावरण की दिशा में कार्य करते रहना है।

# कलेक्टर ने पालक-शिक्षक बैठक नियमित रूप से कराए जाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर राहुल देव ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में पालक-शिक्षक बैठक नियमित रूप से कराए जाने के निर्देश दिए हैं।
उन्होंने कहा है कि पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की सम्भावनाओं का आकलन कर पालकों के साथ समन्वय स्थापित कर परिणाम उन्मुखी प्रयास के लिए पालक-शिक्षक बैठक अति आवश्यक है। उन्होंने संकुल स्तर पर 09 अगस्त को प्रथम मेगा बैठक, विद्यालय स्तर पर द्वितीय बैठक तिमाही परीक्षा के पश्चात 10 दिवस के भीतर और तृतीय बैठक छैमाही परीक्षा के पश्चात 10 दिवस के भीतर आयोजित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि पालक-शिक्षक बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय एवं पालकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना, बच्चों की सम्पूर्ण गतिविधियों से पालकों को अवगत कराना, शिक्षक एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करना, बच्चों की काउंसलिंग कर उन्हें तनाव से मुक्त कराना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप ड्राप आउट रोकने के लिए पालकों की भूमिका सुनिश्चित करना है।

# महिलाओं के खाते में आ रही खुशियां, महतारी वंदन से महिला सशक्तिकरण की राह मजबूत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में विष्णु देव साय सरकार 70 लाख महिलाओं के खाते में हर महीने एक हजार रुपए अंतरित कर रही है। इस योजना से न केवल महिलाओं को खर्च करने के लिए अपनी स्वयं की राशि मिली है अपितु परिवार भी आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत हुए हैं। पूरे प्रदेश में महतारी वंदन योजना आने के बाद महिलाओं द्वारा इस राशि के उपयोग पर नजर डालें तो पाएंगे कि महिलाएं हमेशा की तरह इसमें से कुछ हिस्सा भविष्य की जरूरतों के लिए सुरक्षित रख रही हैं। डाकघरों में महिलाओं ने बड़े पैमाने पर आरडी शुरू किये हैं और प्रदेश के हर डाकघर में महिलाओं की लंबी लाइनें नजर आती हैं। महिलाएं न केवल भविष्य की जरूरतों के अनुरूप इसे बचा रही हैं अपितु परोक्ष रूप से राष्ट्र के सकल घरेलू बचत में भी अपना योगदान दे रही हैं। सकल घरेलू बचत का प्रतिशत जितना मजबूत होगा, अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रवाह के दृष्टिकोण से भी यह अच्छा होगा। रायपुर, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में म्यूच्युअल फंड के माध्यम से एसआईपी का ट्रेंड भी है। महिलाएं शेयर बाजार का लाभ उठाना चाहती हैं और इसके लिए म्यूच्युअल फंड के माध्यम से इसमें प्रवेश कर रही हैं। अभी तक का ट्रेंड रहा है कि दीर्घावधि के लिए एसआईपी रिटर्न के मामले में काफी उपयोगी रहा है। दूसरा ट्रेंड शिक्षा में निवेश को लेकर है, जिन महिलाओं के बच्चे प्री ग्रेज्युएट एवं ग्रेज्युएट स्तर पर दी जाने वाली परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए वे महतारी वंदन योजना के माध्यम से अर्जित की गई राशि का निवेश कर रही हैं। इसके माध्यम से वे कोचिंग आदि का मासिक खर्च उठा रही हैं और किताबों आदि की व्यवस्था अपने बच्चों के लिए कर रही हैं। महतारी वंदन योजना की राशि को खर्च करने का एक तीसरा तरीका भी महिलाओं ने निकाला है। वे उद्यमशीलता के रास्ते पर बढ़ी हैं। उद्यमशीलता के लिए जरूरी सिलाई मशीन जैसे उपकरण ईएमआई में खरीद रही हैं और हर महीने राशि का भुगतान महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि से कर रही हैं। महिलाएं बताती हैं कि बीते एक दशक में प्रधानमंत्री मोदी जी की कार्यशैली को देखा है। वे जो कहते हैं उसे पूरा करते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ की महिलाओं से वायदा किया था कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत एक हजार रुपए की राशि हर महीने महिलाओं के खाते में अंतरित कराएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने छत्तीसगढ़ की कमान सम्हालते ही बहुत जल्दी यह योजना लागू कर दी और महिलाओं ने कहा कि हमारे खाते में हर महीने यह राशि आ रही है। साय सरकार हर महीने प्रदेश की माताओं-बहनों के खाते में एक हजार रुपए के रूप में खुशियां भेज रही हैं और महिलाएं इनसे खुशियां खरीद रही हैं। छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति को मजबूत करने, उनके जीवन में उत्साह भरने में यह योजना बहुत अहम साबित हो रही है।




## नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं के लिए अधोसंरचनात्मक कार्यों पर हुआ विचार-विमर्श



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

विकसित छत्तीसगढ़ बनाने को लेकर विजन डाकूमेंट तैयार करने के लिए ग्रामीण एवं नगरीय अधोसंरचना वर्किंग ग्रुप के सदस्यों ने राज्य नीति आयोग में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से अधोसरंचना निमार्ण के कार्यो पर विचार विमर्श किया। बैठक नीति आयोग के सदस्य डॉ. के सुब्रमण्यम भी उपस्थित थे। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक ने सड़क, पेयजल, आवास सहित अन्य नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने के कार्यो के लिए महत्वपूर्ण जानकारी रखी। मुख्यमंत्री के सचिव एवं नगरीय प्रशासन तथा विकास विभाग के सचिव बसवराजू. एस ने नगरीय क्षेत्रों में रोड, पेयजल ड्रेनज सिस्टम, सालिड बेस्ट मैनेजमेंट सीवरेज वाटर ट्रीटमेंट सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की। जल संसाधन विभाग के विशेष सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो ने सिंचाई सुविधा सहित जल स्त्रोतों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक ने पेयजल योजनाओं के लिए जरूरी जानकारी दी। बैठक में सदस्यों ने ट्रांसपोर्ट, हाऊसिंग, पावर, वाटर और सेनीटेशन के संबंध में अपने सुझाव रखे। बैठक में परिवहन, लोक निर्माण, ऊर्जा, हाऊसिंग सहित अन्य विभाग के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ विजन डाक्यूमेंट तैयार करने के संबंध में विभागीय जानकारी प्रस्तुत की।

## लेखा प्रशिक्षण परीक्षा नवम्बर-2023 से फरवरी-2024 का परीक्षाफल जारी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत शासकीय सेवकों के लिए लेखा प्रशिक्षण परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष 03 सत्रों (मार्च-जून, जुलाई-अक्टूबर, नवम्बर-फरवरी) में संचालनालय कोष लेखा एवं पेंशन छत्तीसगढ़ द्वारा किया जाता है। इस प्रशिक्षण में राज्य शासन के आधीन कार्यरत सहायक ग्रेड वर्ग-3, अन्य लिपिक वर्गीय कर्मचारी जिन्होंने तीन वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली वे प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु संबंधित कार्यालय द्वारा नामांकित किए जाते है। लेखा प्रशिक्षण परीक्षा में प्रथम प्रयास में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को एक अग्रिम वेतन वृद्धि का लाभ प्रदाय किया जाता है। संचालनालय कोष लेखा एवं पेंशन द्वारा प्रशिक्षण सत्र नवम्बर-2023 से फरवरी-2024 का परीक्षा परिणाम 06 जून 2024 को घोषित किया गया है। संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन महादेव कावरे ने बताया कि उक्त सत्र में कुल 246 परीक्षार्थियों में से 159 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए है।

# राजधानी रायपुर में गैर मान्यता स्कूलों के खिलाफ एनएसयूआई ने काली पट्टी बांध घेरा डीआईओ कार्यालय का किया घेराव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

एनएसयूआई ने कहा रायपुर में तीन से से ज़्यादा ग़ैर मान्यता के प्राइवेट स्कूल संचालित है जिनमें न फ़ीस नियामक लागू है न आरटीई की छात्र है। कृष्णा किड्स एकाडमी और चैतन्य टेक्नो स्कूल जैसे गैर मान्यता स्कूलों का संचालन शिक्षा विभाग की साँठ गाँठ से किया जा रहा है।

एनएसयूई ने ज़िला शिक्षा अधिकारी से कहा कि नये सत्र में इन ग़ैर मान्यता वाले स्कूलों को नियमानुसार मान्यता तो नहीं तो बंद करो। रायपुर के ग़ैर मान्यता वाले स्कूलों को नियमानुसार मान्यता देने या बंद करने की माँग को लेकर छत्तीसगढ़ एनएसयूई ने ज़िला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया प्रदेश प्रभारी हेमंत पाल और प्रदेश सचिव कुणाल दुबे ने आरोप लगाया की राजधानी में गली मोहल्ले में केपीएस के अनेक गैर मान्यता स्कूल चलाया जा रहा है एनएसयूआई लगातार इसकी सूचना कारवाई के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को देते रहा है पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कोई कारवाई नही किया जाता है जिसको लेकर एनएसयूआई ने काली पट्टी बांध कर डीआईओ कार्यालय का घेराव किया है। नियमानुसार छत्तीसगढ़ अशासकीय स्कूल विनिमयन अधिनियम 1975. निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत मान्यता प्राप्त किया बिना रकूल का संचालन किया जा रहा है, इन स्कूलों में फीस नियामक अधिनियम 2020 का भी पालन नहीं किया जा रहा है।अगर नये सत्र में स्कूल खुलने तक ऐसे गैर मान्यता स्कूलों को मान्यता नहीं मिला तो एनएसयूआई ऐसे स्कूलों पर तालाबंदी करेगी । प्रदर्शन में प्रदेश सचिव कुणाल दुबे मोनू तिवारी , वाइस चेयरमैन पुनेश्वर लहरे, जिला सचिव गावेश साहू विधानसभा उपाध्यक्ष विकाश पांडे, मनीष बांधे,तनिष्क मिश्रा अंकित बंजारे , आदि मौजूद थे।









सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403